
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



पार्श्व गायक हंसराज रघुवंशी ने दमदार प्रस्तुतियां दी

## पीएम मोदी का दावा: 11 नवंबर के बाद राजद-कांग्रेस वाले एक-दूसरे का सिर फोड़ने लगेंगे

# आरजेडी ने कांग्रेस की 'कनपटी' पर कट्टा रख सीएम पद का ऐलान कराया

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव में पहले चरण के मतदान से चार दिन पहले आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महागठबंधन के अंदर चल रही खींचतान पर बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने पहले राजद और कांग्रेस को देश के मुद्दे पर घेरा और फिर बिहार चुनाव में खींचतान तक लेकर आए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद के अंदर घमासान मचा हुआ है। अंदर की बात यह है कि नामांकन वापस लेने के एक दिन पहले बंद कमरे में गुंडागर्दी का खेल खेला गया। कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि सीएम ▶▶ शेष पेज 6 पर

*पीएम ने कहा कि राजद और कांग्रेस दो परिवारों के बीच सिमटी हुई पार्टियां हैं। एक बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार और दूसरा देश का सबसे भ्रष्ट परिवार*

**बिहार में फिर से एनडीए सरकार बनने जा रही है**


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में सभा को संबोधित करते हुए।

### राजद वालों ने कांग्रेस से कुछ भी पूछा?

पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस में झगड़ा भयंकर बढ़ गया। न घोषणा पत्र में कांग्रेस की सुनी गई और प्रचार तक में पूछा गया। राजद वालों ने कांग्रेस की कुछ भी नहीं सुनी। एक तरफ सुशासन है। वहीं, दूसरी तरफ जंगलराज का कुशासन। जंगलराज ने बिहार को खोखला कर दिया। कट्टा, कटुता, क्रूरता, ▶▶ शेष पेज 6 पर

» *हम लोगों ने एक करोड़ नौकरी देने का वादा किया है*

» *एक करोड़ बहनें लखपति दीदी बनेंगी*

### हमें मगध को और बिहार को फिर वही पुराना गौरव लौटाना है

पीएम ने मगही भाषा में लोगों को नमन किया। कहा कि यह मगही पान की धरती है। मैं तो बनारस का सांसद हूं। मगही पान और बनारस का संबंध हम ▶▶ शेष पेज 6 पर

### मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का दूसरा दिन

## भव्य महानाट्य 'विक्रमादित्य' की प्रस्तुति से बिखरी मनमोहक छटा

» *मंच पर 150 कलाकारों का रंगारंग आयोजन*

» *संगीत और संस्कृति का संगम*


भव्य महानाट्य 'विक्रमादित्य' की मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह की दूसरी संध्या सुर, संगीत और रंगमंच की अनोखी शाम बनी। कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक हंसराज रघुवंशी ने अपनी सुरीली आवाज़ में भोलेनाथ के भजनों से वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। उनकी प्रस्तुति पर दर्शक झूम उठे। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा स्थल गूंज उठा। इसके बाद मंच पर 150 कलाकारों ने मिलकर भव्य महानाट्य 'विक्रमादित्य' की मनमोहक प्रस्तुति दी। सीएम डॉ. मोहन यादव ने उपस्थित कलाकारों का अभिनंदन कर इस आयोजन के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण



**बालाघाट।** जिले में पहली बार किसी महिला नक्सली ने आत्मसमर्पण किया है। जिले के लिए यह एक महत्वपूर्ण घटना है। महिला नक्सली सुनीता ने हॉकफोर्स के सहायक सेनानी के समक्ष मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया। सुनीता ने 1 नवंबर को जिले के चौरिया में बन रहे हॉकफोर्स के कैंप में आत्मसमर्पण किया।

### पाठक को एक करोड़ का मानहानि का नोटिस



**भोपाल।** कटनी शहर के पूर्व आर्म्स डीलर नाजिम खान ने विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक को एक करोड़ का मानहानि का नोटिस भेजा है। नोटिस में कहा है कि विधायक संजय पाठक ने 28 और 29 अक्टूबर को दिए इंटरव्यू में नजिम खान के विरुद्ध झूठे, मनगढ़ंत और मानहानिकारक बयान दिए हैं।

### दुकानदार को जिंदा जलाने की कोशिश, गंभीर झुलसा



**सतना।** यहां दो लोगों ने किराना दुकान में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। दुकानदार को जिंदा जलाने की कोशिश की गई। आग लगने से दुकान मालिक रामप्रकाश कुशवाहा गंभीर रूप से झुलस गया। रामप्रकाश को पहले कोठी अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में सतना रेफर कर दिया गया। दिदौंध गांव में शनिवार शाम करीब 6 बजे की है।

### महिला क्रिकेट टीम ने द. अफ्रीका को रौंदकर इतिहास रचा

# भारत की बेटियां वर्ल्ड 'चैंपियन'




» *साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराया, 52 साल का इंतजार खत्म*

» *शेफाली वर्मा और दीप्ती शर्मा का दमदार प्रदर्शन*

» *हरमनप्रीत बनीं वर्ल्ड कप टाइटल जीतने वाली पहली महिला कप्तान*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 52 साल के इंतजार को खत्म करते हुए महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुआई में भारत ने शेफाली वर्मा और दीप्ती शर्मा के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर फाइनल में साउथ अफ्रीका को 52 रन से हरा दिया और इतिहास रच दिया।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मुकाबले में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का प्रदर्शन दमदार रहा। इस मैच में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीता था और भारत को पहले बैटिंग करने को कहा था। इसके बाद भारत ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 298 रन ▶▶ शेष पेज 6 पर

### हरमनप्रीत कौर ने भारत को बनाया चैंपियन

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला टीम ने पहली बार वनडे वर्ल्ड कप खिताब जीता। वैसे भारतीय वनडे क्रिकेट इतिहास में वो ओवरऑल वनडे वर्ल्ड कप टाइटल जीतने वाली तीसरी खिलाड़ी बन गईं। इससे पहले भारत ने कपिल देव और धोनी की कप्तानी में वनडे वर्ल्ड कर खिताब जीता था और अब हरमनप्रीत भी इन दोनों दिग्गजों की खास लिस्ट में शामिल हो गईं। ▶▶ पढ़ें पेज 13 भी



### पीएम मोदी ने कहा- ये जीत पीढ़ियों को प्रेरणा देगी

टीम इंडिया की इस ऐतिहासिक जीत पर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की बेटियों को बधाई दी है। पीएम मोदी ने लिखा कि आईसीसी महिला विश्व कप 2025 फाइनल में भारतीय टीम की शानदार जीत। फाइनल में बेहतरीन स्किल और भरपूर आत्मविश्वास दिखा। पूरी टीम ने दोगुनी मेहनत और जज्बा दिखाया। यह ऐतिहासिक जीत भविष्य के चैंपियंस को प्रेरणा देगी। हमारी खिलाड़ियों को बधाई।

### यह विजय नए भारत की नारी शक्ति की नई उड़ान

टीम इंडिया की ऐतिहासिक जीत पर सीएम डॉ.



मोहन यादव ने एक्स पर बधाई देते हुए लिखा कि बेटियों ने लहराया भारत का परचम... आईसीसी महिला विश्व कप-2025 भारत के नाम कर मां भारती को गौरवान्वित करने वाली बीसीसीआई वुमेंस की खिलाड़ियों को बधाई एवं हार्दिक अभिनंदन। यह विजय 'नए भारत' की नारी शक्ति की नई उड़ान है।

### मप्र की बॉलर क्रांति के गांव में जश्न



**छतरपुर।** वनडे महिला क्रिकेट में भारतीय टीम की जीत मध्य प्रदेश के लिए भी खास है। क्योंकि छतरपुर के घुवारा की बेटी क्रांति गौड़ भी इस टीम ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पचमढ़ी में कार्यकर्ताओं की ट्रेनिंग शुरू, पहला दिन

## 'जमीन पर बैठकर' गांधी की विचारधारा का पाठ पढ़ा

**प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी भी ट्रेनिंग में हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

10 दिन तक चलने वाले कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन जिला अध्यक्षों को महात्मा गांधी की विचार धारा के बारे में मास्टर ट्रेनर सचिन राव ने जानकारी दी। राव ने कहा कि सरकार से लड़ने के लिए पहले संगठन को मजबूत बनाना होगा। कांग्रेस की ट्रेनिंग टीन के शेड में रखी गई। सभी को जमीन पर बैठाकर ही ▶▶ शेष पेज 6 पर


राहुल गांधी को साथ पाकर ग्रामीण खुश दिखे

### मुकेश सहनी संग पोखर में मछली पकड़ने कूदे राहुल

**पटना।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी अमिता भूषण के समर्थन में परना के सोना चिमनी ग्राउंड में सभा को संबोधित किया। भाषण के बाद राहुल गांधी ने स्थानीय युवाओं की गुजारिश पर पोखर में मछली पालन देखने का आग्रह स्वीकार किया। इस दौरान उन्होंने नौकायन का आनंद लिया और युवाओं के साथ मछली पकड़ने के लिए पोखर में कूद गए। विकासशील इसान पार्टी (वीआईपी) के ▶▶ शेष पेज 6 पर

## अंतरिक्ष में भारतीय सेना की नई ताकत



### इसरो ने बाहुबली रॉकेट से लॉन्च किया नौसेना का उन्नत सैटेलाइट

*नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के 4,400 किलोग्राम से अधिक वजन वाले कम्युनिकेशन सैटेलाइट को रविवार को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया। यह लॉन्चिंग श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से की गई। सैटेलाइट को सफलतापूर्वक उसकी कक्षा में स्थापित कर दिया गया। इससे पहले क्रायोजेनिक स्टेज* ▶▶ शेष पेज 6 पर


### मौलाना ने कमरे में छिपा रखे थे

## खंडवा में मदरसे में मिले 20 लाख रुपए के नकली नोट

» *महाराष्ट्र में दो आरोपी दबोचे गए थे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

जावर थाना क्षेत्र के ग्राम पैठियां स्थित एक मदरसे में बड़ी मात्रा में नकली नोट मिलने से हड़कंप मच गया। मस्जिद में इमाम के रूप में तैनात जुबेर पिता अशरफ अंसारी के कमरे से नकली नोटों के बंडल बरामद किए गए हैं। पुलिस ने नोटों की गिनती की तो 19 लाख 78 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए गए। मामले का खुलासा तब हुआ जब मालेगांव पुलिस ने नकली नोटों के साथ जुबेर और उसके साथी नजीम अकम अयूब अंसारी को ▶▶ शेष पेज 6 पर


पुलिस टीम जांच करते हुए

### मंत्री ने लाइव आकर यू ट्यूबर को दी चेतावनी

## यदि छवि बिगाड़ी तो पुलिस उठाएगी भी और पीटेगी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के जबेरा विधायक और पर्यटन



एवं संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने रविवार सुबह फेसबुक पेज पर लाइव आकर ऐसे लोगों को चेतावनी दी है जो उनकी और अन्य जनप्रतिनिधियों की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। मंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि जो बिना किसी तथ्य के छवि बिगाड़ने का प्रयास करेगा, पुलिस उसे उठाएगी भी और पीटेगी भी। गलत करोगे तो कानून के अनुसार कार्रवाई ▶▶ शेष पेज 6 पर

**यू ट्यूबर ने मंत्री पर लगाया था शराब माफिया से मिले होने का आरोप, गिरफ्तार**






### सीएम डॉ. यादव ने मधुवनी जिले के फुलपरास व पटना जिले की फतुहा विधानसभा में रोड शो को संबोधित किया


बिहार के मधुवनी जिले में संबोधित करते हुए सीएम

**कांग्रेस को महिलाओं के सशक्तिकरण से जलन है पीएम ने दिया अधिकार और सम्मान**

# यह परिवारवाद बनाम राष्ट्रवाद की लड़ाई, भाजपा में हर जाति, समाज व वर्ग के लोगों को समान अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बिहार के मधुवनी जिले के फुलपरास विधानसभा एवं पटना जिले की फतुहा विधानसभा में रोड शो को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज का चुनाव दो विचारों के बीच है। एक ओर परिवारवाद, दूसरी ओर राष्ट्रवाद।

कांग्रेस जैसी पार्टियां आज भी एक ही परिवार तक सीमित हैं, वहीं भाजपा हर कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का मौका देती है। मैं खुद इसका उदाहरण हूं, न कोई सांसद, न विधायक का बेटा, केवल एक कार्यकर्ता था, लेकिन पार्टी ने मुझे मुख्यमंत्री बनने का अवसर दिया। यही सच्चा लोकतंत्र है। भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो जाति या परिवार के आधार पर नहीं, बल्कि कार्य और योग्यता के आधार पर अपने कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि ▶▶ शेष पेज 6 पर

**पीएम मोदी ने देशसेवकों को दिया भारत रत्न सम्मान**


मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रत्याशियों के साथ

### कांग्रेसियों को ऐसा लगा कि जैसे उनकी जेब कट गई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब एनडीए सरकार ने महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपए की सहायता राशि दी, तब कांग्रेसियों को ऐसा लगा जैसे उनकी जेब कट गई हो। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि जो लोग दशकों तक माताओं-बहनों को सिर्फ वोट बैंक समझते रहे, अब ▶▶ शेष पेज 6 पर

# घर-मंदिरों में दूसरे दिन मनाई भी देवउठनी एकादशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

देवउठनी एकादशी की तिथि में भेद के चलते कई मंदिरों व घरों में दूसरे दिन यानि रविवार को एकादशी पूजन किया। इस मौके पर मंदिरों व घरों के आंगन में आकर्षक रंगोली सजाकर मंडप सजाए गए। फिर धूम,दीप, मौसमी फल,फूल आदि अर्पित कर विशेष पूजा अर्चना की गई। राजधानी के लखेरापुरा श्री जी मंदिर में रविवार को एकादशी उत्सव मनाया गया।

इस दौरान प्रभु श्री नाथ जी को प्रातः काल चंदन आंवला इत्र से स्नान कराकर सुनहरी जरी के बागा एवं सोने मोती के जड़ाऊ आभूषण के साथ सिर पर 5 जोड़ की मोर चंद्रिका और चोटी से श्रृंगार किया गया। इस दौरान गुलाल से निर्मित अष्ट कमल के चौक में 16 गन्ने की मंडप बनाकर प्रभु को दक्षिण दिशा की तरफ मुख करके विराजमान किया गया। इसके बाद आरती कर परिक्रमा की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।



देवउठनी ग्यारस पर नर्मदापुरम स्थित एक घर में हुई पूजा।



लखेरापुरा मंदिर में हुई पूजा।



गुलमोहर में हुई पूजा।

## चंद्र ग्रह से परेशान जातकों के लिए की जाएगी प्रार्थना

*भोपाल। श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा सोम प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर का चांदी की भस्म एवं पंचामृत से रुद्राभिषेक कर चन्द्र ग्रह से परेशान जातकों के लिए चंद्र शांति की प्रार्थना की जाएगी। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि मंदिर में बड़ी संख्या में अपनी कुंडली में चंद्र दोष से परेशान श्रद्धालु बाबा बटेश्वर के अभिषेक में भाग लेंगे। सांयकाल बाबा बटेश्वर का चंदन, विभिन्न प्रकार के पुष्प एवं रत्नों से चंद्रेश्वर स्वरूप में दिव्य श्रृंगार कर रात्रि 10 बजे महाआरती की जाएगी।*

# ईसाई समाज ने मनाया ऑल सोल्स डे: कब्रिस्तान पहुंचकर दिवंगत परिजनों की आत्मा की शांति के लिए की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में रविवार को ईसाई समाज द्वारा ऑल सोल्स डे (आत्माओं का दिवस) मनाया गया। इस अवसर पर सुबह भदभदा और संध्या को लालघाटी कैथोलिक कब्रिस्तान में समाजजन कब्रिस्तान पहुंचे और अपने दिवंगत पूर्वजों को याद किया। इस मौके पर आर्चबिशप एएएस दुरईराज, वीजी फा. ईश्वरदास मिंज एवं सह पुरोहितों के नेतृत्व में विशेष सामूहिक प्रार्थनाएं आयोजित की गईं। लोगों ने कब्रिस्तान जाकर अपने परिजनों की कब्रों पर फूल-मालाएं और बुके चढ़ाए। उन्होंने अगरबत्ती व मोमबत्ती जलाकर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की। उल्लेखनीय है कि विश्वभर में ईसाई समाज हर साल 2 नवंबर को ऑल सोल्स डे मनाता है।



ऑल सोल्स डे पर ईसाई धर्मावलंबी।



ऑल सोल्स डे पर पुरखों के लिए प्रार्थना करते धर्मावलंबी

## आत्मिक एकता और विश्वास का है पर्व

इस मौके पर आर्चबिशप डॉ. दुरईराज ने कहा कि ऑल सोल्स डे आत्मिक एकता और विश्वास का पर्व है, जो हमें जीवन और मृत्यु के रहस्यों को ईश्वर की दृष्टि से समझने की प्रेरणा देता है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि प्रेम, दया और प्रार्थना के माध्यम से हम अपने दिवंगत प्रियजनों से हमेशा जुड़े रहते हैं।

## विशेष प्रार्थनाएं की जाती हैं

इस दिन दिवंगत परिजनों को याद किया जाता है और उनकी आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थनाएं की जाती हैं। रविवार को दिनभर समाजजनों का कब्रिस्तान पहुंचने का सिलसिला जारी रहा, जहां उन्होंने अपने प्रियजनों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# 28 करोड़ से सूखी सेवनिया में बनेगा सिक्स लेन

**भोपाल।** सूखी सेवनिया में 28 करोड़ से बनने वाले सिक्स लेन फ्लाइओवर का भूमिपूजन सोमवार सुबह 10 बजे प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप और हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा किया जाएगा। सुखीसेवनिया चौराहे पर भोपाल बायपास पर बनने वाले इस सिक्स लेन फ्लाइओवर से विदिशा जाने आने वाले और भोपाल बायपास से इंदौर रोड और नर्मदापुरम रोड-रायसेन रोड आने जाने वाले लाखों लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि लंबे समय से यहां फ्लाइओवर की जरूरत महसूस की जा रही थी।

- चैतन्य कश्यम और रामेश्वर शर्मा आज करेंगे भूमिपूजन

चूंकि यह मार्ग फोर लेन है इसलिए पहले यह फोर लेन फ्लाइओवर प्रस्तावित था परंतु निकट भविष्य में भोपाल बायपास को सिक्स लेन किया जाना है इसलिए इस फ्लाइओवर को सिक्स लेन में निर्मित किया जाना सुनिश्चित किया गया। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री से इस फ्लाइओवर सिक्स लेन की मांग को तत्काल स्वीकृत किया जिससे यहां सिक्स लेन फ्लाइओवर निर्माण का रास्ता साफ हुआ।

## संक्रमण से बचाव केवल कागजों तक सीमित, वन्यजीवों के बढ़ा खतरा

# किंग कोबरा की मौत से नहीं लिया सबक: वन विहार में संक्रमण नियंत्रण की व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कुछ समय पहले वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में संक्रमण के चलते किंग कोबरा की मौत हो गई थी। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद भी वन विहार प्रबंधन ने कोई ठोस सबक नहीं लिया है। संक्रमण से बचाव के जो सुरक्षा उपाय किए जाने चाहिए थे, वे अब भी केवल कागजों तक सीमित हैं। जमीनी स्तर पर न तो कोई सुधार दिख रहा है और न ही संक्रमण से निपटने के बुनियादी इंतजामों को दुरुस्त किया गया है।

वन विहार के विभिन्न बाड़ों में संक्रमण रोकने के उद्देश्य से पानी और कार्सोनिल केमिकल से भरे गड्ढों की व्यवस्था की गई थी, ताकि पर्यटकों द्वारा लाए गए बैक्टीरिया या वायरस वन्यप्राणियों के संपर्क में न आ सकें। लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि इन गड्ढों में न तो नियमित रूप से केमिकल डाला जा रहा है और न ही पानी को बदला जा रहा है। कई स्थानों पर यह व्यवस्था पूरी तरह निष्क्रिय हो चुकी है। यह लापरवाही न सिर्फ सुरक्षा नियमों की खुली अवहेलना है, बल्कि उद्यान में रह रहे वन्यजीवों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन सकती है।




वन विहार की फाइल फोटो

## हजारों पर्यटकों का होता है आना

वन विहार में प्रतिदिन लगभग ढाई हजार पर्यटक भ्रमण के लिए आते हैं, जिनमें बच्चे, बुजुर्ग और विदेशी पर्यटक भी शामिल होते हैं। इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एक साथ आगमन, यदि उचित संक्रमण नियंत्रण उपायों के बिना होता है, तो यह वन्यजीवों के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। किसी एक संक्रमित व्यक्ति की जरा-सी लापरवाही पूरे उद्यान के पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित कर सकती है। इससे न केवल वन्यजीवों का स्वास्थ्य खतरे में पड़ सकता है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन भी बिगड़ सकता है। ऐसे में आवश्यक है कि पर्यटकों के प्रवेश के समय संक्रमण की रोकथाम के लिए कड़े नियम अपनाए जाएं और जागरूकता बढ़ाई जाए।

## स्नेक पार्क में सिर्फ पानी भरा जा रहा है

स्नेक पार्क की बात करें तो यहां केवल पानी भरा जा रहा है, लेकिन संक्रमण नियंत्रण के लिए आवश्यक केमिकल का इस्तेमाल नहीं हो रहा। संक्रमण को रोकने के लिए जो उपाय अनिवार्य हैं, वे यहां पूरी तरह नदारद हैं। तितली पार्क की स्थिति और भी बदतर है। यहां तो संक्रमण नियंत्रण की कोई भी व्यवस्था मौजूद नहीं है। न तो केमिकल का प्रयोग किया जा रहा है और न ही पर्यटकों द्वारा लाए जाने वाले संभावित संक्रमण से बचाव के कोई इंतजाम किए गए हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि यदि संक्रमण से बचाव के इन उपायों को जल्द ही प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया गया, तो यह लापरवाही अन्य जीवों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकती है। ऐसे में जरूरी है कि वन विहार प्रबंधन अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से ले और संक्रमण नियंत्रण के सभी उपायों को तत्काल प्रभाव से धरातल पर उतारे।

### नियम के विपरीत

पारिस्थितिकी तंत्र पर असर संक्रमण नियंत्रण व्यवस्था का उद्देश्य पर्यटकों के माध्यम से जीवों तक संक्रमण न पहुंचने देना होता है। बिना उचित देखरेख के उद्यान में मौजूद सभी जीवों के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। इससे न केवल वन्यजीव प्रभावित होंगे, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर विपरीत असर पड़ सकता है।

**डॉ. सुनील कुमार सिन्हा रिटायर डिप्टी डायरेक्टर,** वन विहार

## विवि निदेशक प्रो सुबोध ने की अध्यक्षता

# चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व का समग्र विकास विषय पर संस्कृत विवि में वर्कशॉप



कार्यशाला के दौरान मंच पर मौजूद पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का रविवार को समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय संस्कृत विवि जयपुर के निदेशक प्रो रमाकांत पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय संस्कृत विवि भोपाल परिसर के निदेशक प्रो सुबोध शर्मा ने की। सत्र के शुरू में डॉ ओम शर्मा, राष्ट्रीय संयोजक, आत्म निर्भर भारत, ने सभी का स्वागत किया।

### ऐसी कार्यशालाएं आयोजित की जानी चाहिए

प्रो सुबोध शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित की जानी चाहिए। क्योंकि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास में उनके चरित्र एवं व्यक्तित्व विकास की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ज्ञान प्राप्ति के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को एक ऐसे चरित्र एवं व्यक्तित्व के विकास की आवश्यकता होती है, जो उनके जीवन में आने वाली विभिन्न चुनौतियों का सामना करने में उन्हें मजबूत एवं सक्षम बना सकें। संयोजक डॉ पवन व्यास ने धन्यवाद दिया। संचालन डॉ जी नरसिंहुलु ने किया। इससे पहले श्री राम सागर मिश्र ने मुक्त विचार एवं जिज्ञासा समाधान विषय पर उद्बोधन दिया।

## विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

# हिंदू एकता और धर्मांतरण और लव जिहाद जैसी घटनाओं पर रोक लगाने का संकल्प



विश्व हिन्दू परिषद कार्यकर्ता सम्मेलन का एक दृश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विश्व हिंदू परिषद द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन रविवार को 11 मील स्थित भारत माता मंदिर परिसर में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद भोजपुर के नवीन कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने हिंदू समाज की एकता तथा राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। परिषद अध्यक्ष मुकेश जोशी एवं जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद सुरेंद्र कीर ने बताया कि कार्यालय का उद्घाटन विश्व हिंदू परिषद प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह द्वारा किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सनातनियों और हिंदू समाज को एकजुट करना है।

### 22 यूनिट रक्त दान किए, कराया रजिस्ट्रेशन

इस मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 22 युवाओं ने 22 यूनिट रक्त दान किया 90 रजिस्ट्रेशन हुए बीपी , शुगर की जांच निःशुल्क की गई ।

### इन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में धर्मांतरण, लव जिहाद और लैंड जिहाद जैसी घटनाएं समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। इन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए संगठन निरंतर प्रयासरत है और जनजागरण के माध्यम से समाज को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

## सांकेतिक प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री का कराया ध्यानाकर्षण

# बिजली संविदा कर्मियों ने कहा: 'बैक डोर' से नहीं 'फ्रंट डोर' हुई हैं नियुक्ति: सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विद्युत संविदा कर्मी कोई 'बैक डोर' से भर्ती हुए विद्युत कर्मी नहीं बल्कि 'फ्रंट डोर' के माध्यम से वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए भर्ती हुए हैं। यह बात मुख्यमंत्री का ध्यानाकर्षण कार्यक्रम में बिजली संविदा कर्मचारियों ने कही।

रविवार को आंबेडकर मैदान में यूनाइटेड फोरम के नेतृत्व में प्रदेश के 55 जिलों से आए हजारों विद्युत संविदा कर्मियों सांकेतिक प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री का नियमितीकरण को लेकर 'ध्यानाकर्षण' कराया। बता दें कि मप्र के ऊर्जा विभाग में काम करने वाले संविदा कर्मचारियों और अधिकारियों को विभाग के रिक्त 49 हजार 263 नियमित पदों पर पांच हजार विद्युत संविदा कर्मियों को मर्ज करने का प्रस्ताव सरकार के पास लंबित है।

*बिजली संविदा कर्मियों ने कहा: 49 हजार पदों में भर्ती के पूर्व किया जाए संविलियन*



अपनी मांगों की ओर ध्यानाकर्षण कराते विद्युत संविदा कर्मी ।

### नियमित माना तो आदेश जारी करें

*एसोसिएशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि विद्युत संविदा कर्मी कोई बैक डोर से भर्ती होकर नहीं आए है। भर्ती नियमों का पालन करने के साथ परीक्षा देकर फ्रंट डोर के माध्यम से वैधानिक प्रक्रियाओं के तहत भर्ती हुए हैं। नवीन जारी ऑगेर्नाइजेशन स्ट्रक्चर में पांच संविदा कर्मियों के पदों को हटाकर 49 हजार 263 पद जारी किए गए हैं बिजली कंपनियां पहले से ही संविदा को नियमित ही मान रही है केवल आदेश जारी करने हैं।*

## अब तक नहीं हुई कार्रवाई

यूनाइटेड फोरम के प्रमुख व्हीकेएस परिहार ने बताया कि यूनाइटेड फोरम के द्वारा तीन माह पूर्व सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों एवं मप्र राज्य सरकार के आदेशों के अंतर्गत विद्युत संविदा कर्मियों का भी नियमितीकरण/संविलयन का प्रस्ताव सरकार को प्रेषित किया गया था जिस पर आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसलिए संविदा कर्मचारियों ने राजधानी में एकत्रित होकर नियमितीकरण के आदेश जारी करने के लिए मुख्यमंत्री का ध्यानाकर्षक कराया। इस अवसर पर अरुण ठाकुर, आदित्य चौबे, अजय नामदेव, विकास शुक्ला, दुर्गेश दुबे, प्रशांत पाल, चंद्रमणि गजभिए समेत बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे।

### संविदा कर्मी को समाहित करने से यह होंगे लाभ

- ट्रेनिंग लेकर भर्ती हुए संविदा कर्मी के नियमित होने से ट्रेनिंग का खर्च बचेगा।
- संविदा के मद में कर्मियों को दिया जाने वाला वेतन बिजली कंपनियों के पास सुरक्षित बचेगा।
- वर्तमान में अनुभवी संविदा कर्मी ही नए नियमित होने वाले कर्मचारियों को मैदानी कार्य करना सिखाएंगे।

- संविदा कर्मी को नियमित पदों पर समाहित किए जाने से कंपनियों पर आर्थिक बोझ भी कम होगा।

## रेलवे बोर्ड ने रनिंग स्टाफ के लिए आउट स्टेशन रेस्ट को लेकर लिया अहम निर्णय, इस कदम से आएगी

# अब पूरे देश में रनिंग स्टाफ के लिए विश्राम की एक समान होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेलवे बोर्ड ने लोको पायलट, गार्ड और अन्य रनिंग स्टाफ के लिए आउट स्टेशन रेस्ट को लेकर निर्णय लिया है। अब पूरे देश में रनिंग स्टाफ के लिए विश्राम की एक समान और पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाएगी। यह कदम विभिन्न रेलवे जोन में चल रही असमान व्यवस्थाओं को खत्म करने और मानव संसाधन प्रबंधन में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। रेलवे बोर्ड ने जोनल रेलवे से प्राप्त सुझावों और वर्तमान में अपनाई जा रही प्रथाओं का गहन अध्ययन कर एक साझा मानक तैयार किया है।

यह व्यवस्था सीएमएस एप्लिकेशन के टाइप-2 फार्मेट के अनुरूप बनाई गई है और अब पूरे भारतीय रेलवे में लागू की जाएगी। रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे को निर्देश दिए हैं कि वे इन नियमों को लागू करें। इससे रेलवे नेटवर्क में आउट स्टेशन रेस्ट को लेकर एकरूपता और पारदर्शिता आएगी।




फाइल फोटो

### अब तक क्यों बनी हुई थी समस्या

रेलवे बोर्ड के अनुसार, अब तक विभिन्न रेलवे जोनों में आउट स्टेशन रेस्ट को लेकर अलग-अलग मानक प्रचलन में थे। कुछ जोन छह घंटे रेस्ट दे रहे थे तो कुछ 8 घंटे। इससे कर्मचारियों के बीच भ्रम और असमानता की स्थिति बनी हुई थी, जो आपरेशन और मैनेजमेंट दोनों के लिए चुनौतीपूर्ण था।

### आउट स्टेशन रेस्ट निर्धारित किया

- आठ घंटे या उससे अधिक की ड्यूटी करने वाले रनिंग स्टाफ को आठ घंटे का रेस्ट मिलेगा।
- पांच घंटे से अधिक लेकिन आठ घंटे से कम ड्यूटी करने वालों को छह घंटे का रेस्ट मिलेगा।
- पांच घंटे से कम ड्यूटी करने वालों को उनके ड्यूटी घंटे प्लस एक घंटे का रेस्ट दिया जाएगा।

### क्या होता है आउट स्टेशन रेस्ट

आउट स्टेशन रेस्ट वह विश्राम अवधि होती है जब लोको पायलट या गार्ड जैसे रनिंग कर्मचारी अपनी ड्यूटी समाप्त करने के बाद अपने मूल स्टेशन के स्थान पर किसी अन्य स्टेशन पर विश्राम करते हैं। यह विश्राम अगली ड्यूटी से पहले मानसिक और शारीरिक रूप से तरोताजा रहने के लिए अनिवार्य होता है।

## एनआईटीटीटीआर में राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

# नेशनल वर्कशॉप: पॉलीटेक्निक शिक्षा में नवाचार पर विशेषज्ञों ने बताए विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020: पॉलीटेक्निक शिक्षा में नवाचार एवं क्रियान्वयन विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का रविवार को समापन हो गया।

संपन्न हुआ। प्रो नरेंद्र थापक ने कहा कि आज स्किल डेवलपमेंट, एग्जामिनेशन रिफार्म्स एवं करिकुलम इम्प्लीमेंटेशन के लिए टीचर्स ट्रेनिंग की आवश्यकता है।



निटर में कार्यशाला के समापन के दौरान विशेषज्ञ

### नए अवसरों, चुनौतियों के लिए तैयार रहें

निटर के निदेशक प्रो सीसी त्रिपाठी ने शैक्षणिक संस्थानों को नए अवसरों एवं चुनौतियों के लिए तैयार रहने के लिए आव्हान करते हुए कहा कि कौशल एवं उद्यमिता विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। मोहित श्रीवास्तव ने कहा कि स्किल के साथ साथ मानवीय मूल्य का समावेश ही इस शिक्षा नीति का उद्देश्य है।

4 पहलगाम मामले में आरोपी बताकर ...

5 वॉश ऑन व्हील सेवा से स्वच्छता सेवाओं...







## खबर संक्षेप

### धूप खिलने से तापमान में 3 तक रही बढ़त

**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अब बारिश और बादलों का असर खत्म हो गया है। रविवार को शहर सहित अधिकांश जिलों में धूप खिलने से दिन के तापमान में 3 से 5 डिग्री तक बढ़त रही, जबकि रात में बादलों के असर से पारा औसतन डेढ़ डिग्री तक बढ़ा, जो सोमवार से कम होगा। यहां दिन का पारा 31.1 और रात का पारा 1.4 डिग्री बढ़कर 21.6 डिग्री रहा है। 6 नवंबर से शहर सहित प्रदेशभर में सर्दी तेजी से बढ़ेगी। रात का पारा 5 से 8 डिग्री तक गिरने की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार 4 नवंबर को एक पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है, जिसके असर से 4 नवंबर से ही हवाएं उत्तर पश्चिमी हो जाएंगी। इससे दो दिन बाद तापमान में तेजी से कमी आएगी। विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार शहर में अब बादल छंटने से दिन में पारा बढ़ा है, जबकि सोमवार से रात में 2 से 3 डिग्री तक कमी आएगी। इससे शाम से सर्दी बढ़ेगी। तेज सर्दी 6 नवंबर के बाद पड़ेगी।

### दर्जनभर विभागों से एक हफ्ते में रिपोर्ट मांगी

**भोपाल।** निगम आयुक्त के एक आदेश से बीते दो-तीन दिन से निगम के अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। इसे लेकर अधिकारियों ने सिर्फ फाइलें जुटाना शुरू कर दी हैं, बल्कि शहर के प्रत्येक क्षेत्र में उनके विभाग से संबंधित चल रहे कामों और उनके लिए स्वीकृत राशि की जानकारी भी जुटाने में लग गए हैं। निगम आयुक्त संस्कृति जैन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि निगम के सभी विभागाध्यक्ष व विभाग प्रमुख अपने अधीनस्थ हाउसिंग फॉर आल, इंजीनियरिंग, वाटर सप्लाई, सीवेज, एसबीएम, गार्डन आदि विभागों में चल रहे निर्माण कार्य, विकास कार्यों का विवरण जैसे कौन-कौन से कार्य किस मच से संचालित हैं। संबंधित मद-वित्त में कितनी उपलब्ध राशि कार्य के लिए आवंटित है, कितनी राशि का भुगतान किया गया है तथा कितनी राशि शेष है। यह जानकारी अफसरों को एक सप्ताह में देनी होगी। निगम के विभागाध्यक्ष व विभाग प्रमुखों ने जोन और वार्ड स्तर से अपने-अपने विभागों की फाइलें मंगाना शुरू कर दी हैं, ताकि जानकारी एकत्र कर भेजी जा सके। इस काम में निगम के कर्मचारियों को भी जुटा दिया गया है। बता दें कि कई विभाग ऐसे हैं, जिनमें खासी गड़बड़ियां मिलने की भी आशंका है।

# नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल : बड़े तालाब के वेटलैंड क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण तत्काल हटाने के निर्देश

## बेंच ने देरी और पूर्व आदेशों का समय पर पालन न करने पर नगर निगम को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने बड़े तालाब वेटलैंड क्षेत्र में किए जा रहे अतिक्रमणों पर कड़ा रुख अपनाते हुए भोपाल नगर निगम (बीएमसी) को निर्देश जारी किए हैं। पूर्व आदेश के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

इस मामले को लेकर बेंच में पर्यावरणविद राशिद नूर खान ने याचिका दायर की थी। ज्यूडीशियल मेंबर जस्टिस श्योकुमार सिंह एवं एक्सपर्ट मेंबर सुधीर कुमार चतुर्वेदी की बेंच ने मामले की सुनवाई की।

**निगम का तर्क- प्रकरण में नियम अनुसार कार्रवाई की जा रही**

**दो सप्ताह के भीतर लिए गए एक्शन की रिपोर्ट दाखिल करने को कहा**



फाइल फोटो

### निगम ने बताया- आरोपियों को नोटिस जारी कर दिए

*बेंच को पर्यावरण मंत्रालय की ओर से ट्रिब्यूनल को बताया कि वेटलैंड नियमों के अनुसार प्रतिबंधित, नियंत्रित और विनियमित गतिविधियों का पालन कराना स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी है। नियमों के उल्लंघन पर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को कार्रवाई करनी होगी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता हर्षवर्धन तिवारी ने बताया कि बड़े तालाब वेटलैंड क्षेत्र में जिन अतिक्रमणों का विवरण 7 अक्टूबर 2025 के आदेश में दिया गया था, उन पर बीएमसी ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया है। भोपाल नगर निगम ने कहा कि अतिक्रमण संबंधी आरोपियों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं। प्रकरण में नियमों के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। बेंच ने निगम की देरी और पूर्व आदेशों का समय पर पालन न करने पर फटकार लगाई।*

### बेंच ने यह दिए निर्देश

सुनवाई के दौरान बीएमसी को पूर्व आदेश का कड़ाई से पालन करते हुए सभी अतिक्रमण हटाने निर्देश दिए गए हैं। वेटलैंड नियमों को लागू करने और पूरे इलाके को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश हैं। बेंच ने बीएमसी से कहा गया है कि दो सप्ताह के भीतर लिए गए एक्शन की रिपोर्ट दाखिल करें। मामले की अगली सुनवाई 12 नवंबर 2025 को होगी।

## यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क में 10 दमकलों को आग पर काबू करने में लगे दो घंटे

# बायो गैस प्लांट में शाम 5.30 बजे लगी भीषण आग, दो घंटे तक उठती रही ऊंची लपटें...10 किमी तक दिखा धुएं का गुबार

**लिली टॉकीज से भारत टॉकीज रोड तक लगा जाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर के यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क परिसर में स्थित बायो गैस प्लांट में रविवार को शाम करीब 5.30 बजे भीषण आग लग गई। इससे आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना मिलने पर निगम की दमकलें मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। निगम की 10 दमकलें आग पर काबू पाने में लगी रहीं। आग इतनी भीषण थी कि धुएं का गुबार शहर के दूर-दराज इलाकों तक दिखाई दिया। इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। आग लगने की वजह शार्ट-सर्किट बताई जा रही है। इसकी सूचना मिलने पर निगम आयुक्त संस्कृति जैन भी मौके पर पहुंची।

सुल्तानिया जनाना अस्पताल के निर्माणाधीन भवन के सामने यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क है। यहां नगर निगम का बायो गैस प्लांट है। इसके आसपास बड़ी मात्रा में सूखी सामग्री जैसे लकड़ी, झाड़ियां, सूखी पत्तियां व अन्य कचरे का ढेर लगा था। आग लगने पर यहां रखी सामग्री ने तेजी से आग पकड़ ली और देखते ही देखते आग से धुएं का गुबार आसमान तक छा गया।

**आसपास सूखी सामग्री और कचरे के ढेर से भड़की आग, शार्ट सर्किट बताई गई वजह**

**तीन साल से बंद था बायो गैस प्लांट, इलाके में मचा हड़कंप**


आग को पानी की बौछारों से बुझाता नगर निगम का अमला।

### मौके पर पहुंची पुलिस और निगम आयुक्त

*आग लगने की सूचना पर मौके पर पुलिस अधिकारी बल के साथ पहुंचे। निगम आयुक्त संस्कृति जैन भी पहुंची। अनहोनी से बचने के लिए यातायात रोका गया। इसके चलते चारों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। आग पर काबू पाने के बाद रोड से आवाजाही शुरू हुई, लेकिन देर रात तक उक्त रोड पर ट्रैफिक रेंगता रहा।*

## पानी की दर्जनों टंकियां झुलसीं, देर रात तक परेशान होता रहा फायर अमला

पार्क परिसर में फैली आग की चपेट में आने से आधा दर्जन प्लास्टिक की टंकियां झुलस गईं। यहां आग का फैलाव रोकने के लिए फायर फाइटर्स को परेशानी का सामना करना पडा। आग पर पूरी तरह काबू पानी के बावजूद भी धुआं देर रात तक निकलता रहा। आग का फैलाव दोबारा न हो इसे लेकर देर रात तक फायर अमला मौके पर निगरानी के लिए मौजूद रहा और दमकलें भी यहां मौजूद रहीं।

### एक करोड़ से ज्यादा राशि के बने गैस प्लांट को हुआ नुकसान

शाहजहांनी पार्क परिसर में करीब सात साल पहले एक करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से बायो गैस प्लांट लगाया गया था। जिसे खासा नुकसान पहुंचा है। इसी प्लांट के पास सूखे पेड़ और झाड़ियों का ढेर लगा था। इनमें तेजी से आग फैलने के कारण प्लांट पूरी तरह से आग की चपेट में आ गया। प्लांट को रोजाना की जरूरत के मान से गीला कचरा नहीं मिला। इसके कारण प्लांट बंद हो गया।


प्लांट में आग लगने के कारण आसमान में धुएं का गुबार छा गया।

### फायर फाइटर को करना पड़ी मशक्कत

*झाड़ियों में तेजी से फैल रही आग पर काबू पाने के लिए निगम के एक दर्जन फायर फाइटर को खासी मशक्कत करना पडी। लाल परेड मैदान में कार्यक्रम के कारण रोड पर लगे बेरिकेड्स के चलते दमकलों को घटनास्थल पर पहुंचने में दिक्कत हुई। उन्हें घूमकर पहुंचना पड़ा। इसके कारण दमकलें घटना स्थल पर कुछ देर से पहुंची।*

## एमपी नगर में बिजली के खंभे में लगी आग, मचा हड़कंप


एमपी नगर के जोन 1 में खंभे में लगी आग तारों के कारण तेजी से बढ़ी।

*राजधानी के एमपी नगर जोन-1 में रविवार को रात करीब साढ़े नौ बजे विजय स्तंभ के पास एक बिजली के खंभे में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में टेलीकाम कंपनियों के तार आने से आग तेज हो गई और लोगों में दहशत फैल गई। रविवार होने के कारण यहां अधिक संख्या में लोगों की भीड़ थी। हालांकि किसी तरह की जनहानि और नुकसान नहीं पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों ने हरिभूमि को बताया कि खंभे के आसपास ठेलों पर लोग खड़े थे, जो आग लगते ही घबराकर भागे। आग लगने की सूचना मिलने पर निगम का फायर अमला मौके पर पहुंचा और बिजली कंपनी के कर्मचारी भी पहुंच गए। दमकलकर्मियों ने फोम का उपयोग कर करीब आधे घंटे में आग पर काबू पाया।*

### आग देखने लोग घरों की छत पर पहुंचे

पार्क के पास बरखेड़ी के उंचाई वाले क्षेत्र में घनी आबादी और उंचे भवन है। आग लगने पर बड़ी संख्या में लोग घरों की छतों पर पहुंचकर आग लगने का नजारा देखते रहे।

### 70 हजार लीटर पानी से बुझाई गई आग

आग पर काबू पाने में करीब डेढ़ घंटा लगा। किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई। गोबर गैस प्लांट लंबे समय से बंद था। झाड़ियों और सूखी पत्तियों से आग तेजी से फैली। निगम की दस दमकलों ने आग पर काबू पाया। आग से काबू पाने में करीब 70 हजार लीटर पानी का उपयोग हुआ।

**सौरभ कुमार पटेल, सहायक अग्निशमन अधिकारी, नगर निगम**

# भारत के वर्ल्ड कप विजेता बनने पर आधी रात जश्न, आतिशबाजी से रंगी राजधानी

## *लोगों ने दी एक-दूसरे को शुभकामनाएं, महिला क्रिकेटर्स की प्रशंसा की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुंबई में हुए भारत और साउथ अफ्रीका के बीच हुए महिला विश्वकप के फाइनल मुकाबले को लेकर राजधानी में रविवार को अलग ही माहौल था। सभी क्रिकेटप्रेमी चाहे वे महिला हों या पुरुष टीवी के सामने लगातार टिके रहे और एक-दूसरे को मैच के अपडेट लेते-देते रहे। वाट्सएप ग्रुप पर भी लोग जीत की संभावनाओं पर बातचीत करते रहे।

हालांकि कुछ वरिष्ठ खिलाड़ी क्रिकेट बाय चांस की बात भी कहते रहे। लेकिन जैसे ही देर रात टीम इंडिया की जीत की खबर मिली, हर तरफ खुशी का माहौल छा गया। एक-दूसरे को बधाई देने के साथ ही आतिशबाजी से राजधानी का हर गली-मोहल्ला गूंज उठा।


भारत के वर्ल्ड कप जीतने पर आतिशबाजी की गई
सौम्या तिवारी

### सभी खिलाड़ी अच्छा खेलीं, तभी ये जीत मिली

अंडर 19 टीम की कप्तान राजधानी की क्रिकेटर सौम्या तिवारी रविवार को ही सूरत से लौटी थीं। इसके बवजूद भी उन्होंने अपनी थकान न मिटाते हुए रविवार की शाम से आधी रात तक टीवी के सामने ही महिला विश्वकप का मैच देखते हुए गुजारी। सौम्या ने बताया कि जैसे ही दक्षिण अफ्रीका का आखिरी विकेट गिरा तो मन में खुशी की लहर दौड़ गई। इसके बाद मैंने सभी खिलाड़ियों को इस विराट जीत की बधाई दी। सौम्या ने बताया कि इस जीत में किसी एक खिलाड़ी को श्रेय नहीं दिया सकता, ये सभी खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है। सभी खिलाड़ी बहुत अच्छा खेलीं, तभी ये मौका भारतीयों को देखने को मिला।

## एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के क्षेत्रीय कार्यालय में होगा आयोजन

# मुख्यमंत्री बिजली बिल बकायादारों के लिए समाधान योजना का आज करेंगे शुभारंभ

**किसानों बकायादारों को अलग-अलग स्लैब में बकाया राशि में छूट दी जाएगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार बिजली बिल जमा नहीं कर पाने वाले किसानों, बकायादारों के लिए एक बड़ी योजना लांच करने जा रही है। इसके तहत ऐसे उपभोक्ता जो आर्थिक स्थिति या अन्य कारणों से बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं, या फिर जिनके बिजली के सरचार्ज अधिक होने से जमा नहीं कर पा रहे हैं, उनके लिए समाधान योजना 2025-26 लागू की जा रही है। इससे अलग-अलग स्लैब में बकाया राशि में छूट दी जाएगी।

इस योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर आज सोमवार को सुबह 10.30 बजे एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के क्षेत्रीय कार्यालय अरेरा कॉलोनी भोपाल से करेंगे।

### इस तरह रहेगा बकाया राशि में भारी छूट देने का प्रावधान


फाइल फोटो

*बकाया बिल के भुगतान पर सरचार्ज में भारी छूट दी गई है, जो 3 नवम्बर से 28 फरवरी, 2026 तक रहेगी। पहला चरण 3 नवम्बर से 31 दिसम्बर, जिसमें 60 प्रतिशत से 100 प्रतिशत सरचार्ज माफ रहेगा। दूसरा चरण एक जनवरी से 28 फरवरी, 2026 तक होगा, जिसमें 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ रहेगा। भुगतान विकल्प में एकमुश्त भुगतान पर अधिकतम छूट और 6 किश्तों में भुगतान की आसान सुविधा रहेगी। ऊर्जा विभाग ने साफ किया है कि पहले आने वाले उपभोक्ताओं को अधिक लाभ होगा। एकमुश्त भुगतान पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। एक जनवरी के बाद आने वाले उपभोक्ताओं को 90 फीसदी ही मिलेगा।*

### यह है योजना प्रक्रिया

*योजना में घरेलू, गैर घरेलू, कृषि, औद्योगिक श्रेणी के ऐसे उपभोक्ताओं को (शासकीय कनेक्शनों को छोड़कर) शामिल किया गया है, जो तीन महीने या उससे अधिक अवधि की बकाया राशि है और वे जमा नहीं कर पा रहे हैं। इस योजना के तहत एक निश्चित समयावधि में जल्दी आए, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ कमाएं के सिद्धांत पर आधारित है। इसमें समय व चरण के साथ छूट का प्रतिशत क्रमशः कम होता जाएगा। सरचार्ज में छूट की अधिकतम राशि एक करोड़ तक है।*

### उपभोक्ताओं को इस श्रेणी में मिलेगी राहत

एलवी एक घरेलू, स्थाई एवं अस्थाई संयोजन पर एकमुश्त भुगतान व 6 किश्तों में भुगतान पर अलग-अलग छूट मिलेगी, जबकि एलबी दो गैर घरेलू, एलबी 4 एलटी औद्योगिक और एलबी 3 व 4 में केवल औद्योगिक में एकमुश्त भुगतान पर 80 व 70 फीसदी छूट मिलेगी, जबकि 6 किश्तों में भुगतान पर 60 व 50 फीसदी छूट दी जाएगी। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई, एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक अविनाश लवानिया, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल सहित कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

**खबर संक्षेप**



## मध्य प्रदेश स्थापना दिवस की बधाई दी

**औबेदुल्लागंज।** मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर शासकीय अनुसूचित जनजाति महाविद्यालय छात्रावास की प्रभारी आरती नंदवंशी, देवेंद्र नंदवंशी, मुख्य अतिथि पार्षद वार्ड 13 सभापति खाद्य एवं स्वास्थ्य समिति हेमलता चौरसिया और मनोज चौरसिया मौजूद रहे। उन्होंने मप्र स्थापना दिवस की बधाई दी।

## ट्रक में लगी आग जलकर हुआ खाक



**औबेदुल्लागंज।** मिडवे ट्रीट भोजपुर जोड़ पर ट्रक में आग लग गई। इसके बाद ड्राइवर कूदकर भाग निकला। टीआई भारत प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## उपाध्याय विशोक सागर मुनिराज ससंघ आए




**औबेदुल्लागंज।** रविवार को परम पूज्य राष्ट्र संत गणाचार्य विराग सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य उपाध्याय विशोक सागर मुनिराज ससंघ भोजपुर आए। वहां से रविवार सुबह भारत की ऐतिहासिक राजाभोज की नगरी एवं अतिशय क्षेत्र भोजपुर श्री शान्तिनाथ मंदिर में मंगल प्रवेश हुआ। उपाध्याय श्री के सानिध्य में मूल नायक शांतिनाथ भगवान का मस्तकाभिषेक एवं शान्ति धारा हुई, जिसमें भोपाल, मंडीदीप, औबेदुल्लागंज, दिल्ली आदि स्थानों से आए लोग शामिल हुए।

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का मामला

# पहलगाम मामले में आरोपी बताकर एडवोकेट को किया डिजिटल अरेस्ट, तीन घंटे तक रखा बंधक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रविवार दोपहर साइबर जालसाजों ने सीनियर अधिवक्ता को डिजिटल अरेस्ट कर लिया। साइबर जालसाजों ने खुद को पुणे की एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड का अधिकारी बताया और उन्हें धमकाने लगे।

जालसाजों ने उन्हें धमकी दी थी कि आप पहलगाम मामले में दोषी हैं। धमकी दी कि यदि कॉल डिस्कनेक्ट किया या फिर कोई चालाकी की तो गिरफ्तारी करने टीम पहुंच जाएगी। सीनियर अधिवक्ता के बेटे ने उन्हें परेशान देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीनियर अधिवक्ता को साइबर जालसाजों के चंगुल से मुक्त कराया। अज्ञात साइबर जालसाजों पर प्रकरण दर्ज कर पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

### » जालसाजों ने खुद को बताया पुणे की एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड, पुलिस ने ठगी होने से बचाया

### ठगों ने दोषमुक्त करने का आश्वासन देकर पीड़ित से रकम की मांग की

पुलिस के अनुसार जियाउल हसन, 165-ए हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कोहेफिजा में रहते हैं। उनके पिता शमसुल हसन (65) सीनियर अधिवक्ता हैं। रविवार दोपहर पिता के पास नए नंबर से वीडियो कॉल आया। कॉलर ने खुद को पुणे की एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड का अधिकारी बताया और कहा कि आप पहलगाम मामले में दोषी है। करीब तीन घंटे तक उनसे वीडियो कॉलिंग पर जालसाज एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड का अधिकारी बनकर बातचीत करता रहा। उन्हें दोषमुक्त करने का आश्वासन देकर रकम की मांग की जाती। इससे पहले ही बेटे जियाउल हसन ने पुलिस को सूचना दी।


पुलिस ने मौके पर पहुंच पीड़ित को ठगी से बचाया।

### साइबर ठगों ने रिसीव नहीं किया पुलिस कॉल

डिजिटल अरेस्ट की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शमसुल हसन को मुक्त करा लिया। समय रहते पुलिस के पहुंचने पर बड़ा साइबर फ्रॉड होने से पहले ही टल गया। पुलिस द्वारा शमसुल हसन के मोबाइल पर आए नंबर पर बात की, लेकिन जालसाज ने कॉल रिसीव नहीं किया। पुलिस नंबर की जानकारी जुटा रही है।

विधायक, जिलाध्यक्ष और पार्षद ने किया भूमिपूजन

# दानिश हिल्स में दो करोड़ से बनेगी पानी की टंकी


भूमिपूजन करते शर्मा, यति और भदौरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार के वार्ड क्रमांक 80 स्थित दानिश हिल्स में रहने वाले रहवासियों को अब पानी की समस्या से जल्द ही निजात मिलने वाली है।

रविवार विधायक रामेश्वर शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र यति, पार्षद सुनिता गुड्डू भदौरिया की उपस्थिति में दानिश हिल्स में पानी की टंकी और पेयजल पाइप लाइन का भूमिपूजन संपन्न हुआ। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि कोलार भोपाल के प्रमुख और आकर्षक उपनगर में शुमार हो चुका है। यहां पहली सिक्स लेन, चार लेन फोरलेन कॉरिडोर, पुल और जल निकासी व्यवस्था का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। कोलार राजधानी भोपाल का सबसे ज्यादा विकसित क्षेत्र बन गया है। पार्षद सुनिता गुड्डू भदौरिया ने बताया कि दानिश हिल्स में दो करोड़ की लागत से पानी की टंकी और पेयजल पाइप लाइन का कार्य किया जाएगा। वार्ड 80 में सड़क, पानी, सीवेज की समस्या से निजात दिलाने के लिए लगातार हर संभव प्रयास किए जा रहे है। भूमिपूजन के अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप पाटीदार, पार्षद ज्योति मिश्रा, बबीता डोंगरे, अनूप सिंह बैस व रहवासी उपस्थित रहे।

ऐशबाग के अहाता सिकंदर कुली में देर रात की घटना

# घर के सामने पटाखे जलाने पर विवाद, पड़ोसियों पर धारदार हथियार से हमला, फायरिंग भी की

*दो युवकों पर प्रकरण दर्ज* *हमले में एक युवक के पैर में लगा चाकू*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित अहाता सिकंदर कुली में शनिवार रात घर के सामने पटाखे जलाने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बाद दो लोगों ने पड़ोसी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया और फायरिंग भी की।

हमले में एक युवक के पैर में चाकू लगा है, जबकि देशी कट्टे से चली गोली दरवाजे के ऊपर लगी प्लास्टिक की चादर से आरपार हो गई। पुलिस ने साधारण धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद धारा बढ़ाई जा सकती है।

### गाली देने से मना करने पर आरोपी गिट्टी मारने लगे



पुलिस के अनुसार अहाता सिकंदर कुली ऐशबाग निवासी शफीक खान (30) प्राइवेट काम करते हैं। शनिवार एक नवंबर की रात करीब दस बजे मोहल्ले में रहने वाले तौफीक और सिराज उनके घर के सामने रेलवे ट्रैक पर पटाखे जला रहे थे। घर के सामने पटाखे जलाने की वजह से शफीक के परिवार की नींद हराम हो गई। बार-बार उनकी नींद खुल रही थी। इस पर शफीक ने तौफीक व सिराज को घर के सामने पटाखे न जलाने की हिदायत दी। यह बात उन्हें बुरी लगी और वे दोनों गाली-गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर दोनों पटरी से गिट्टी उठाकर मारने लगे। शफीक ने कहा कि वह शिकायत दर्ज कराने थाने जा रहा है। यह सुनते ही तौफीक और सिराज वहां से भाग निकले। इसके बाद रात करीब 12 बजे दोनों दोबारा शफीक के घर के सामने पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उनकी दुकान के शटर पर किसी चीज से मारा। शोर सुनकर शफीक और उनका भाई अनस बाहर निकले तो देखा कि तौफीक व सिराज के पास धारदार हथियार हैं। देखते ही उन लोगों ने हमला कर दिया। अनस के पैर में धारदार हथियार लगने से चोट आई है। आरोपियों ने देशी कट्टे से फायर भी किया, जो शफीक के घर की प्लास्टिक की चादर छेदकर आरपार हो गया। हमला करने के बाद दोनों आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद शफीक अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचा और तौफीक व सिराज के खिलाफ प्रकरण दर्ज करा दिया।

### दुपट्टे का फंदा बनाकर बल्ली में लगाई युवक ने फांसी

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित मीरा नगर झुग्गी में 19 साल के युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश पिता ने बल्ली पर दुपट्टे के फंदे के सहारे लटकी देखी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को मृतक के पास सुसाइड नोट नहीं मिला है। एएसआई सुधाकर शर्मा ने बताया कि मयूर गौतम पिता नीलकमल गौतम (19) मीरा नगर झुग्गी, हबीबगंज में रहता था और प्राइवेट काम करता था। उसके पिता नीलकमल मेहनत मजदूरी करते हैं। नीलकमल गौतम ने बताया कि परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटियां और सबसे छोटा बेटा मयूर था। वे दो बेटियों की शादी कर चुके हैं। पांच दिन पहले ही बेटी और मां को वह महाराष्ट्र स्थित उनके मायके छोड़कर आया था। रविवार सुबह पिता काम पर चले गए थे। वहां से दोपहर करीब दो बजे घर लौटे। इस दौरान अंदर कमरे में मयूर बल्ली पर दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटका मिला। वे मयूर को फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर मयूर को मृत घोषित कर दिया।

### रातीबड़ में नीम नदी पुलिया के नीचे मिला युवक का शव, शरीर पर नहीं मिले चोट के निशान

▶ 28 अक्टूबर से था लापता, पत्नी ने दो दिन बाद कराई थी गुमशुदगी दर्ज

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित नीमखेड़ा में नीम नदी पुलिया के नीचे पानी में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बीलखेड़ा में रहने वाले सख्श के रूप में कर ली गई है। वह 28 अक्टूबर की सुबह घर से काम करने का कहकर निकला था। इसके बाद से ही लापता था। 31 अक्टूबर की रात उसकी पत्नी ने रातीबड़ थाने पहुंचकर उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार विनोद जाटव पिता पूरण जाटव (35) गांव बीलखेड़ा में रहता था और मजदूरी करता था। गत 28 अक्टूबर की सुबह वह घर से काम पर जाने का कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। उसकी पत्नी सीमा जाटव ने उसकी दो दिन तक तलाश की, पर कुछ पता नहीं चला। 31 अगस्त की रात 9 बजे सीमा ने पति विनोद की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इसी बीच 1 अक्टूबर शनिवार सुबह 6 बजे सूचना मिली कि नीम नदी पुलिया के नीचे किसी युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस और एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। पुलिस को विनोद के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले है। वह शराब पीने का आदी था। अनुमान है कि पुलिया पर बैठकर शराब पीते समय वह पानी में गिरा था।

## महावडिया में रामेश्वर ने किया ओपन जिम का शुभारंभ


उपकरण पर व्यायाम करते विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फंदा ब्लॉक की ग्राम पंचायत महावडिया की कॉलोनी आईवीडी कोलार रोड में जिला पंचायत सदस्य चंद्रेश सुरेश राजपूत के प्रयासों से ओपन जिम का निर्माण किया गया। जिसका शुभारंभ रविवार को विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर करवाया। ओपन जिम खुलने से कॉलोनी के निवासियों में खुशी का माहौल था।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनोहर मीना, सुरेश राजपूत, जनपद पंचायत फंदा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवानी मिश्रा, सरपंच सुमन कन्नौज, जनपद के अधिकारी सतीश चौरसिया, दिलीप शिंदे, सचिन, तेज सिंह गुर्जर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी मौजूद थे।

## शालिगराम-तुलसी विवाह...



**औबेदुल्लागंज।** देर रात तक भगवान शालिगराम माता तुलसी का विवाह संपन्न हुआ। भोजपुर नारी शक्ति प्रभात फेरी मंडल द्वारा कई वर्षों से तुलसी विवाह की परंपरा चली आ रही है। इस अवसर पर भोजपुर नारी शक्ति अध्यक्ष आरती यादव, नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, रामस्वरूप मीना साहू, अनिता पांडे, प्रियंका गुप्ता, उषा चौहान, भागवती साहू, मंजू साहू मौजूद रही।

जन अभियान परिषद का आयोजन

# विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक कर लोगों को दिया स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का संदेश


नुक्कड़ नाटक में लोगों को स्वदेशी उत्पादों के लिए प्रेरित करते विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में जन अभियान परिषद द्वारा स्वदेशी अपनाओ-वोकल फ़ॉर लोकल विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर विकास प्रस्फुटन समिति जाटखेड़ी और जीवताशा फाउंडेशन का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का आयोजन राजाभोज आर्केड एवं न्यू मार्केट परिसर में किया गया। जहां लोगों को जागरुक किया गया।

### स्वदेशी के लिए किया प्रेरित

कार्यक्रम में नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष कार्तिक जैन, सचिव योगेंद्र परमार, समाजसेवी बालकिशन व्यास उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पार्षद अर्चना परमार, सूरज परमार, लक्ष्मण परमार उपस्थित रहे। नाटिका को एक्सिलेंस कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया, जिन्होंने शानदार अभिनय से स्वदेशी उत्पादों के उपयोग का सशक्त संदेश दिया। दर्शकों ने स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।

स्नेह मिलन का किया आयोजन

# भजन प्रतियोगिता समिति ने दिया आय-व्यय का ब्यौरा


कार्यक्रम में उपस्थित भजन प्रतियोगिता के पदाधिकारी व सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रविवार को राज्य स्तरीय विशाल भजन प्रतियोगिता समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों की उपस्थिति में धाकड़ मैरिज गार्डन में भजन प्रतियोगिता के आय-व्यय का विवरण एवं अनुमोदन एवं स्नेह मिलन कार्यक्रम रखा गया। इस उपलक्ष्य में सदस्यों को शुभकामनाएं दी गई एवं हरिभूमि की धार्मिक एवं भजनों की खबरों को प्रकाशित करने पर प्रशंसा की गई।

आगामी वर्ष में भी भजन प्रतियोगिता को और भव्य बनाने के लिए सदस्यों ने सहमति प्रदान की।

युवक ने भगवान झूलेलाल पर विवादित टिप्पणी की

# सिंधी समाज सड़कों पर उतरा, अग्रवाल समाज ने थाने में दर्ज कराई शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

छत्तीसगढ़ जौहर पार्टी के प्रमुख अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज और भगवान झूलेलाल पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पूज्य सिंधी पंचायत संत हिरदाराम नगर ने रविवार को विशाल प्रदर्शन चंचल चौराहा पर किया। जहां सैकड़ों लोगों ने अमित बघेल के खिलाफ देशद्रोही की एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की। अग्रवाल समाज ने भी भगवान महाराजा अग्रसेन के खिलाफ की गई टिप्पणी के विरोध में समाज के प्रमुख विष्णु बंसल व राम बंसल के नेतृत्व में शिकायत दर्ज कराई।


चंचल चौराहे पर विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपते पूज्य सिंधी पंचायत पदाधिकारी

### देशद्रोह की एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग

पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने कहा कि किसी को अधिकार नहीं है कि वे किसी अन्य धर्म, जाति या भाषा पर टिप्पणी करें। बघेल के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई कर गिरफ्तार किया जाए। इस अवसर पर भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष कमल वीधानी व थोक वस्त्र व्यवसाय संघ के पूर्व अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश इसरानी ने भी बघेल पर देशद्रोह की एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की, जिससे किसी देशद्रोही को मौका न मिले। इस अवसर पर थाना प्रभारी की अनुपस्थिति में एसआई सचिन वर्मा को ज्ञापन सौंपकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। प्रदर्शन का संचालन उपाध्यक्ष जगदीश आसवानी ने किया। इस अवसर पर नंद दादलानी, भरत आसवानी, जगदीश आसवानी, गुलाब जेठानी, माधव पारदासानी, हरीश मेहरचंदानी, नरेश तोलानी, घनश्याम लालवानी, कन्हैया इसरानी आदि मौजूद रहे।

साढ़े तीन लाख की मशीन महज 60 हजार रुपए में बेचकर कर लिया था बंटवारा

मशीन चुराने वाले पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

# डीजे वाहन से दो एंप्लीफायर मशीन चुराने वाले गिरफ्तार, खरीदार को भी धरदबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्टेशन बजरिया पुलिस ने डीजे वाहन से दो एंप्लीफायर मशीन चुराने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक नाबालिग है।

उक्त मामले में साढ़े तीन लाख रुपए के एंप्लीफायर को महज 60 हजार रुपए खरीदने वाले खरीदार को भी आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार दिनेश साहू निवासी पुष्पा नगर ने शिकायत करते हुए बताया कि उनका डीजे साउंड का काम है।

**डीजे वाहन में लगे कैबिन के ताले टूटे मिले**

### स्टेशन बजरिया पुलिस ने की कार्रवाई

गत 24 मई को दिनेश ने अपने डीजे वाहन को राजेंद्र नगर पानी की टंकी के पास खड़े किया था। 1 मई को डीजे वाहन के पास पहुंचे तो डीजे वाहन में लगे कैबिन के ताले टूटे मिले। कैबिन में रखी दो एंप्लीफायर मशीन नहीं थी। 6 मई को पुलिस ने उनकी शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में एक संदिग्ध कार घटनास्थल और आसपास आती-जाती नजर आई। कार के बारे में पता लगाया गया। पता चला कि कार रोहित पवार की है। पुलिस ने रोहित पवार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपने चार साथियों के साथ मिलकर डीजे वाहन से दो एंप्लीफायर चुराने की बात स्वीकार ली।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

### अन्य डीजे संचालक को बेच दिए एंप्लीफायर

आरोपी ने बताया कि चुराए गए एंप्लीफायर उसने शाहपुरा सी सेक्टर चूनाभट्टी निवासी मोहित चौहान (26) को 60 हजार रुपए में बेचे थे। रकम आपस में बांट ली। पुलिस ने खरीदार मोहित को भी आरोपी बनाते हुए चोरी गए एंप्लीफायर बरामद कर लिए है।

### इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने चोरी के मामले में रोहित पवार (23) सौरभ कॉलोनी, स्टेशन बजरिया, आदिल खान पिता समिम खान (25) राजेन्द्र नगर, स्टेशन बजरिया। दर्शन दवे पिता हरीश दवे (23) राजेन्द्र नगर, स्टेशन बजरिया। लोकेश ठाकुर उर्फ डबराल पिता वीर सिंह ठाकुर (18) राजेन्द्र नगर, स्टेशन बजरिया सहित बालअपचारी को गिरफ्तार किया है। साथ ही एंप्लीफायर मशीन सस्ते दाम में खरीदने वाले मोहित चौहान पिता चंदन सिंह चौहान (26) शाहपुरा सी सेक्टर थाना चूनाभट्टी को गिरफ्तार किया।

रक्तदान शिविर लगाया

## कोठारी बंधुओं के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता


शिविर में रक्तदान करते पदाधिकारी

**संतनगर।** संत हिरदाराम जिला ने हलालपुर स्थित लायन सिटी गार्डन में कोठारी बंधुओं की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह कार्यक्रम बजरंग दल कोठारी बंधु स्वर्गीय शरद कोठारी एवम राम कुमार कोठारी के बलिदान दिवस (हुतात्मा दिवस) के रूप में मनाता है। कार्यक्रम में विहिप बजरंग दल के जीवन शर्मा, अभिजीत, कमलेश रायचंदानी, चंदू सबनानी, जिला जीतू कटारिया, गजेंद्र मेवाड़ा, भूपेंद्र गुर्जर, संदीप जैन, नरेश चौहान, मनीष शर्मा, सोनू मीना, त्रिलोक ख्यानी, दशरथ राजपूत, युवराज मीना, करण नागर आदि मौजूद रहे।

# तकनीकी बदलाव, अध्ययन सामग्री की दी छात्रों को ज्ञानवर्धक जानकारी


विद्यार्थियों को जानकारी देते विशेषज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मप्र जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक वरूण आचार्य ने विकास कार्य के लिए तैयार किए जा रहे कार्यक्रम सीएमसीएलडीपी की वीर सावरकर महाविद्यालय में जानकारी दी। सत्र 2025-26 में हुए तकनीकी बदलाव एवं अध्ययन सामग्री की भी ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई। इस दौरान आचार्य ने कहा कि सरकार के साथ स्वयंसेवी संगठनों, स्टूडेंट को नई शिक्षा नीति अनुसार जोड़ने का प्रयास है। एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू पाठयक्रम से हम उन प्रतिभाओं को आगे ला रहे हैं, जो समाज के लिए कुछ करना चाह रही हैं। इस अवसर पर ब्लाक समन्वयक निशा बहेकर, मेंटर एवं स्टूडेंट उपस्थित थे।

# विकसित एवं आत्मनिर्भर मप्र का रोडमैप है विजन डॉक्यूमेंट

# वर्ष 2047 तक में प्रति व्यक्ति आय 22 लाख रुपए, औसत आयु 84 वर्ष और साक्षरता दर 100 प्रतिशत तक बढ़ाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 'मध्यप्रदेश<\@>2047: विजन डॉक्युमेंट राज्य को आर्थिक रूप से सशक्त, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और नागरिक जीवन की गुणवत्ता को उच्चतम स्तर तक पहुंचाने का रोडमैप है।

विज़न डॉक्युमेंट में वर्ष 2047 तक प्रदेश को 2.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाले राज्य के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही प्रति व्यक्ति आय 22 लाख रुपए, औसत आयु 84 वर्ष और साक्षरता दर 100 प्रतिशत तक बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को औद्योगिक और सेवा क्षेत्र के साथ संतुलित कर राज्य को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने की रूपरेखा तैयार की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत<\@>2047' के विज़न से प्रेरित यह दृष्टिपत्र, संपन्न, सुखद और सांस्कृतिक जड़ों को सहेजे मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने का आधार बनेगा।

## वर्ष 2047 तक मप्र बनेगा 2.5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का प्रदेश

### जनभागीदारी से तैयार 'समृद्ध मप्र<\@>2047' दृष्टिपत्र



यह विजन डॉक्युमेंट राज्य की अब तक की सबसे बड़ी जनभागीदारी प्रक्रिया के माध्यम से बनाया गया है। इसमें चार लाख से अधिक नागरिकों, किसानों, विद्यार्थियों, उद्योगपतियों, विशेषज्ञों और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी रही है। राज्यभर में आयोजित जनसंवाद, निबंध प्रतियोगिताएँ, उद्योग जगत से परामर्श, शैक्षणिक सत्र और साइट इंस्पेक्शन से प्राप्त सुझावों को इसमें समाहित किया गया है। यह देश में अपनाई गई अनूठी प्रक्रिया है। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि यह दस्तावेज़ केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि नागरिकों की आकांक्षाओं और राज्य की सामूहिक दृष्टि का प्रतिबिंब है।

### 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025': आत्मनिर्भरता की दिशा में निर्णायक कदम

राज्य सरकार ने वर्ष 2025 को 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष' घोषित किया है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करना, औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देना और 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ाना है। इसके अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार, स्टार्टअप प्रोत्साहन, कौशल प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि समाज की सांस्कृतिक आत्मा और आध्यात्मिक पहचान को भी सशक्त करना है। मध्यप्रदेश अपनी गौरवशाली विरासत, कला, संस्कृति और नर्मदा जैसी जीवनदायिनी परंपराओं के बल पर भारत के विकास में मार्गदर्शक भूमिका निभाएगा।

### चार मार्गदर्शक सिद्धांतों पर आधारित है विजन डॉक्यूमेंट

'समृद्ध मप्र<\@>2047' विजन डॉक्युमेंट चार प्रमुख मार्गदर्शक सिद्धांतों पर केन्द्रित है। इन चार सिद्धांतों ने इस दृष्टिपत्र को संतुलित, व्यापक और यथार्थवादी दिशा प्रदान की है, जिससे यह केवल एक योजना नहीं बल्कि राज्य के भविष्य का जीवंत संकल्प बन गया है। यह रोडमैप 6 प्रमुख पड़ाव अगली पीढ़ी की कृषि और संबद्ध क्षेत्र, सतत औद्योगिक प्रगति, सेवा क्षेत्र का विस्तार, शहरी और ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकास, विश्वस्तरीय शिक्षा और कौशल विकास और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं से विकसित मध्यप्रदेश का लक्ष्य हासिल करेगा।

- *आर्थिक विकास पर फोकस- राज्य की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति से आगे बढ़ाने, रोजगार सृजन और प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने पर विशेष फोकस रखा गया है।*
- *क्षेत्रीय दृष्टिकोण और स्थानीय विशिष्टताओं का समावेश प्रदेश के विविध भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक स्वरूप को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक क्षेत्र के लिए अलग रणनीति बनाई गई है।*
- *विकसित भारत<\@>2047 के राष्ट्रीय विज़न में योगदान पर ध्यान- मप्र को भारत की विकास यात्रा का प्रमुख भागीदार बनाना इस विजन डॉक्युमेंट का प्रमुख उद्देश्य है।*
- *सहभागी और समावेशी दृष्टि- यह दृष्टिपत्र नागरिकों, विशेषज्ञों, उद्योगों और प्रशासन के संयुक्त परामर्श से तैयार हुआ है, जिससे प्रत्येक हितधारक इस परिवर्तन यात्रा का भागीदार बने। इनके साथ दो महत्वपूर्ण कारक कुशल शासन एवं नागरिक सेवा प्रदाय व्यवस्था' और 'नवाचार युक्त वित्तीय प्रबंधन एवं निवेश संवर्धन' को भी विजन डॉक्युमेंट में शामिल किया गया है।*

### सामूहिक प्रयासों से होगा 'समृद्ध मप्र' का सपना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिकों, युवाओं, उद्योगपतियों और सामाजिक संगठनों से आह्वान किया कि वे इस दृष्टिपत्र को एक जन आंदोलन के रूप में अपनाएं। यह विजन डॉक्युमेंट हमारी आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में पहला ठोस कदम है। सामूहिक प्रयासों से हम 2047 तक एक ऐसे मप्र का निर्माण करेंगे जो आत्मनिर्भर, समृद्ध और विश्व में अग्रणी होगा।

## फ्रिंज बेनिफिट्स पुनरीक्षित करने पर मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा विद्युत कंपनियों के अधिकारी-कर्मचारी हित में निर्णय लेते हुए वर्षों से लंबित फ्रिंज बेनिफिट्स को पुनरीक्षित करने का निर्णय लिया गया।

■ अधिकारियों कर्मचारियों के फ्रीन्ज बेनिफिट्स पुरीक्षिकरण की घोषणा की

मप्र के 70वें स्थापना दिवस एक नवंबर को ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों/कर्मचारियों के फ्रीन्ज बेनिफिट्स पुरीक्षिकरण की घोषणा की। सालों से लंबित फ्रीन्ज बेनिफिट्स को पुनरीक्षित करने की मांग का निराकरण होने पर पॉवर इंजीनियर्स एवं एम्प्लाइज एसोशिएसन (पीईईए) ने मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री एवं भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव अजय कुमार मिश्रा बताया कि कई सालों से फ्रिंज बेनिफिट्स पुनरीक्षित किए जाने की मांग की जा रही थी। विभिन्न बैठकों के माध्यम से ऊर्जा मंत्री, प्रमुख सचिव ऊर्जा के समक्ष फ्रिंज बेनिफिट्स (रात्रि पाली भत्ता, जोखिम भत्ता, यात्रा भत्ता, सी. आफ. का भुगतान सातवें वेतनमान से किये जाने, कम्पन्सेटरी अलाउन्स इत्यादि) पुनरीक्षित किए जाने की मांग रखी जा रही थी।

## 56 विभागों की 1700 सेवाएं और योजनाएं एक ही डिजिटल विंडो पर होंगी उपलब्ध

# एमपी ई-सेवा पोर्टल और मोबाइल ऐप की नई क्रांति का हुआ भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*मध्यप्रदेश ने सिद्ध किया 'डिजिटल गवर्नेंस ही गुड गवर्नेंस'*

मप्र के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'एमपी ई-सेवा पोर्टल और मोबाइल ऐप' का शुभारंभ कर डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में नई क्रांति का आगाज किया। यह एकीकृत नागरिक सेवा मंच अब 56 विभागों की 1700 से अधिक सरकारी सेवाओं और योजनाओं को एक ही डिजिटल विंडो पर उपलब्ध कराएगा।

'एमपी ई-सेवा' के माध्यम से वर्ष 2026 तक 100% ई-सेवा डिलीवरी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दरसअल, प्रदेश को देश के डिजिटल गवर्नेंस एनेबल्ड राज्यों में अग्रणी बनाने वाले इस पोर्टल को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) के सेंटर फॉर एक्सीलेंस ने विकसित किया है। इससे नागरिकों, विभागों और सेवाओं को एक ही डिजिटल ईको-सिस्टम में जोड़कर मप्र ने यह सिद्ध किया है कि डिजिटल गवर्नेंस ही गुड गवर्नेंस है।



फाइल फोटो

### नागरिकों के लिए एक पोर्टल, सभी सेवाएं एकीकृत

एमपी ई-सेवा पोर्टल पर राज्य शासन के 56 विभागों की 1700 से अधिक नागरिक सेवाओं को एकीकृत कर दिया गया है। अब इन सेवाओं के लिए अलग वेबसाइट पर लॉगइन करने और बार-बार दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। नागरिक ई सेवा.एमपी.जीओवी.इन और मोबाइल ऐप (एंड्रॉइड व आईओएस) के माध्यम से सभी सेवाओं के लिए पात्रता जांच, आवेदन, स्टेटस चैक करने के साथ ही अनुमोदन भी प्राप्त कर सकते हैं। एमपी ई-सेवा पोर्टल पर सभी चरण आधार आधारित प्रमाणीकरण, ई-साइन और डिजिटल प्रमाणपत्र से सुरक्षित हैं। इससे प्रक्रिया पूरी तरह पेपरलेस और फेसलेस बन गई है।

### 'एमपी ई-सेवा' और 'समग्र पोर्टल' का एकीकरण

'एमपी ई-सेवा' को समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के समग्र पोर्टल से जोड़ा गया है। प्रत्येक परिवार को 8-अंकीय परिवार आईडी और हर सदस्य को 9-अंकीय सदस्य आईडी दी गई है। यह एकीकरण नागरिकों की ऑटो-वेरिफिकेशन प्रक्रिया को सक्षम बनाता है, जिससे पात्रता की पहचान स्वतः ही हो जाती है और दोहराव अथवा देरी नहीं होती है। 'एमपी ई-सेवा' की प्रमुख विशेषता 'ऑटो-फेचिंग ऑफ़ डॉक्युमेंट्स' है, जिससे नागरिकों को बार-बार दस्तावेज़ अपलोड नहीं करने पड़ते। एक बार अपलोड किए गए दस्तावेज़ आगे की सभी सेवाओं में स्वतः उपलब्ध हो जाते हैं।

### मप्र में डिजिटल ट्रैक रिकॉर्ड

सितम्बर 2025 में आई राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा - वितरण आकलन (एनईएसडीए वे फॉरवर्ड ) रिपोर्ट के अनुसार, मध्यप्रदेश ने 1752 ई-सेवाओं को मैप किया है और सभी 56 अनिवार्य विभागीय सेवाओं को एमपी ई-सेवा' पोर्टल में 100% इंटीग्रेट कर देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। राज्य को 'सायबर तहसील' के लिए प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार और 'संपदा 2.0' के लिए राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस स्वर्ण पुरस्कार मिल चुके हैं।

### सुगम, सुरक्षित और नागरिक केंद्रित 'ऐप डिज़ाइन'

'एमपी ई-सेवा' पोर्टल का इंटरफ़ेस मोबाइल-फर्स्ट दृष्टिकोण पर आधारित है। इसमें बहुभाषीय सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही दिव्यांगजन के अनुप्रयोग को दृष्टिगत रखते हुए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया है। इससे शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों के उपयोगकर्ताओं के लिए उपयोग आसान होगा। प्रारंभिक मूल्यांकन तौर पर इससे गवर्नेंस लागत में लगभग 40 प्रतिशत की कमी आएगी, साथ ही वर्ष भर में नागरिकों के 50 मिलियन घंटों की भी बचत होगी।

## वॉश ऑन व्हील सेवा से स्वच्छता सेवाओं में तकनीकी नवाचार को मिलेगी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज. भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र 70वें स्थापना दिवस पर वॉश ऑन व्हील मोबाइल ऐप का लोकार्पण किया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, की इस अभिनव पहल से स्वच्छता सेवाओं में तकनीकी नवाचार को नई दिशा मिलेगी। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) पंचायत एव ग्रामीण विकास विभाग की ओर से शुरू की गई स्वच्छता साथी-वॉश ऑन व्हील सेवा एक ऐसी अनोखी पहल है जो प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल ऐप के माध्यम से व्यक्तिगत एव संस्थागत शौचालयों की साफ़-सफाई की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराती है। यह एक ऐसा नवाचार है जो शौचालयों की साफ़-सफाई के काम को एक आधुनिक समाधान प्रदान करता है। सबसे पहले यह नवाचार छिंदवाड़ा जिले से शुरू किया गया, जिसे एनआईसी-एमपी के सहयोग से मोबाइल एप्प तैयार कर राज्य स्तर पर लागू किया जा रहा है।



फाइल फोटो

### मोबाइल से होगी ऑनलाइन बुकिंग

वॉश ऑन व्हील मोबाइल ऐप के माध्यम से शौचालय सफ़ाई के लिए ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। यह एसएमएस आधारित सरल लॉगिन प्रणाली है। ऐप के माध्यम से सटीक लोकेशन चयन की जानकारी फीड है। सुविधा अनुसार दिनांक एवं समय का चयन किया जा सकता है। इस ऐप के माध्यम से बुकिंग की रीयल-टाइम ट्रैकिंग भी होगी। सेवा के बाद फीडबैक दर्ज करने की भी सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। सेवा उपरांत जियोटैगिंग से ऑनलाइन मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी रखी गई है।

### सुरक्षित एवं सम्मानजनक आजीविका के मिलेंगे अवसर

*अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास दीपाली रस्तोगी ने बताया कि स्वच्छता साथी-वाश ऑन व्हील की प्रमुख विशेषता ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों की साफ़-सफाई के लिए सुलभ, किफायती एवं त्वरित सेवा प्रदान करना है। प्रेशर मशीन जैसे आधुनिक उपकरणों एवं सुरक्षा किट के उपयोग से प्रभावी सफ़ाई होगी। प्रशिक्षित स्वच्छता साथियों के लिए सुरक्षित एवं सम्मानजनक आजीविका के अवसर मिलेंगे। दो-पहिया वाहनों की ओर से त्वरित पहुंच सेवा प्रदान की जाएगी। क्लस्टर-आधारित सेवा वितरण मॉडल द्वारा स्थायी स्वच्छता प्रबंधन किया जाएगा। इस सेवा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों के नियमित उपयोग को बढ़ावा देना भी है। घरेलू, संस्थागत एवं सामुदायिक शौचालयों में स्वच्छता प्रबंधन को सुदृढ़ करना और स्वच्छता साथियों को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं सतत आजीविका उपलब्ध कराना है।*

## विधायक पाठक ने ही की थी आर्म्स लाइसेंस रिन्यू की पैरवी

**भोपाल।** कटनी शहर के पूर्व आर्म्स डीलर नाजिम खान ने विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक को एक करोड़ का मानहानि का नोटिस भेजा है। विधायक संजय पाठक ने जिस आर्म्स डीलर पर अवैध हथियार बेचने के आरोप लगाए हैं उसके लाइसेंस का नवीनीकरण करने की पैरवी भी उन्होंने खुद की थी। 7 मार्च 2022 को विधायक ने तत्कालीन मुख्यमंत्री व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा को पत्र लिखकर कहा था कि जिला मजिस्ट्रेट ने नाजिम खान के डीलरशिप लाइसेंस नवीनीकरण का प्रस्ताव अनुशंसा सहित भेजा है, जो शासन स्तर पर विचाराधीन है।

■ आर्म्स डीलर पर अवैध हथियार बेचने के आरोप

### गांजा तस्करी के मामले में एफआईआर

उत्तरप्रदेश के चंदौली पुलिस ने 27 अक्टूबर को कटनी के नाजिम खान के खिलाफ गांजा तस्करी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। इस कार्रवाई के दौरान लगभग 52 किलो गांजा जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 13 लाख रुपए बताई जा रही है। जब्त कार पर फर्जी नंबर प्लेट जिस पर वीआईपी नंबर एमपी 21 जेडएफ 0001 लिखा था। पुलिस के अनुसार, कार चालक चांद बाबू ने अपने बयान में नाजिम खान का नाम लिया। लिहाजा चांद बाबू और नाजिम को आरोपी बनाया गया है। इस पूरे मामले में नाजिम खान का कहना है कि जिस वक्त गांजा पकड़ा गया, उस समय मेरी कार बीएमडब्लू मेरे घर पर ही खड़ी थी। यह एक साजिश है, जिसके चलते मुझे फंसाकर फर्जी प्रकरण दर्ज किया गया है। मैने उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए साक्ष्य सहित शिकायत भी की है। नाजिम खान विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक के करीबी रहे हैं, हालांकि अब दोनों एक-दूसरे के विरोधी हैं।





### जीतू-खरगे ने कांग्रेस पर ही फोड़ दिया बम

कांग्रेस के प्रमुख नेताओं में पिछले कुछ दिनों से बम फोड़ने की स्पर्धा चल रही है। कोई यह देखने तैयार नहीं कि इस धमाके से भाजपा का नुकसान होगा या कांग्रेस का। राहुल भाजपा के साथ हमेशा संघ को घेरते हैं लेकिन उन्होंने कभी उस पर प्रतिबंध की बात नहीं की। यह कमी खरगे ने पूरी कर दी और मांग कर डाली की संघ पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष जीतू ने नई बहस को जन्म दे दिया। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनी तो आरिफ मसूद को उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा। पटवारी की यह घोषणा इसलिए आत्मघाती साबित हो सकती है क्योंकि मप्र में मुस्लिम मतदाताओं के पास कांग्रेस के पक्ष में रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। अलबत्ता, इस घोषणा से कांग्रेस हिंदू वोटों का नुकसान और उठा सकती है।

### जबलपुर की बैठक से देश को संदेश दिया संघ ने

आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने यह जरूर कहा कि संघ सभी राजनीतिक दलों का है। इस समय बिहार विधानसभा के चुनाव चल रहे हैं। इसे लेकर होसबाले ने कहा कि संघ चाहता है कि बिहार चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो और देश के हालातों और परिस्थितियों को देखकर ही लोग मतदान करें। संघ के विषय में पश्चिम बंगाल भी है। संघ ने बंगाल के मौजूदा हालातों को विकट बताया और कहा कि बंगाल में द्वेष और नफरत फैल गया है, ये नहीं होना चाहिए। संघ ने मणिपुर के वर्तमान हालातों पर चिंता जताई। होसबाले ने कहा कि धर्मांतरण को रोकने और धर्मांतरित लोगों की घर वापसी के लिए भी संघ द्वारा कई काम किए जा रहे हैं।

### निगम-मंडलों में नियुक्तियों का रास्ता जल्द खुलेगा

- भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति के गठन के बाद बारी निगम-मंडलों में राजनीतिक नियुक्तियों और मंत्रिमंडल विस्तार की है। सवाल यह है कि पहले राजनीतिक नियुक्तियां होंगी या मंत्रिमंडल में फेरबदल? प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने इस बारे में संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि निगम-मंडलों में नियुक्तियों का रास्ता जल्द खुलेगा। अभी पदाधिकारियों की घोषणा हुई है, दूसरी नियुक्तियां भी जल्द होंगी। कार्यकर्ताओं को जहां एडजस्ट करना है जल्द करेंगे। खंडेलवाल के इस कथन के बाद पीछे के दरवाजे से सरकार का हिस्सा बनने के इंतजार में बैठे नेताओं को उम्मीद बंधी है। पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल विस्तार हो चुका है लेकिन मप्र में सिर्फ इंतजार हो रहा है। सबसे ज्यादा इंतजार में अमरवाड़ा के आदिवासी विधायक कमलेश शाह और बीना की निर्मला सप्रे हैं।

### हिंदुओं ने मुहल्ला छोड़ा तो रजिस्ट्री पर रोक

सागर के शुक्रवारी, शनिचरी वार्ड से लगभग 65 हिंदू परिवारों के पलायन की चर्चा अभी तक मीडिया में थी, अब इसकी चिंता संत समाज भी करने लगा है। हाल ही में मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज ने अपने प्रवचनों के दौरान इसका उल्लेख किया और हिंदुओं को आगाह भी कर दिया। यह दोनों वार्ड मुस्लिम बाहुल्य हैं। यहां के हिंदू परिवार मकान बेच कर शहर के दूसरे हिस्से में जा रहे हैं। कुछ हिंदुओं का कहना है कि घर के बाहर मांस के टुकड़े मिलते हैं। ऐसी खबरों की बिना जांच कराए कलेक्टर ने इस इलाके की रजिस्ट्री पर ही रोक लगा दी। सवाल है कि कलेक्टर को किस नियम के तहत इस तरह रजिस्ट्री पर रोक लगाने का अधिकार है?

### पारस की पीड़ा इतने वक्त बाद क्यों आई सामने?

मालवा अंचल के पारस जैन भाजपा के वे वरिष्ठ नेता हैं, जिन्हें 75 के फॉर्मूले के चलते विधानसभा का टिकट नहीं मिला था। पारस ऐसे में नेताओं में से ही एक हैं, जिनकी पीड़ा अब बाहर आई। उन्हें कहना पड़ा है कि अब न चुनाव लड़ने लायक समय बचा, न ही वैसे लोग बचे। उन्होंने नसीहत दी कि नेतृत्व को वरिष्ठ और जमीनी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना चाहिए। इतने समय बाद पारस को ऐसा क्यों कहना पड़ा? उज्जैन उत्तर विधानसभा सीट से 1990, 1993 और फिर 2003 से लगातार 2013 तक जीत दर्ज कर चुके पारस ने प्रदेश सरकार में आधा दर्जन से ज्यादा प्रमुख विभागों में मंत्री के रूप में कार्य किया है।

**दिनेश निगम 'त्यागी'**

## एसपी और पूर्व विधायक में भिड़ंत- बिना हेलमेट चला रहे बाइक, कट गया 2300 रुपये का चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के बालाघाट में शनिवार रात नो हेलमेट-नो राइड अभियान के दौरान उस समय हंगामा मच गया, जब एसपी आदित्य मिश्रा ने बिना हेलमेट बाइक चला रहे पूर्व विधायक उमाशंकर मुंजारे को रोक लिया। नियम तोड़ने पर एसपी ने उनका 2300 रुपये का चालान काट दिया, जिसके बाद दोनों के बीच बहस हो गई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

रात करीब साढ़े आठ बजे एसपी आदित्य मिश्रा अपने दल के साथ शहर में हेलमेट चेकिंग अभियान का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने पूर्व विधायक उमाशंकर मुंजारे को बिना हेलमेट बाइक चलाते देखा। एसपी ने उन्हें रोककर वाहन के कागजात मांगे। इस पर मुंजारे नाराज हो गए और बोले, क्या यह चोरी की गाड़ी है जो आप मुझसे कागज मांग रहे हैं। इसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने इस पूरे वाकये का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

## भाजपा सांसद गणेश सिंह का एक वीडियो तेजी से हुआ वायरल

# थप्पड़ विवादः पटवारी बोले-केस दर्ज नहीं हुआ तो 50 हजार लोगों संग आऊंगा, सीएसपी ने कहा-स्वागत है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के दौरान हुए थप्पड़ विवाद पर अब राजनीति गर्मा गई है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी और सतना नगर पुलिस अधीक्षक डीपी चौहान के बीच हुई बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें पटवारी कथित रूप से चेतावनी देते नजर आ रहे हैं कि अगर सांसद गणेश सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई तो वे 50 हजार लोगों को लेकर सतना पहुंचेंगे। इस पर सीएसपी चौहान का जवाब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया उन्होंने शांत स्वर में कहा कि आपका स्वागत है। यह पूरा मामला रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के दौरान उस समय शुरू हुआ जब भाजपा सांसद गणेश सिंह का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वे ननि के एक क्रेन ऑपरेटर गणेश को थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं।

## सामान्य प्रशासन विभाग अफसरों के प्रमोशन के संबंध में जल्द करेगा आदेश जारी

# 4 आईएएस अफसरों को मिलेगी बड़ी जिम्मेदारी और बनेंगे सेक्रेट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह समेत 4 आइएएस सचिव बनेंगे। इनमें उज्जैन संभागायुक्त आशीष सिंह, ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान समेत एक अन्य आइएएस शामिल हैं।

इसके अलावा करीब 50 आइएएस अधिकारियों का भी ओहदा बढ़ेगा। सामान्य प्रशासन विभाग अफसरों के प्रमोशन के संबंध में जल्द ही आदेश जारी करेगा। ये अतिरिक्त सचिव से सचिव, सचिव से प्रमुख सचिव, प्रमुख सचिव से अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नत होंगे। उधर राज्य प्रशासनिक सेवा (एसएएस) के 50 से 60 अफसरों को भी क्रमोन्नति मिलेगी। ये डिप्टी कलेक्टर से संयुक्त कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर से अपर कलेक्टर बनेंगे। इनका ग्रेड-पे भी बढ़ेगा। सरकार के स्तर पर ये तैयारियां शुरू कर दी है।



फाइल फोटो

### एसएएस के ग्रेड-पे में ऐसे होगी बढ़ोतरी

वहीं जो डिप्टी कलेक्टर क्रमोन्नति के दायरे में आएंगे, उन्हें संयुक्त कलेक्टर बनाकर ग्रेड-पे 5400 से 6600 किया जाएगा। इसी तरह संयुक्त कलेक्टर को अपर कलेक्टर बनाया जाएगा। जिनका ग्रेड-पे 6600 से बढ़ाकर 7600 होगा। जबकि क्रमोन्नति के लिए पात्र संयुक्त कलेक्टरों का ग्रेड-पे 7600 से बढ़कर 8700 होगा, इनके पदनाम में बदलाव नहीं होगा।

### कद बढ़ेगा, लेकिन करना होगा इंतजार

*प्रदेशभर में एसआइआर शुरू हो गया है, जिसमें कई आइएएस व एसएएस की सेवाएं ली जा रही है। ये वे अधिकारी है जो कलेक्टर से लेकर एसडीएम जैसे पदों पर काम कर रहे हैं। ऐसे में जिन अफसरों का ओहदा बढ़ना है और यदि वे एसआइआर से जुड़े कामों में लगे हैं तो उन्हें फरवरी के अंत तक मौजूदा पदों पर ही काम करना होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि काम खत्म होने तक मतदाता सूची से जुड़े कामों में लगे अफसरों को नहीं हटाया जाएगा।*

## पेज एक का शेष....

### आरजेडी ने कांग्रेस...

पद पर राजद के उम्मीदवार का नाम तय हो। लेकिन, राजद ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रखकर सीएम पद चोरी कर लिया। फिर जबरन सीएम पद की घोषणा करवाई गई। राजद और कांग्रेस दो परिवारों के बीच सिमटी हुई पार्टियां हैं। एक बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार और दूसरा देश का सबसे भ्रष्ट परिवार। अब इन दो परिवारों में ही जंग छिड़ गई है। जंगलराज के युवराज को लगता है कि एक युवराज की पदयात्रा ने उन्हें पैदल कर दिया। आज तक यह दोनों दल एक-दूसरे के बाल नोंचने में लगे थे। अब तो खबर यह है कि हर बूथ पर कांग्रेस के लोगों ने राजद को हराने की ठान ली है। आप देखिएगा कि 11 नवंबर को दूसरे चरण का मतदान खत्म होते ही राजद और कांग्रेस एक-दूसरे का सिर फोड़ने लगेंगे। बिहार का विकास एकजुट एनडीए ही कर सकता है। एनडीए सबको अवसर देता है। सबको सम्मान देता है। वहीं जंगलराज वालों के लिए सिर्फ अपना परिवार ही मायने रखता है। पीएम ने नवादा व आरा में सभाओं को संबोधित किया।

**राजद-कांग्रेस वालों से सावधान रहना:** पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस वालों के इरादे बेहद ही खतरनाक हैं। इसलिए आपको इनसे सावधान रहना है। यह लोग सिफ जंगलराज की पाठशाला में पढ़कर निकले हैं। इनके कारण उद्योग बंद हो गए। इनका रिकॉर्ड ही निवेशकों को भगाने का है। जब निवेशकों को लालटेन और लाल झंडा दिखेगा तो वह अपना पैसा लगाएगा क्या? निवेशक सिर्फ एनडीए सरकार ही ला सकती है। एनडीए सरकार विकास और विरासत दोनों को महत्व देते हुए आगे बढ़ रही है।

### राजद वालों ने ....

कुशासन और करप्शन ही जंगलराज की पहचान है। बेटियों से छेड़खानी, व्यापारियों से लूटपाट समेत सबकुछ राजद वाले मौका मिलते ही करने लगते हैं। कांग्रेस की पहचान सिखों के कत्लेआम से है। कांग्रेस के लोगों ने सिखों को नरसंहार किया था। आज भी कांग्रेस नरसंहार के आरोपियों को पूरे सम्मान के साथ अपनी पार्टी में आगे बढ़ा रही है। राजद और कांग्रेस को अपने किए गए कृत्यों का पछतावा नहीं है। राजद और कांग्रेस बिहार की पहचान खत्म करने में लगी हुई है।

### हमें मगध को ....

लोगों से अच्छा कौन जानेगा। नवादा, गयाजी, नालांदा, औरंगाबाद, जहानबाद या अरवल हो, इन सभी जगहों पर अद्भुद सामर्थ्य है। श्री कृष्ण बाबू ने बिहार के विकास की नींव रखी। यह धरती लोकनायक जयप्रकाश नारायण और भोला सिंह जैसे जनसेवकों की कर्मभूमि रही है। मगध पुरातन भारत की शान है। अब हमें मगध को और बिहार को फिर वही पुराना गौरव लौटाना है।

### भारत की बेटियां....

बनाए और प्रोटियाज को जीत के लिए 299 रन का टारगेट दिया। इसके जबाव में साउथ अफ्रीका की टीम 45.3 ओवर में 246 रन पर आउट हो गईं। साउथ अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में भारत के खिलाफ जमकर संघर्ष किया, लेकिन जीत का स्वाद ये टीम चख नहीं पाई और इस टीम को उप-विजेता रहते हुए संतोष करना पड़ा। इसके अलावा महिला वनडे वर्ल्ड कप के इतिहास में 25 साल के बाद दुनिया को भारत के रूप में नया चैंपियन मिल गया।

**तीसरी बार मिली सफलता:** भारतीय टीम तीसरी बार वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची थी। साल 2005 और साल 2017 में इस टीम का चैंपियन बनने का सपना टूट गया था, लेकिन साल 2025 में भारतीय महिला टीम ने अपने घर में कमाल की कर दिया और इस मौके को हाथ से नहीं जाने दिया और चैंपियन बनकर ही दम लिया।

### मप्र की बॉलर ...

का हिस्सा है। जैसे ही टीम इंडिया जीती क्रांति के गांव में जश्न शुरू हो गया। परिजन और पूरा गांव ढोल -नगाड़ों की थाप पर झूमे। साथ ही जमकर आतिशबाजी भी की। एक-दूसरे मिठाई खिलाकर बधाई दी। कहा कि हमें टीम इंडिया और बेटी क्रांति पर गर्व है। गांव वालों ने बड़ी एलईडी स्क्रीन पर मैच देखा। गांव में क्रांति के पोस्टर भी लगाए थे।

### 'जमीन पर बैठकर' ....

ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग में जिला अध्यक्षों से जिले की कार्यकारिणी पर भी चर्चा हुई। राव ने कहा कि इसमें सिफारिश नहीं बल्कि जिम्मेदारी संभालने वालों को चुना गया है। कार्यकारिणी के गठन में सक्रिय को ही टीम में रखना है। जिला अध्यक्षों के साथ अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी ट्रेनिंग ली। जीतू ने कहा कि सबको संगठन को मजबूत करना है। मैं अकेले जिम्मेदारी संभाल सकता हूं लेकिन जमीनी स्तर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी जिला अध्यक्षों की है। वो जिले में बेहतर तरीके से कांग्रेस की आवाज पहुंचा सकते हैं। जिलाध्यक्षों को बूथ, कैडर मैनेजमेंट, आइटी, सोशल मीडिया, जनता से जुड़े मुद्दे उठाने आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। ट्रेनर डेली रूटीन, पब्लिक डीलिंग, बूथ मैनेजमेंट, कैडर मैनेजमेंट से लेकर चुनौतियां और भविष्य की रणनीति सिखाएंगे। यहां प्रतिदिन व्यायाम भी होगा। इसके बाद पूरे दिन अलग-अलग विषयों के सत्र होंगे। ओपन सेशन भी होगा। जिसमें कार्यकर्ता विषय के बारे में सवाल कर सकते हैं। विषय विशेषज्ञ उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे।

**सृजन अभियान की समीक्षा, रणनीति पर होगी चर्चा:** जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस का यह प्रशिक्षण शिविर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होने बताया कि पचमढ़ी शिविर में वरिष्ठ नेता, संगठन पदाधिकारी और विभिन्न जिलों के अध्यक्ष शामिल होंगे। इस दौरान संगठन सृजन अभियान की समीक्षा और आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### मुकेश सहनी संग...

राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी के साथ उन्होंने मछलियां पकड़ीं और तैराकी करते भी नजर आए।

### इसरो ने बाहुबली....

इग्नाइट हुआ था। एलवीएम3-एम5 पावर्ड फ्लाइट के आखिरी फेज में पहुंचा। ये सैटेलाइट नौसेना का अब तक का सबसे एडवांस्ड (उन्नत) सैटेलाइट है। इससे नौसेना की स्पेस-बेस्ड कम्युनिकेशन (अंतरिक्ष से संचार) और समुद्री इलाके की निगरानी की क्षमता मजबूत हो जाएगी।

### खंडवा में मदरसे ...

10 लाख के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया था। मामला मीडिया में आने के बाद जावर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक शख्स ने देखा कि दो में से एक आरोपी तो पैठियां गांव की मस्जिद का इमाम जुबेर है। उसने जावर पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसके बाद पुलिस पैठियां गांव पहुंची और वहां लोगों से पूछताछ की। उच्च अधिकारियों ने मालेगांव पुलिस से संपर्क किया तो पता चला कि, उन्होंने उसी जुबेर नाम के शख्स को पकड़ा है, जो पैठियां की मस्जिद का इमाम है। इसके बाद डीएसपी हेडक्वार्टर अनिल सिंह चौहान, टीआई सुलोचना गहलोद ने मदरसे में आरोपी जुबेर के कमरे की तलाशी। जुबेर मूल रूप से बुरहानपुर जिले के हरिपुरा क्षेत्र का निवासी है। वह मदरसे की ऊपरी मंजिल पर किराए के कमरे में रहता था। पुलिस को आशंका है कि तस्करी का बड़ा नेटवर्क यहां सक्रिय हो सकता है।

### यदि छवि बिगाड़ी तो....

होगी। मंत्री के सोशल प्लेटफॉर्म पर लाइव आने के पीछे का मुख्य कारण तीन दिन पहले जबेरा विधानसभा के एक घटनाक्रम से जुड़ा है। जहां एक यू ट्यूबर ने सिग्रामपुर गांव में शराब बंदी को लेकर एकत्रित लोगों के बीच मंत्री धर्मेंद्र लोधी और पशुपालन मंत्री लखन पटेल को निशाना बनाने का प्रयास किया था। वहां मौजूद लोगों के माध्यम से मंत्रियों के शराब माफिया से मिले होने की बात का जिक्र किया गया था। इसके बाद मंत्री के निर्देश पर जबेरा पुलिस ने शुक्रवार रात यू ट्यूबर राघवेंद्र राठौर पर मामला दर्ज किया। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। इस गिरफ्तारी को लेकर यूट्यूबर ने पुलिस पर मारपीट के आरोप लगाए। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया जिसमें सब कुछ सामान्य निकला।

### यह परिवारवाद बनाम...

हमारी पार्टी में हर जाति, समाज और वर्ग के लोगों को समान अवसर मिलता है। जबकि अन्य दलों में परिवारवाद हावी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कर्पूरी ठाकुर को याद करते हुए कहा कि एनडीए सरकार ने उन्हें भारत रत्न देकर सच्ची श्रद्धांजलि दी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को भारत रत्न देने का साहस और संवेदनशीलता केवल मोदी सरकार ने दिखाई। यह सबका साथ, सबका विकास और सबका सम्मान की सच्ची मिसाल है। पहले भारत रत्न एक ही परिवार की चाहरदीवारी में कैद था। जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी सभी को यह सम्मान मिला, लेकिन उनके अलावा किसी को योग्य नहीं माना गया।

### कांग्रेसियों को ऐसा....

जब उनके हाथ में आर्थिक ताकत आ रही है, तो उन्हें तकलीफ हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार गरीब, किसान और महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। देश के किसानों को पहली बार सम्मान निधि देकर उनके परिश्रम का मूल्य देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। किसान हमारे देश के अन्नदाता हैं।

---

### 4 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदकों पर कब्जा कर जीती ट्रॉफी

# 53वीं ग्रुप-4 राज्य तैराकी प्रतियोगिता में भोपाल जिले के खिलाड़ी बने ओवरऑल उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में 2 नवंबर को मध्यप्रदेश तैराकी संघ द्वारा इंदौर जिला तैराकी संघ के तत्वाधान में आयोजित हुई 53 वीं राज्य चतुर्थ ग्रुप तैराकी प्रतियोगिता 9-10 वर्ष बालक बालिका में भोपाल जिले ने 4 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदकों पर कब्जा कर ओवरऑल उपविजेता ट्रॉफी जीती।

आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में भोपाल तैराकी संघ के सचिव रामकुमार खिलरानी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 24 इवेंट्स में भोपाल तैराकी संघ के तैराकों ने कुल 12 पदक जीते । भोपाल की तैराक तृषा पंथी ने 2 स्वर्ण, 2 रजत, तृषा विश्वकर्मा ने 1 स्वर्ण 1 रजत और 1 कांस्य दानिका बॉथम ने 1 रजत 1 कांस्य, सार सूरी ने 1 कांस्य पदक प्राप्त किया। 1 स्वर्ण 4 50 मीटर फ्रीस्टाइल और 1 रजत 4 50 मीटर मेडले रिले में आया।

यहां यह उल्लेखनीय है कि पिछली बार भोपाल ओवरऑल पांचवे स्थान पर था । इस टीम के कोच पंकज बाथम थे । दल की इस सफलता पर भोपाल तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल (लिलि), उपाध्यक्ष ब्रजेश राजपूत, जॉयसन सी.जे., सह सचिव गणेश कुण्टे एवं मुकेश मिश्रा ने प्रसन्ता व्यक्त करते हुए बधाई दी है ।


तृषा पंथी एवं तृषा विश्वकर्मा।


मेडल और प्रमाण पत्रों के साथ भोपाल टीम।

### स्कूल शिक्षा विभाग की 69वीं राज्य स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता

# भोपाल के प्रीतम ने 80 मी हर्डल्स में जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में 28 से 31 अक्टूबर तक आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय स्कूल शिक्षा विभाग की एथलीट प्रतियोगिता में प्रीतम कुमार आर्मी पब्लिक स्कूल भोपाल के धावक ने 80 मी हर्डल्स में गोल्ड मेडल प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त किया। आर्मी पब्लिक स्कूल के पीईटी विवेक गौर ने बताया कि प्रीतम ने पहली बार एथलीट प्रतियोगिता में भाग लेते हुए डिस्ट्रिक्ट लेवल ,डिवीजन लेवल और स्टेट लेवल में 80 मी हैंडल्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रीतम 1 से 5 दिसंबर तक इंदौर एमरॉल्ड हाई स्कूल में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर स्कूल की प्राचार्य प्रियंका त्रिवेदी ने विवेक गौर एवं प्रीतम कुमार को शुभकामनाएं दी। कोच विवेक ने बताया कि आने वाली प्रतियोगिता के लिए टीटी नगर स्टेडियम में वरिष्ठ कोचिंग की मदद और मार्गदर्शन के माध्यम से प्रीतम कुमार को नेशनल के लिए तैयारी कराई जाएगी, जिससे कि वह मध्य प्रदेश और अपने स्कूल का नाम रोशन कर सके।

पूर्व में भी आर्मी पब्लिक स्कूल के कई छात्रों ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कोचों के मार्गदर्शन में तैयारी कर राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल अर्जित किए हैं l

# भोपाल की नन्ही श्रवि डेहरिया ने किया कमाल



### सिर्फ 5 साल की उम्र में तीन कूडो प्रतियोगिताओं में जीते रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की नन्ही खिलाड़ी श्रवि डेहरिया, जो मात्र 5 वर्ष की हैं और कक्षा केजी-2 में पढ़ती हैं, ने अपनी अद्भुत खेल प्रतिभा से सबको चौंका दिया है। इतनी कम उम्र में श्रवि ने लगातार तीन बड़ी कूडो प्रतियोगिताओं में रजत पदक जीतकर अपने शहर और प्रदेश का नाम रोशन किया है। सूरत (गुजरात) के पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम में 24 से 30 अक्टूबर तक आयोजित अक्षय कुमार 17वीं इंटरनेशनल कूडो टूर्नामेंट 2025-26 में श्रवि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। इसके साथ ही, उन्होंने 16वीं कूडो नेशनल टूर्नामेंट 2025-26 और 6वीं कूडो फेडरेशन कप 2025-26 में भी शानदार प्रदर्शन किया और दोनों प्रतियोगिताओं में रजत पदक अपने नाम किए। केवल पांच वर्ष की उम्र में इतनी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर श्रवि ने यह साबित किया है कि मेहनत और लगन उम्र की मोहताज नहीं होती। नन्ही श्रवि का कहना है कि मुझे खेलना बहुत अच्छा लगता है। मैं बड़ी होकर भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतना चाहती हूं। श्रवि के माता-पिता और कोच ने उनकी इस सफलता पर खुशी यक्त की है।

# जल क्रीड़ा केंद्र में प्रशांत कुशवाहा का अभिनंदन


कुशवाहा का अभिनंदन करते मप्र कैनोइंग एवं कयाकिंग फेडरेशन के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित छोटे तालाब जल क्रीड़ा केंद्र में एशिया कैनोइंग-कयाकिंग फेडरेशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रशांत कुशवाह को मध्यप्रदेश कैनोइंग एवं कयाकिंग फेडरेशन के पदाधिकारियों द्वारा शुभकामनाएं दी एवं उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मप्र फेडरेशन के अध्यक्ष पीएस बुंदेला एवं पदाधिकारियों में जीएल यादव, विजय मिश्रा, हर्ष लिटोरिया, प्रदीप मुखरैया, विपिन कुर्मी, सीताशरण तिवारी उपस्थित रहे। इस उपलक्ष्य पर अध्यक्ष बुंदेला ने प्रशांत कुशवाहा का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# अंडर 22 और अंडर 15 बीडीसीए की टीम के लिए सिलेक्शन ट्रायल्स 8-9 नवंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'परमानंद भाई पटेल' अंडर-22 बॉयज मल्टी डेज इंटर डिविजनल क्रिकेट प्रतियोगिता भाग लेने के लिए भोपाल संभाग क्रिकेट संघ (बीडीसीए)की टीम सिलेक्शन ट्रायल्स दिनांक 8-9 नवंबर (शनिवार एवं रविवार) 2025 को प्रातः 9 बजे से ओल्ड कैंपियन खेल मैदान पर आयोजित की जाएगी।

इस सिलेक्शन ट्रायल में जिन खिलाड़ियों का जन्म 1.9.2003 या उसके बाद हुआ है वह भाग ले सकते हैं। इसके साथ ही दिनांक 8-9 नवंबर 2025 (शनिवार रविवार) को भोपाल संभाग की अंडर-15 बॉयज टीम का एम.एम. जगदाले मल्टी डेज ट्रॉफी प्रतियोगिता के लिए के लिए भी सिलेक्शन ट्रायल्स बाब-ए-अली खेल मैदान पर प्रातः 9:00 बजे से आयोजित की गई है।

इन ट्रायल्स में वह खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनका जन्म 1.9.2010 से 31.8. 2012 के मध्य हुआ है एवं दोनों ट्रायल्स में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन वर्ष 2025-26 के लिए भोपाल संभाग क्रिकेट संघ में करवा लिया है।

### सिलेक्शन कमेटी अंडर 22

- प्रदीप देशमुख (अध्यक्ष)
- आरके दीक्षित (उपाध्यक्ष)
- राजीव सक्सेना (कन्वीनर)
- अतहर अहमद (मेंबर)
- डीके जैन (मेंबर)
- उमर खान 'बाबा'(मेंबर)
- संदीप डोंगर सिंह (मेंबर)

### सिलेक्शन कमेटी अंडर-15

- अविनाश पाठक (अध्यक्ष)
- अभिषेक सिंह (कन्वीनर)
- अरविंद वर्मा (मेंबर)
- समीर मिरीकर (मेंबर)
- अमिताभ वर्मा (मेंबर)
- अजय डेविड (मेंबर)
- जितेंद्र प्रताप सिंह (मेंबर)

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

Kurl-on | Sleepwell | Springwel | bond Foam & Mattress
GUPTA DECOR & FURNISHING
Product Range Available
Sofa Cloth | Curtains | Wallpapers | Blinds
Pu Foam | Mattress | Carpets | Bed Sheet
WPC Doors | Door | Louvers | Glass Work
Wall Art | Wooden Flooring | Aluminium Work
Festive Offers Get Upto 20%* Off on All Product Range
CONTACT US 90009303994 | 8226043994 | 9981047959 | 9074270227
Shop No.222, Behind Sargam Talkies, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal
SUNDAY OPEN

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुतली कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

### आवश्यक सूचना


पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक

## राशिफल

- **मेष:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।
- **वृष:** मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।
- **मिथुन:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।
- **कर्क:** परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।
- **सिंह:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।
- **कन्या:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।
- **तुला:** वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।
- **वृश्चिक:** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।
- **धनु:** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।
- **मकर:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।
- **कुंभ:** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।
- **मीन:** मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


## शब्द पहेली - 6036



**बाएं से दाएं-**
1.दयालु,उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.शोभा,रौनक-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.अंधा कुआं,काना कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना, भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.सबसे अजगर,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा-2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाइन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नह,अहोभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना-2,3
25.होशियार-5
26.सुर आलाप-2,2
27.अधिकार-2
31.प्रतिज्ञा-3
33.आकांक्षा,अभिलाषा-3
35.राह,मार्ग-2
37.टैक्स,हाट-2

### शब्द पहेली - 6035 का हल



## सूडोकु नवताल - 6046

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENAPATHI, BANGALORE

### सूडोकु नवताल - 6045 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

**खबर संक्षेप**

## एसबीआई ने कर्मचारी के लिए 'एसबीआई स्टार' किया शुरू




**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने वार्षिक कर्मचारी उत्कृष्टता पुरस्कार 'एसबीआई स्टार' (कर्मचारी प्रतिभा स्वीकृति एवं मान्यता) की शुरुआत की है। यह पुरस्कार पेशेवर क्षेत्रों से इतर कर्मचारियों की उत्कृष्टता को मान्यता देने के लिए एक सुव्यवस्थित ढांचा है।

## एनएसई का आईपीओ जल्द ही पेश होगाः सेबी




**मुंबई।** पूंजी बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को कहा कि लंबे समय से लंबित एनएसई का आईपीओ जल्द ही आएगा। पांडेय ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि उनकी पूर्ववर्ती माधवी पुरी बुच के जाने के बाद सेबी ने हितों के टकराव के खुलासे से संबंधित एक व्यवस्था बनाने के लिए एक समिति का गठन किया था।

## बैंक ऑफ बडौदा के लाभ में आठ फीसदी गिरावट




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत घटकर 4,809 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने शेयर बाजार को जुलाई-सितंबर तिमाही के इस वित्तीय नतीजे की जानकारी दी। बीओबी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,238 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

## सितंबर में चाय का उत्पादन 5.9% घटा



**कोलकाता।** सितंबर, 2025 के दौरान चाय का उत्पादन 5.9 प्रतिशत घटकर 15.99 करोड़ किलोग्राम रह गया है। पिछले साल समान अवधि में यह 16.99 करोड़ किलोग्राम था। सितंबर, 2025 के दौरान असम में चाय उत्पादन 9.47 करोड़ किलोग्राम पर लगभग स्थिर रहा, जबकि 2024 की इसी अवधि में यह 9.40 करोड़ किलोग्राम था।

## ओयो ने बोनस इश्यू के लिए आवेदन की सीमा बढ़ाई




**नई दिल्ली।** यात्रा प्रौद्योगिकी मंच ओयो ने अपने गैर-सूचीबद्ध इक्विटी शेयरधारकों के लिए संभावित आईपीओ से संबंधित बोनस शेयर जारी करने के आवेदन की अंतिम तिथि एक नवंबर से बढ़ाकर सात नवंबर कर दी है। उसने निवेशकों को उनके लिए उपयुक्त बोनस विकल्प चुनने के लिए पर्याप्त समय देने का निर्णय लिया है।

# जीएसटी कटौती से छोटी कारों की बिक्री में आई तेजी : मारुति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर. सी. भार्गव ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से छोटी कारों की मांग में आई तेजी दर्शाती है कि भारतीय उपभोक्ताओं के अब छोटी कारों की जगह बड़े आकार वाले वाहनों को प्राथमिकता देने की धारणा बदल रही है।

- बदले हुए हालात में कुछ निर्माता कंपनियां अपने उत्पादों में संशोधन कर रही

भार्गव ने कहा कि बदले हुए हालात में कुछ कार विनिर्माता कंपनियां अपने उत्पादों की पेशकश में संशोधन कर सकती हैं। भार्गव ने कंपनी के तिमाही नतीजों पर चर्चा के दौरान कहा कि मारुति सुजुकी अपनी पांचवें विनिर्माण संयंत्र की स्थापना का फैसला करने के करीब है और अगले कुछ महीनों में इसकी घोषणा की जा सकती है।

**अब उपभोक्ताओं की बड़े वाहनों को प्राथमिकता देने की धारणा बदल रही**

### 1200 सीसी से कम इंजन क्षमता पर 28 की जगह 18 फीसदी जीएसटी

जीएसटी दरों में संशोधन के बाद 1,200 सीसी से कम इंजन क्षमता और 4,000 मिमी तक लंबाई वाले पेट्रोल, एलपीजी एवं सीएनजी वाहनों पर जीएसटी कर की दर 28 प्रतिशत एवं उपकर से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। भार्गव ने अक्टूबर महीने के बिक्री प्रदर्शन का हवाला देते हुए कहा,"इस दौरान "18 प्रतिशत जीएसटी" वाली श्रेणी में हमारी खुदरा बिक्री में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



*बड़ी कारों की बिक्री में पांच फीसदी की वृद्धि : बड़ी कारों की बिक्री में भी लगभग चार-पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कुल मिलाकर हमने खुदरा बिक्री में 20 प्रतिशत की वृद्धि देखी है। उन्होंने कहा कि इससे यह धारणा गलत साबित हुई है कि कारों को लेकर सभी भारतीयों की आकांक्षाएं बदल गई हैं और कोई भी छोटी कार नहीं खरीदना चाहता है।*

### त्योहारों पर खुदरा बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर रही

*जीएसटी दरों में कमी के समग्र वाहन बिक्री पर पड़े प्रभावों पर उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी 2030-31 के लिए अपने उत्पादन और बिक्री अनुमान में संशोधन करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा, /"त्योहारों के दौरान हमारी खुदरा बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर रही, जिसमें छोटी कारों की बिक्री का प्रमुख योगदान रहा। बड़ी कारें भी बिक रही हैं, लेकिन उतनी ज्यादा नहीं।/"*

### अब भी लोग छोटी कारें खरीदना चाह रहे

*भार्गव ने कहा कि अब भी बहुत से लोग छोटी कारें खरीदना चाहते हैं ताकि वे बेहतर निजी आवागमन का आनंद ले सकें। उन्होंने कहा, "मारुति में लगभग 70 प्रतिशत उत्पादन '18 प्रतिशत जीएसटी' श्रेणी में होता है। अब हमें उत्पादों के मिश्रण में बदलाव देखने को मिलेगा।" भार्गव ने कहा कि इस श्रेणी के वाहनों की खुदरा बिक्री 40 प्रतिशत जीएसटी वाले वाहनों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ेगी।*

**पतंजलि विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने विद्यार्थियों को दी उपाधियां**

# 64% स्वर्ण पदक छात्राओं के नाम, बेटियां बनेंगी विकसित भारत का आधारः राष्ट्रपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हरिद्वार

पतंजलि विश्वविद्यालय में रविर को आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के स्नातक, परास्नातक एवं शोधार्थियों को उपाधियां और स्वर्ण पदक प्रदान किए। राष्ट्रपति से पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में साध्वी देवपूजा, देवेन्द्र सिंह (स्वामी इन्द्रदेव), मानसी (साध्वी देववाणी), अजय कुमार (स्वामी आर्षदेव), रीता कुमारी (साध्वी देवसुधा), शालू भदौरिया (साध्वी देवशीला), अंशिका, प्रीति पाठक, पूर्वा तथा मैत्रेई रहे। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि इस दीक्षांत समारोह में 64 प्रतिशत स्वर्ण पदक छात्राओं ने प्राप्त किए हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी यही बेटियां भारत का गौरव बढ़ा रही हैं और विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि आज समय आ गया है कि देश की 140 करोड़ जनता की आशाओं को साकार करने में महिलाओं की भूमिका निर्णायक हो। यदि बेटियां पीछे रह जाएंगी तो विकसित भारत का सपना अधूरा रह जाएगा। उन्होंने कहा कि हरिद्वार का यह पावन क्षेत्र दर्शन का द्वार है और पतंजलि विश्वविद्यालय की यह भूमि देवी सरस्वती की आराधना से सुशोभित है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि योग, आयुर्वेद और अध्यात्म के क्षेत्र में पतंजलि ने जो कार्य किया है, वह महर्षि पतंजलि की परंपरा को आगे बढ़ाने का महान प्रयास है। राष्ट्रपति ने कहा कि इस विश्वविद्यालय में शिक्षा के साथ संस्कार, विज्ञान के साथ आध्यात्म और ज्ञान के साथ व्यवहार का अद्भुत समन्वय है, जो 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना को साकार करता है। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे तपस्या, सरलता और कर्तव्यनिष्ठा को अपने जीवन का आधार बनाएं और भागीरथी की तरह कठिन परिश्रम कर समाज और राष्ट्र के उत्थान में योगदान दें। उन्होंने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय ने व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का मार्ग अपनाया है। राष्ट्रपति ने विश्वास जताया कि पतंजलि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी विज्ञान और अध्यात्म के समन्वय से आदर्श जीवन निर्माण में सहायक होंगे और पूरे विश्व में योग, प्राणायाम और भारतीय जीवनदर्शन का प्रसार कर भारत को पुनः विश्व गुरु बनाएंगे।

**कहा- तपस्या, सरलता और कर्तव्यनिष्ठा को अपने जीवन का आधार बनाएं विद्यार्थी**





### पतंजलि विश्वविद्यालय ने योग और आयुर्वेद के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया : राज्यपाल

*विशिष्ट अतिथि एवं उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय ने योग और आयुर्वेद के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि योग और आयुर्वेद के माध्यम से पतंजलि ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई क्रांति ला दी है। उन्होंने कहा कि यह देखकर प्रसन्नता होती है कि आज के युवा प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, योग, आयुर्वेद और अध्यात्म को अपनाने के लिए उत्सुक हैं। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थी तभी सफल माने जाएंगे जब उनका ज्ञान और शिक्षा समाज के कल्याण में प्रयुक्त होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा आज भी सबसे प्रासंगिक है और आने वाले समय में यही विद्यार्थी विकसित भारत के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देंगे।*

### पतंजलि विवि को विश्व के श्रेष्ठतम विश्वविद्यालयों की श्रेणी में लेकर जाएंगे : आचार्य बालकृष्ण

*कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सफलतापूर्वक लागू किया है। यह नीति शिक्षा को रोजगारपरक, बहुविषयक और मूल्य-आधारित बनाने का लक्ष्य रखती है। उन्होंने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से 3.48 ग्रेड पॉइंट के साथ ए+ ग्रेड प्राप्त किया है, जो इस संस्थान की उच्च गुणवत्ता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में शुल्कमुक्त शिक्षा प्रणाली और मेधावी विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट दी जाती है। आचार्य बालकृष्ण ने यह भी बताया कि पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन ने योग, आयुर्वेद और समग्र स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय वैज्ञानिक योगदान दिया है, जिसके लिए उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय खेल, संस्कृति और अनुसंधान के क्षेत्र में भी निरंतर प्रगति कर रहा है। आचार्य जी ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय को हम विश्व के श्रेष्ठतम विश्वविद्यालयों की श्रेणी में लेकर जाएंगे। उन्होंने बताया कि पतंजलि विश्वविद्यालय की विशिष्टता यह है कि यहां पारंपरिक शास्त्रों के स्मरण को प्रोत्साहित और पुरस्कृत किया जाता है। उन्होंने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय नियमित शिक्षा पद्धति के साथ-साथ ऑनलाइन एवं दूरस्थ माध्यम से भी शिक्षा प्रदान कर रहा है, जिससे देश-विदेश के विद्यार्थी अध्ययन कर सकते हैं।*

### कुल 1424 विद्यार्थियों को दी गई उपाधियां

*इस अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने 'फ्लोरा ऑफ राष्ट्रपति भवन' और 'मेडिसिनल प्लांट ऑफ राष्ट्रपति भवन' पुस्तकों का विमोचन किया, जिनकी प्रथम प्रतिलिपि राष्ट्रपति को भेंट की गई। दीक्षांत समारोह में कुल 1424 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं, जिनमें 54 स्वर्ण पदक विजेता, 62 शोधार्थी (पीएच.डी.), 3 डीलिट उपाधिधारी, 744 स्नातक और 615 परास्नातक विद्यार्थी शामिल रहे। कार्यक्रम में पतंजलि विश्वविद्यालय तथा पतंजलि योगपीठ परिवार से सम्बद्ध सभी वरिष्ठ सदस्य, अधिकारीगण, प्राध्यापकगण, विद्यार्थी व संन्यासी भाई-बहन उपस्थित रहे।*

# उद्योगों को बैंक ऋण की वृद्धि दर सितंबर में घटी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सितंबर में उद्योगों को दिए जाने वाले बैंक ऋण की वृद्धि घटकर 7.3 प्रतिशत रह गई, जो पिछले साल इसी अवधि में 8.9 प्रतिशत थी। आरबीआई के जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आरबीआई ने कहा कि सालाना आधार पर 19 सितंबर, 2025 को समाप्त पखवाड़े तक गैर-खाद्य बैंक ऋण में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल के इसी पखवाड़े (20 सितंबर, 2024) के दौरान यह 13 प्रतिशत थी। केंद्रीय बैंक ने सितंबर के लिए बैंक ऋण के क्षेत्रीय आवंटन पर आंकड़े जारी किए हैं, जो 41 चुनिंदा वाणिज्यिक बैंकों से जमा किए हैं। ये ऋण सभी बैंकों के कुल गैर-खाद्य ऋण का लगभग 95 प्रतिशत हैं। 'उद्योगों को दिए गए ऋण में पिछले साल के इसी पखवाड़े में 8.9 प्रतिशत की तुलना में 7.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।'




- आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार घटकर यह 7 .3 प्रतिशत रही
- पिछले साल इसी अवधि में यह 8 .9 प्रतिशत रही थी

### सेवा क्षेत्र में वृद्धि 10.2 प्रतिशत रही

आंकड़ों से पता चला कि सेवा क्षेत्र को दिए गए अग्रिमों में सालाना आधार पर 10.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को दिए जाने वाले ऋण में वृद्धि धीमी रही। दूसरी ओर पर्यटन, होटल और रेस्तरां, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और वाणिज्यिक अचल संपत्ति जैसे क्षेत्रों में अच्छी वृद्धि देखी गई।

**कार्यालय, नगर पंचायत खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
E-mail - npkharora@gmail.com

**// तृतीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना//**

क्रमांक / 2496 / न.प./ लो.नि.वि./2025-26 खरोरा, दिनांक 30.10.2025

नगर पचायत खरोरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | ऑनलाईन निविदा डाऊनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 178400 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat kharora under SBM 2.0 (3rd Call) | 187.55 | 11-11-2025 (Time 5.00 PM) |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in/ से भी डाऊनलोड की जा सकती है।


मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत खरोरा
जिला-रायपुर (छ.ग.)

# वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों, व्यापक आर्थिक आंकड़ों की घोषणाओं और वैश्विक रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

यह सप्ताह घटनाक्रमों से भरा रहने की उम्मीद है, जिसमें कई महत्वपूर्ण आंकड़े जारी होंगे और प्रमुख कंपनियां अपने तिमाही नतीजे भी जारी करेंगी। गुरु नानक जयंती 'गुरुपर्व' की छुट्टी के कारण बुधवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। वृहद आर्थिक मोर्चे पर, एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई के अंतिम आंकड़ों के साथ-साथ एचएसबीसी सेवाओं और समग्र पीएमआई के आंकड़ों पर भी सबकी नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, "आय के मोर्चे पर, कई प्रमुख सूचकांक कंपनियां अपने तिमाही परिणामों की घोषणा करने वाली हैं।



- कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों भी प्रभावित करेंगे बाजार
- यह सप्ताह घटनाक्रमों से भरा रहने की उम्मीद

# त्योहारी सीजन में पेट्रोल की बिक्री बढ़ी, डीजल की मांग रही स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

त्योहारों के दौरान यात्रा में तेजी के कारण अक्टूबर में भारत में पेट्रोल की बिक्री पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। हालांकि, इस दौरान डीजल की खपत स्थिर रही जो इस रुझान के उलट है। यह जानकारी उद्योग के शुरुआती आंकड़ों से मिली है।

त्योहारों के सीजन की शुरुआत से ईंधन की मांग बढ़ने के कारण अक्टूबर में पेट्रोल की खपत सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 36.5 लाख टन हो गई। सितंबर में पेट्रोल की बिक्री 34 लाख टन रही थी। देश में सबसे ज्यादा खपत वाले ईंधन डीजल की बिक्री अक्टूबर में मामूली गिरावट के साथ 76 लाख टन रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 76.4 लाख टन थी। ऐतिहासिक रूप से, जून में बारिश के मौसम के आगमन के साथ डीजल की खपत में गिरावट आती थी, क्योंकि सिंचाई पंप चलाने के लिए ईंधन की मांग कम हो जाती थी और वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित होती थी।



- अक्टूबर में पेट्रोल की बिक्री पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंची
- इस दौरान डीजल की खपत स्थिर रही

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (वि./यॉ.)**
**लोक निर्माण विभाग, वि./ यॉ. संभाग क्र.-2,**
**बारह दफ्तर परिसर, जवाहर चौक, भोपाल (म.प्र.)**

सूचना प्रकाश क्रमांक. 21/व.ले.लि./2025-26 भोपाल, दिनांकः 29/10/2025

// निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | एन.आई.टी. क्रं. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_PWDRB_459669_1 | 39/SAC/ 2025-26 | प्री-ए.एम.सी रिपेयर वर्क ऑफ फॉल्टी 306 एच.पी. व्ही.आर.व्ही, एच.व्ही.ए. सी. सिस्टम इन्टालड एट अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय मेडीकल कॉलेज एवं अस्पताल जिला विदिशा | प्रथम आमंत्रण | 1643773.00 | 32875.00 | 2000/- |
| 2. | 2025_PWDRB_459670_1 | 40/SAC/ 2025-26 | एन्यूअल कंप्रेसिव मेंटनेंस ऑफ 33 केव्ही सब स्टेशन एचटी साईड एव एल टी साईड 22000 केव्हीए ट्रासफार्मर 21250 केव्हीए डी.जी. सेट विथ ऑफ पेनल एलाईड ऐसेसरीज एट अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय मेडीकल कॉलेज एवं अस्पताल जिला विदिशा | प्रथम आमंत्रण | 4294707.00 | 50000.00 | 5000/- |
| | | | योग | | 5938480.00 | | |

नोट- निविदा विक्रय दिनांक 30/10/2025 प्रातः 10:30 बजे से निविदा विक्रय अंतिम दिनांक 18/11/2025 सांय 5:30 बजे तक एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। निविदा की निर्धारित तिथियों में या अन्य किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

इंजी. हिमांशु उपाध्याय
कार्यपालन यंत्री
लो. नि. वि. (वि./यॉ.) संभाग क्र.-2, भोपाल

G-20892/25 " स्वच्छता ही सेवा "

**अब बदलाव हुआ है बैंक और वित्तीय संस्थानों के वेबसाइट में**

# एसबीआई व बॉब सहित देश के सभी बैंकों के डोमेन नेम बदले


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

31 अक्टूबर 2025 से हमारी बैंकिंग प्रणाली में बहुत बड़ा बदलाव हो गया है। यह बदलाव साइबर अपराधों से लेकर ऑनलाइन ठगी को रोकने में बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा। आज से भारतीय बैंकिंग की नई पहचान आ गई है। आपको ऐसा कोई चेंज सामने से नजर नहीं आ रहा होगा। आएगा भी नहीं क्योंकि आप और हम तो बैंक के ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं। दरअसल चेंज हुआ है बैंक और वित्तीय संस्थानों की वेबसाइट में। बैंक की वेबसाइट अब डॉट काम या डॉट इन नहीं रह गई हैं। आरबीआई ने सभी को डोमेन बदलने कहा था।

- बैंकों की वेबसाइट पर अब डॉट कॉम या डॉट इन रह गया है

### डॉट वेटसाइट का पता बताता है

डोमेन को वेबसाइट तक जाने का दरवाजा समझ लीजिए। एक डोमेन के दो भाग होते हैं। इसमें एक होता है टॉप-लेवल डोमेन (टीएलडी)। कुछ सामान्य टीएलडी उदाहरण हैं- डॉटकाम (कॉमर्शियल), डॉटओआरजी (संगठन), डॉट नेट(नेटवर्क), डॉट गवर्न (सरकार), डॉट ईडीयू (शिक्षा), डॉट यह वेबसाइट के प्रकार का पता बताता है। दूसरा होता है- सेकंड-लेवल डोमेन (एसएलडी) यह टॉप-लेवल डोमेन के नीचे आता है और वेबसाइट का स्पेशल नाम होता है।




*डुप्लिकेट बनाना आसान है : अब बताते कि बैंक डॉट इन या फिन डॉट इन का क्या फायदा होगा. डॉट कॉम ग्लोबल लेवल पर और डॉट इन इंडिया के लेवल पर बहुत कॉमन हो चला है। हर वेबसाइट के पीछे यही लिखा होता है। इसकी वजह से इसका डुप्लिकेट बनाना कोई बड़ी बात नहीं। कितने ही केस हैं जहां एसबीआई डॉट इन के ऊपर एक नकली परत चढ़ाकर ठगी की गई। अब क्योंकि इनको नई पहचान मिल गई है तो उम्मीद है इस पर लगाम लगेगी।*

### अपना डोमेन

बैंक की वेबसाइट के आखिर में 'बैंक डॉट इन' लग जाने की वजह से आरबीआई का वो सर्कुलर है जो 21 अप्रेल 2025 को जारी हुआ था। केंद्रीय बैंक ने देश के सभी बैंकों को अपना डोमेन बदलने के लिए कहा था। इसमें देसी से लेकर विदेशी बैंक भी शामिल हैं। आरबीआई के मुताबिक इस बदलाव का उद्देश्य साइबर सुरक्षा में सुधार, धोखाधड़ी को कम करना और डिजिटल बैंकिंग में जनता का विश्वास बढ़ाना है।

### फायदा

आपका और हमारा क्या फायदा होगा, उसके पहले जरा सा डोमेन का मतलब जान लेते हैं। जैसे हमारे घर या ऑफिस का पता होता है, वैसे ही इंटरनेट की दुनिया में 'डोमेन' एक खास वेबसाइट, सर्विस, या डिवाइस की पहचान करने के लिए एक यूनिक नाम होता है। इसका इस्तेमाल वेबसाइटों, ईमेल सर्वरों, और अन्य नेटवर्क संबंधित सेवाओं की पहचान में होता है।

**कार्यालय वनमंडल अधिकारी वनमंडल हरदा (उत्पादन) म.प्र.**

दूरभाष क्रमांक 07577-222025 Email- dfopharda@mp.gov.in
क्रमांक / स्टोर / 9920 हरदा, दिनांक 29/10/25

// ई-निविदा //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन वृत्त नर्मदापुरम के उत्पादन वनमण्डल हरदा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 में काष्ठ भंडार ढेकना में सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र की शर्ते एवं विस्तृत जानकारी हेतु मध्यप्रदेश की वेबसाईट https://mptenders.gov.in एवं www.mpforest.gov.in पर लॉग ऑन करें। निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रुपए 2000.00 हैं। निविदा प्रपत्र ऑन-लाईन ही क्रय किया जा सकेंगा एवं निविदा ऑनलाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी। निविदा का अनुमानित मूल्य रुपए 2836534/- है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी।

| अ. क्रं. | कार्य का नाम | स्थल जहां निर्माण होना है | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू लाख में) | आमनत राशि (ईएमडी) (रू में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 200 मीटर सीसी रोड ढेकना डिपो | ढेकना डिपो | हरदा | 28.36 | 80000 | 2000 | दिसम्बर 2025 |

निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी।

| क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Publishing Date | 03-11-2025 | निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित हैं। |
| 02 | Document Download/Sale Start Date | 03-11-2025 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 03-11-2025 | |
| 04 | Bid Submission Closing Date | 24-11-2025 | |
| 05 | Bid Opening Date | 25-11-2025 | |

वनमंडल अधिकारी
वनमंडल हरदा (उत्पादन)

G-20896/25 " स्वच्छता ही सेवा "

## चिंतन

# देश के युवाओं को प्रेरणा दे रहीं इसरो की उपलब्धियां

यह ऐसे संगठन की कहानी है, जिसने अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और आर्थिक रुकावटों को न केवल चुनौती दी, बल्कि कम संसाधनों के साथ वह काम कर दिखाया, जिसकी दुनिया ने कल्पना तक नहीं की थी। अपनी खुद की तकनीक विकसित की और एक प्रमुख अंतरिक्ष शक्ति के रूप में विश्व स्तर पर ख्याति अर्जित की। इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) नाम है इस संगठन का। इसरो भारत की शान है, क्योंकि इसके वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी प्रगति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इसरो ने चंद्रयान-3 और आदित्य-एल1 मिशन, जिसने भारत को वैश्विक अंतरिक्ष मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान दिलाया है। इसरो ने यह साबित कर दिया है कि सीमित संसाधनों के साथ भी उत्कृष्ट प्रदर्शन संभव है। चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी, जिसने पूरी दुनिया को दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर कर दिया। चंद्रयान-3, आदित्य-एल1 पहला सौर मिशन, मंगलयान और एक ही मिशन में 104 उपग्रहों का प्रक्षेपण न केवल हमारे वैज्ञानिकों के कौशल दक्षता को दर्शाते हैं, बल्कि हर देशवासी को गर्व का अनुभव भी करवाते हैं। अब इसरो ने एक और कारनामा कर दिखाया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने 4,000 किलोग्राम से अधिक वजन वाले कम्युनिकेशन सैटेलाइट को रविवार को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया। यह लॉन्चिंग श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से की गई। सैटेलाइट को सफलतापूर्वक उसकी कक्षा में स्थापित कर दिया गया। इससे पहले क्रायोजेनिक स्टेज इग्नाइट हुआ था। एलवीएम 3-एम5 पावर्ड फ्लाइट के आखिरी फेज में पहुंचा। पहले रॉकेट घने एटमॉस्फियर से बाहर निकला था। ऐसे में इसे एयरोडायनामिक हीटिंग से सुरक्षा की जरूरत खत्म हो गई थी। इसरो ने कन्फर्म किया है कि प्रोपल्शन बे के दरवाजे सफलतापूर्वक खुल गए हैं।

सैटेलाइट के कंट्रोल सिस्टम ने ऑनबोर्ड थ्रस्टर्स का इस्तेमाल करके सीएमएस-03 को उसकी ऑर्बिट में स्टेबल करने और गाइड करने का काम संभाल लिया है। मिशन का उद्देश्य यह है कि बहु-बैंड संचार उपग्रह सीएमएस-03 भारतीय भूभाग सहित एक विस्तृत समुद्री क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करेगा। इससे नौसेना को भारी मजबूती मिलेगी। यह सैटेलाइट भारतीय नौसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए खास तौर पर बनाए गए स्वदेशी लेटेस्ट कंपोनेंट्स के साथ नेवी की स्पेस-बेस्ड कम्युनिकेशन और समुद्री इलाके की जानकारी रखने की कैपेबिलिटी को और मजबूत करेगा। इसमें कई स्वदेशी लेटेस्ट कंपोनेंट्स शामिल हैं, जिन्हें खास तौर पर भारतीय नौसेना की ऑपरेशनल ज़रूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया है। इस सैटेलाइट को मशहूर एलवीएम 3 लॉन्च वीकल से लॉन्च किया गया। इसी लॉन्च वीकल ने चंद्रयान-3 मिशन में भारत को चांद के साउथ पोल पर सफलतापूर्वक उतारा था। यह इस व्हीकल की पांचवीं ऑपरेशनल उड़ान थी। इस कामयाबी से देश की सुरक्षा मजबूत होगी। यह तीसरी आंख के रूप में समुन्द्री क्षेत्र में दुश्मन की हर हरकत पर नजर रखेगा। इसरो न केवल देश की सुरक्षा को मजबूत बना रहा है, बल्कि खासकर युवाओं के लिए, प्रेरणा का स्त्रोत हैं। यह अनुशासन, लगन और नवाचार का एक ज्वलंत उदाहरण है, जो सिखाता है कि कैसे दृढ़ संकल्प से चुनौतियों को पार किया जा सकता है। युवा भी इसरो से प्रेरणा लेकर खुद को मजबूत कर आगे बढ़ सकते हैं और अनुकरणीय उदाहरण पेश कर सकते हैं।



चुनाव
सुरेश हिन्दुस्तानी

# वादों और दावों के बीच झूलता बिहार

राजनीतिक वातावरण में हमेशा से यही प्रचलित धारणा है कि दुश्मन का दुश्मन भी एक दोस्त की तरह ही होता है। कांग्रेस, भाजपा को राजनीतिक विरोधी ही मानती है, इसके साथ ही राजद के विचार भी भाजपा के विपरीत ही हैं। इसलिए बिहार में आज कांग्रेस और राजद एक साथ हैं। विपक्ष की ओर से राजद के नेता तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा भी घोषित कर दिया है। उन पर परिवारवाद की राजनीति का तमगा भी लगा है। इसके कारण भी राजद के अन्य वरिष्ठ नेता मैदान में खुलकर नहीं आ रहे हैं। राजद के कई नेताओं का अंदाज तेज प्रताप को समर्थन देने जैसा ही है। इस प्रकार की राजनीति भितरघात की श्रेणी में आएगी।

बिहार में चुनावी घमासान की हवा चल रही है। प्रमुख राजनीतिक दल इस हवा के रुख को अपनी ओर मोड़ने का जी तोड़ प्रयास भी कर रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी अभी तक कोई भी ऐसी आश्वस्ति परिलक्षित नहीं हो रही है कि हवा किस ओर बह रही है। राजनीतिक दलों द्वारा किए जा रहे दावे और वादे सत्ता की राह को आसान बनाने की मात्र कवायद ही कही जा सकती हैं। बिहार की राजनीति में चार प्रमुख राजनीतिक दल जोर लगा रहे हैं, बाकी के सभी इनके सहारे सत्ता का स्वाद चखने के लिए लालायित हैं। यह प्रमुख दल अपने ही दल के अंदर उठ रहे भीतरघात के लावे से परेशान हैं। जहां तक राष्ट्रीय जनता दल की बात है तो उनके घर के अंदर से ही विरोध की चिंगारी सुलग रही है। जो भविष्य में बड़ी आग का रूप ले सकती है। तेजप्रताप यादव नए दल के साथ चुनावी मैदान में उतरकर तेजस्वी के सपनों को मिटाने का अभियान छेड़े हुए हैं, वहीं उनके पिता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के शासन करने का अंदाज एक बड़ी चुनौती बन रहा है। भारतीय जनता पार्टी एक प्रकार से इसी को चुनावी मुद्दा बनाने का प्रयास कर रही है। भाजपा की ओर से कहा जा रहा है कि बिहार को विकास चाहिए या फिर जंगलराज चाहिए। लालू प्रसाद यादव के शासन के बारे में सर्वोच्च न्यायालय की ओर से इस आशय की टिप्पणी की गई थी कि बिहार में जंगलराज है। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से अपनी सरकार के बारे में बताने के लिए कुछ भी नहीं है, इसलिए राजद के पास केवल भाजपा का विरोध करना ही प्रचार करने का एकमात्र विकल्प है। यह वोट प्राप्त करने का माध्यम तो बन सकता है, लेकिन इसे स्पष्ट रूप से नकारात्मक राजनीति का पर्याय ही माना जाएगा। नकारात्मक राजनीति किसी भी प्रकार से उचित नहीं मानी जा सकती।

बिहार की राजनीति में वोट चोरी का मामला भी जोर शोर से उठाया गया। इसका लाभ भी विपक्ष उठा सकता था, लेकिन ऐसा लगता है कि इस मुद्दे को उठाने में विपक्ष ने जल्दबाजी कर दी। चुनाव आयोग की ओर से वोट चोरी के बोर में पक्ष रखने के बाद यह मुद्दा गहरी खाई में समा गया। कांग्रेस और राजद की ओर से जिस प्रकार की राजनीति की जा रही है, वह यही संकेत करती है कि इनको सत्ता प्राप्त करने की जल्दी है। हमारे देश में एक कहावत तो सबने सुनी ही होगी कि जल्दी फायदा कम, नुकसान ज्यादा करती है। उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव और राहुल गांधी की दोस्ती का परिणाम सभी देख चुके हैं। अब बिहार में राहुल और तेजस्वी एक साथ हैं।

राजनीतिक वातावरण में हमेशा से यही प्रचलित धारणा बनी हुई है कि दुश्मन का दुश्मन भी एक दोस्त की तरह ही होता है। कांग्रेस, भाजपा को राजनीतिक विरोधी ही मानती है, इसके साथ ही राजद के विचार भी भाजपा के विपरीत ही हैं। इसलिए बिहार में आज कांग्रेस और राजद एक साथ हैं। विपक्ष की ओर से राजद के नेता तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा भी घोषित कर दिया है। उन पर परिवारवाद की राजनीति का तमगा भी लगा है। इसके कारण भी राजद के अन्य वरिष्ठ नेता मैदान में खुलकर नहीं आ रहे हैं। राजद के कई नेताओं का अंदाज तेज प्रताप को समर्थन देने जैसा है। इस प्रकार की राजनीति भितरघात की श्रेणी में आएगी। अगर बिहार में तेजप्रताप अपना राजनीतिक कौशल दिखा पाते हैं तो यह स्वाभाविक तौर पर कहा जा सकता है कि फिर तेजस्वी की राह कांटों भरी ही होगी। दोनों भाइयों के बीच यह राजनीतिक घमासान मात्र नेतृत्व की ही लड़ाई है। यह भी सबको समझ में आ रहा है। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर का चुनावी मैदान में आना राजनीतिक सौदेबाजी करने जैसा ही माना जा रहा है। प्रशांत किशोर जितना जोर दिखाएंगे, उतना ही वह बिहार की राजनीति को प्रभावित करेंगे। यह प्रभाव किसके लिए खतरा बनेगा, यह अभी से कह पाना संभव नहीं है, लेकिन बिहार की राजनीति स्थिति को देखकर यही कहा जा रहा है कि प्रशांत किशोर का फोकस उन वोटों पर अधिक है, जो राजद या कांग्रेस को मिलते हैं। कर्पूरी ठाकुर के परिजन को अपनी पार्टी से उम्मीदवार बनाना भी संभवतः इसी रणनीति का ही हिस्सा है।

जहां तक भाजपा और नीतीश कुमार की जदयू की बात है तो यही कहा जा सकता है कि यह दोनों ही विकास के नाम पर वोट मांग रहे हैं। बिहार को विकास की जरूरत भी है। भाजपा और जदयू को लगता है कि विकास के नाम पर उसे फिर से सत्ता प्राप्त हो जाएगी। इसके विपरीत विपक्ष की ओर से कांग्रेस और राजद की ओर से आम जन के निजी स्वार्थों को कुरेदकर उनको आर्थिक लाभ देने के वादे किए जा रहे हैं। ऐसे वादे लोग को त्वरित लाभ तो दे सकते हैं, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। नौकरियां देना भी असंभव है, इसलिए स्वरोजगार देने का प्रयास करना चाहिए। युवाओं को नौकरी करने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाने का प्रयास करने की आवश्यकता है।




राजनीति को जन भावनाओं के अनुसार ही होना चाहिए। इसके लिए परिवारवाद नहीं, लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए हर राजनीतिक दल को प्रयास करना चाहिए। हालांकि हमारा आशय परिवार के सहारे राजनीति में कदम रखने वाले राहुल और तेजस्वी के राजनीतिक अस्तित्व पर सवाल खड़े करने का नहीं है। हो सकता है कि वे देश की भावी राजनीति के सूत्रधार बनें, लेकिन फिलहाल उनके खाते में ऐसी कोई राजनीतिक उपलब्धि नहीं है। विपक्ष की दूसरी कठिनाई यह है कि इनके पास प्रचार करने वाले जमीनी नेताओं की कमी है, जबकि भाजपा और जदयू में ऐसे नेताओं की लम्बी सूची है। अब देखना यह है कि बिहार की जनता किसको पसंद करेगी और किसको नापसंद, यह आने वाले समय में पता चल जाएगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## फिलहाल
डॉ. मोनिका शर्मा



# गृहिणियों को मिले संपत्ति स्वामित्व का अधिकार


बीते दिनों दिल्ली हाईकोर्ट ने स्त्री शक्ति की अहमियत समझने से जुड़ा एक अहम निर्णय दिया। न्यायालय द्वारा परिवारों में गृहिणियों के योगदान को मान्यता देने की वकालत की गई। दिल्ली हाईकोर्ट के अनुसार अब समय आ गया है कि घर-परिवार संभाल रही स्त्रियों की भूमिका को संपत्ति के स्वामित्व संबंधी अधिकारों के संदर्भ में मान्यता दी जाए, क्योंकि घर बनाने और चलाने में गृहिणियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। असल में यह फैसला स्त्री शक्ति के उस रूप की ओर ध्यान दिलाता है, जिसकी भागीदारी अनदेखी रह जाती है। असल में बड़े-बुजुर्गों की संभाल से लेकर आंगन में अपनेपन को कायम रखने तक, गृहिणियों की भूमिका बहुत अहम है। बावजूद इसके, जिम्मेदारियां निभाने में पूरा जीवन लगा देने वाली बहुत सी घरेलू स्त्रियों के हिस्से कुछ नहीं आता। मान-सम्मान के मोर्चे पर उपेक्षा ही नहीं आर्थिक पहलू पर असुरक्षा भी उनके मन को घेरे रहती है। ऐसे में कोर्ट का फैसला स्त्री शक्ति की इस भूमिका की गरिमा को समझने की बात लिए है। घर आंगन तक सिमटी महिलाओं की इस अहम भागीदारी के मूल्य को समझकर सम्मान देने का आह्वान करता है।

आमतौर पर घरेलू महिलाएं आर्थिक मामलों में अपनी बात कम ही रखती हैं। यहां तक कि घर संभालने-चलाने से जुड़ी अपनी फाइनेंशियल वैल्यू भी नहीं आंकतीं। परिजन-स्वजन तो इस विषय में सोचते ही नहीं। तभी तो बहुत से बदलावों के बावजूद उनकी मेहनत की अनदेखी कायम है। ऐसे में इस न्यायिक निर्णय से घर, परिवार और बच्चों की देखभाल में गृहिणियों के योगदान को आंकते हुए मालिकाना अधिकारों का फैसला लेने में मदद मिलेगी। दिन रात अपनों को बिना मांगे मिलने वाले उस सहयोग का मूल्य तय किया जा सकेगा, जिसे आर्थिकी के किसी खांचे में नहीं रखा जाता। न्यायालय ने भी कहा है कि घरों में पूर्णकालिक गृहिणियों की मौजूदगी से विशेष मदद मिलती है। साथ ही हमारे देश के बहुत से परिवारों में घरेलू सहायक भी नहीं हैं। स्पष्ट है कि इन परिवारों में गृहिणियों की मौजूदगी बहुत से खर्चों को बचाती है। दुःखद है कि गृहिणी के रूप में महिलाओं की आर्थिक भागीदारी की अनदेखी का भाव सदा से रहा है, उनके मालिकाना हक को लेकर न सोचने के पीछे भी उनके श्रम की उपेक्षा ही है, जबकि गृहिणियों को अपनी दिनचर्या का बड़ा हिस्सा उन अवैतनिक कार्यों को करने में बिताती हैं, जिनके लिए घरेलू सहायक अच्छी ख़ासी तनख्वाह लेते हैं। अफसोस है कि महिलाओं को उनके कामों के लिए आर्थिक लाभ देने में ही नहीं, इस भूमिका को सम्मानजनक मनाने का भाव भी नदारद है। गौरतलब है कि पश्चिमी देशों में गृहिणी के रूप में भी महिलाओं के श्रम और आर्थिक भागीदारी को बहुत महत्व दिया जाता है। हमारे यहां घर पर रहने वाली महिलाओं के हिस्से विकसित देशों की स्त्रियों से ज्यादा काम हैं। वहां के मुक़ाबले सुविधाएं भी बहुत कम हैं। ध्यातव्य है कि हमारे देश में गृहिणियों की बचत समूची बचत का 24 फीसदी है। बचत की यह भागीदारी दुनिया भर में सबसे ज्यादा है। कहना गलत नहीं होगा कि उनसे मिले स्नेह, सहयोग और संबल का आर्थिक मोल आंकना तो असंभव है। ऐसे में गृहिणी की पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक भागीदारी की अनदेखी को रोकने के लिए संपत्ति स्वामित्व में उनके अधिकारों को रेखांकित करना भी बेहद जरूरी है।

ध्यातव्य है कि घरेलू महिलाएं भी देश की श्रमशक्ति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। कमोबेश हर अध्ययन अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी की बात कहता है। ऐसे में बीते दिनों चर्चा में आया संपत्ति के अधिकार की मांग से जुड़ा मामला और यह फैसला दोनों विचारणीय हैं।दरअसल, एक महिला द्वारा उच्च न्यायालय से मांग की गई थी कि विवादित संपत्ति में उसका भी समान और वैध अधिकार घोषित किया जाय। महिला की ओर से कहा गया था कि उसने परिवार की देखभाल के लिए अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। उसे उसका हिस्सा न मिलना एक तरह का अन्याय ही होगा। इस मामले में हाईकोर्ट ने कहा कि ससुराल में पत्नी का रहना मात्र, अपने आप में उसे पति के नाम पर मौजूदा संपत्तियों पर मालिक होने का अपराजेय अधिकार प्रदान नहीं कर सकता है। इसके लिए ठोस साक्ष्य और घरेलू योगदान को स्थापित करना जरूरी है। न्यायालय की यह टिप्पणी बहुत जरूरी बात लिए है। असल में देश की बहुत सी गृहिणियों की यही स्थिति है कि वे श्रम शक्ति में भागीदारी निभाने के बावजूद संपत्ति के अधिकार से वंचित हैं। अब जरूरी है कि उनकी आर्थिक भागीदारी की अहमियत हर मोर्चे पर पहचानी जाए और उन्हें उनका हक मिले।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित
**दर्शन**

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

# तुलसीदास जी ने स्त्री को पुरुष में बदला



संकलित
**प्रेरणा**

चरवारी के ठाकुर की लड़की जो कि बहुत ही सुन्दरी थी। इसके माता पिता को बहुत प्रयास करने पर पुत्र प्राप्त नहीं हुआ, पुत्री हो गयी। उन्होंने सबसे यह बात छुपाकर रखी कि हमें पुत्री हुई है। उन्होंने बचपन से ही उस पुत्री को पुरुष जैसे कपड़े पहनाएं, बोलचाल भी लड़के जैसे सीखा रखी थी। जब विवाह का समय आया तो माँ बाप ने सत्य बात किसी से कही नहीं, क्योंकि उनकी इज्जत पानी में मिल जाती। अब उनकी पुत्री जीसे उन्होंने पुरुष की तरह बनवा रखा था, उसका विवाह एक स्त्री के साथ हो गया। विवाह के बाद सच सामने आ गया कि यह तो स्त्री है, ना कि कोई पुरुष। परंतु विवाह हो चुका था, लोग करते भी क्या? स्त्री का विवाह स्त्री से हो गया। एक दिन जब गोस्वामी जी उधर से निकले, तब लोगों ने उन्हें घेर लिया और प्रार्थना की कि इस कन्या की रक्षा कीजिये। गोस्वामी जी ने श्री रामचरितमानस का नवाह पाठ किया और वह स्त्री सें पुरुष बन गयी। यह देखकर गोस्वामी जी का शरीर पुलकित हो गया और उनके मुंह से अतर्कित ही जय जय सीताराम निकल गया । परिवार को साथ लोग भी खुश हो गए। परिवार ने गोस्वामी जी का बहुत उपकार माना, जिन्होंने उनकी पुत्री को लड़का बना दिया । परिवार की भी बात रह गई।

## 'ऑल सोल्स डे'



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में रविवार को एक कब्रिस्तान में लोग अपने प्रियजनों की कब्रों पर मोमबत्तियां जलाकर 'ऑल सोल्स डे' मना रहे हैं, जिसे सभी दिवंगत विश्वासियों की स्मृति के रूप में भी जाना जाता है।

## आज की पाती

### दिल के रोगों के प्रति सचेत रहें


हाल के वर्षों में दिल के बढ़ते रोग हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम अपने सबसे महत्वपूर्ण अंग- हृदय- की सेहत पर पर्याप्त ध्यान दे रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारत में गैर-संचारी रोगों से होने वाली मौतों में लगभग 27 फीसदी सिर्फ हृदय रोगों के कारण होती हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है, जो सामान्य और स्वस्थ दिखते हुए भी अचानक हृदयघात का शिकार हो जाते हैं। दुर्भाग्यवश, हम चेहरे और शरीर की देखभाल में तो समय निकालते हैं, लेकिन दिल की सुरक्षा को नजरअंदाज़ कर देते हैं। यह अंग बिना रुके दिन-रात काम करता है और जीवन को धड़कन देता है। ऐसे में जागरूकता व संतुलित जीवनशैली ही इसे मजबूत रख सकती है।

*- सूरज विश्वकर्मा, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# द. चीन सागर में दृढ़तापूर्वक मुकाबला करे आसियान

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से अपील की है कि वे दक्षिण चीन सागर में चीन की अस्थिर करने वाली बढ़ती गतिविधियों का दृढ़तापूर्वक मुकाबला करने के लिए तैयार रहें और अपनी समुद्री सेनाओं को मजबूत बनाएं। हेगसेथ ने हालांकि इसके कुछ घंटे बाद सोशल मीडिया पर चीन के प्रति नरम रुख अपनाते हुए कहा कि अमेरिका-चीन संबंध कभी इतने अच्छे नहीं रहे और दोनों पक्षों ने सीधे तौर पर सैन्य संपर्क स्थापित करने पर सहमति जताई है। शनिवार को मलेशिया में दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संघ (आसियान) के अपने समकक्षों के साथ हुई बैठक में हेगसेथ ने विवादित जल क्षेत्रों में चीन की आक्रामकता को लेकर अमेरिका की



चिंताओं को दोहराया और जहाजों को टक्कर मारने जैसी घटनाओं का हवाला दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि चीन का उकसाने वाला व्यवहार उसके पड़ोसियों की संप्रभुता और क्षेत्रीय स्थिरता को खतरे में डाल सकता है। हेगसेथ ने कहा, दक्षिण चीन सागर में चीन के व्यापक क्षेत्रीय एवं समुद्री दावे शांतिपूर्ण तरीके से विवादों को सुलझाने के वादों के विपरीत हैं। उन्होंने कहा, हम शांति चाहते हैं। संघर्ष नहीं चाहते लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि चीन आप पर या किसी और पर प्रभुत्व जमाने की कोशिश न करे।

## ऑफ बीट

# कृषि ड्रोन विश्व स्तर पर लोकप्रिय हो रहे हैं

पिछले एक दशक में ड्रोन रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गए हैं। मनोरंजन, स्वास्थ्य सेवा और निर्माण जैसे विविध क्षेत्रों में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। ड्रोन ने



लोगों के खाद्य उत्पादन के तरीके को भी बदलना शुरू कर दिया है। कृषि और ग्रामीण विकास का अध्ययन करने वाले सामाजिक वैज्ञानिकों के रूप में हमारे शोध में, हमने यह दस्तावेजीकरण करने का प्रयास किया कि कृषि ड्रोन दुनियाभर में कहां-कहां उड़ान भर चुके हैं, वे क्या कर रहे हैं और वे इतनी तेजी से इतनी दूर तक क्यों पहुंच गए हैं। हमने यह भी पता लगाया कि इन बदलावों का किसानों, पर्यावरण, जनता और सरकारों के लिए क्या अर्थ है। कुछ साल पहले तक कृषि ड्रोन महंगे, छोटे और इस्तेमाल में मुश्किल होते थे, जिससे किसानों के लिए उनका आकर्षण सीमित था। इसके विपरीत, आज के मॉडल खरीद के तुरंत बाद उड़ाए जा सकते हैं और 220 पाउंड (100 किलोग्राम) तक का भार उठा सकते हैं - जो उर्वरक की दो बोरियों के बराबर है। करों, शुल्कों और नौ-परिवहन लागतों के कारण इनकी कीमतें अलग-अलग देशों में अलग-अलग होती हैं। अमेरिका में, एक ड्रोन मालिक को उसी उपकरण के लिए 20,000 से 30,000 अमेरिकी डॉलर खर्च करने पड़ सकते हैं, जिसे चीन का एक किसान 10,000 अमेरिकी डॉलर से भी कम में खरीद सकता है।

## ट्रेंड

### अत्यंत दुःख हुआ



साहित्यकार और शिक्षाविद रामदरश मिश्र जी के निधन से अत्यंत दुःख हुआ है। उनका जाना हिंदी और भोजपुरी साहित्य के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सशक्त बना रहे



शिलांग स्थित मशरूम विकास केंद्र का दौरा करके सचमुच बहुत खुशी हुई। मैंने देखा कि कैसे नवाचार और उद्यम जीवन बदल रहे हैं, किसानों को सशक्त बना रहे हैं, रोज़गार पैदा कर रहे हैं और आत्मनिर्भर उत्तर पूर्व का निर्माण कर रहे हैं।

**-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री**

### भाजपा-कांग्रेस एक



भाजपा और कांग्रेस अब एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों के ज्वाइंट धंधे हैं, साथ में बिजनेस करते हैं। इसलिए कांग्रेस नहीं चाहती कि भाजपा की सरकार जाए। सोचिए जेल सिर्फ आम आदमी पार्टी वाले ही क्यों जाते हैं, कांग्रेस वाले क्यों नहीं?

**-अरविंद केजरीवाल, आप नेता**

### मेरे पहले हीरो शाहरूख



दिलों के सच्चे बादशाह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मेरे पहले हीरो शाहरूख खान रोमांस की असली कला सिखाने वाले हैं। आपके उत्तम स्वास्थ्य, खुशी, प्यार और सफलता की कामना हैं।

**-शिल्पा शेट्टी, अभिनेत्री**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## मप्र के 70वें स्थापना दिवस की दूसरी संध्या पर दिव्यता और भव्यता की अनंत यात्रा का अनुभव

# हंसराज की मखमली आवाज और मंच पर दौड़े हाथी-घोड़े, चली बग्घी

### महानाट्य विक्रमादित्य प्रस्तुति ने कराया जीवंतता का अहसास



लाल परेड मैदान पर विक्रमादित्य नाट्य की प्रस्तुति।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेरा भोला है भंडारी....., बाबा...., महादेव के प्रति अपार श्रद्धा और भक्ति में पिरोए भोले को समर्पित गीतों को जैसे ही बाबा उर्फ हंसराज रघुवंशी ने अपनी गायिकी में पिरोया, दर्शकों से खचाखच भरा हाल जय श्री महाकाल के जयघोष के साथ साथ तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। दिव्यता, भव्यता और सुरों के आनंद की अनंत यात्रा का यह अनुभव हुआ मप्र के 70 वें स्थापना दिवस की दूसरी संध्या पर। जिसमें हंसराज रघुवंशी ने मखमली आवाज ने समा को भोले की सुरमई संध्या में परिवर्तित कर दिया।

### 150 कलाकारों ने महानाट्य को बनाया जीवंत

दूसरे दिन की संध्या की सबसे खास, अद्भुत, अलौकिक और अद्वितीय महानाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन से हुई। विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति द्वारा मंचित इस नाटक में निर्देशन संजीव मालवीय ने किया। नाटक की भव्यता जहां कलाकारों के अभिनय, परिधान, संवाद और सेट कर रहा था, वहीं ऊंट, घोड़े, हाथी, पालकी, बग्गी इत्यादि ने भी इसकी आकर्षकता को बढ़ाया। तीन अलग स्टेज पर अत्याधुनिक ग्राफिक, आश्रम एवं जंगल के भव्य सेट के साथ ही भव्य महाकाल मंदिर के प्रतिरूप सेट और 150 कलाकारों ने महानाट्य को जीवंत बना दिया।



लाल परेड मैदान पर विक्रमादित्य नाट्य की प्रस्तुति।

### शकों को परास्त कर शकारि की उपाधि धारण की

नाटक में दिखाया कि शकों तथा यवनों ने भारत पर आक्रमण कर आतंक मचाया। शक राजा महाबली, अर्थलोभी, पापी और दुष्ट थे, क्रूर हिंसक देश विरोधी शकों की दुर्दान्त, प्रलयंकारी काली छाया से विक्रमादित्य ने भारत को मुक्त कराया और 96 शक सामन्तों को पराजित कर उन्हें भारत से भागने पर विवश कर दिया साथ ही शकारि और साहसांक की उपाधियां धारण की।



क्रूर हिंसक देश विरोधी शकों से विक्रमादित्य ने भारत को मुक्त कराया



लाल परेड मैदान पर विक्रमादित्य नाट्य की प्रस्तुति।



गायक हंसराज रघुवंशी प्रस्तुति देते हुए।

हरिभूमि चर्चा

## जाने-माने सिंगर मधुर शर्मा से ने साझा किए अपने अनुभव

# अपने संघर्ष बताने लग जाऊंगा तो क्या ही बात, यह एक सफर है जो चलता रहा

भोपाल। अगर मैं खुद अपना संघर्ष बताने लग जाऊंगा तो क्या ही बात रह जाएगी, लेकिन इसके पीछे एक सफर था जो बहुत समय तक चलता रहेगा। संगीत एक विद्या है, जिसका ना कोई शुरूआत और ना ही कोई अंत। इट्स लाइक फॉर ऐवर जर्नी तो मैं अभी भी सिख ही रहा हूं और आगे भी सीखता रहूंगा। कोशिश करूंगा कि मेरे शहर मेरे भोपाल को एक मुकाम पर लेकर जाऊं।



सीएम डॉ.मोहन यादव ने 'अभ्युदय मप्र कार्यक्रम' के दूसरे दिन पार्श्व गायक हंसराज रघुवंशी को मंच पर सम्मानित किया और उनकी प्रस्तुतियां देखी।

### भोपाल मेरा दूसरा घर है...

बहुत-बहुत खुशी होती है बहुत अच्छा लगता है जैसा कि मैंने कहा कि भोपाल मेरा दूसरा घर है और जब भी यहां आता हूं तो पुरानी यादें सारी ताजा हो जाती हैं, वही गलियां, वही वीआईपी रोड, वही पुरानी सड़के, वही खाने का स्वाद, वही जायका। उन्होंने बताया कि हमनें काली काली जुल्फें भी भोपाल में 2021 में सलामतपुर में शूट किया था। अभी मैं लद्दाख में (- 14) डिग्री में एक गाना शूट करके आया हूं जिसे काफी अच्छे रिस्पांस मिल रहा है और मेरा इस गाने को 12 दिन में 1 मिलियन लाइक्स मिल चुके।

### बचपन में सुना नुसरत फतेह अली खान को

मधुर ने बताया कि बचपन से मैं नुसरत फतेह अली खान को सुनता रहा हूं, जिससे कि मेरे मन में ख्याल आया कि मैं वह गाना गाऊं कि ना छेड़ो हमें हम सताए हुए हैं.. उन्होंने बताया कि मेरा सूफी की तरफ लगाव ज्यादा है। इस जनरेशन में होने के बावजूद भी मेरा म्यूजिक के प्रति झुकाव एक अलग तरफ है। वहीं रियाज को लेकर उन्होंने कहा कि जब आप जिम जाते हैं बॉडी बनाते हैं और चार दिन जिम नहीं जाते हैं तो बॉडी डाउन हो जाती है। इसी तरह हर रोज रियाज करना पड़ता है। और आगे भी करना पड़ेगा।

## प्रख्यात गायक हंसराज रघुवंशी ने बताए जीवन के किस्से

# भोले बाबा ने इस काबिल बनाया कि देश-दुनिया में कुछ करके दिखा सकूं...

भोपाल। आज मुझे इस काबिल भोले बाबा ने बनाया, क्योंकि मेरी अम्मा पत्तल बनाती थीं, बाबा लकड़ी का काम। मैं अपने ही कॉलेज की कैंटीन में टेबल साफ करने का और झूठे ग्लास उठाने का काम करता था। मेरे कॉलेज फ्रेंड मेरा मजाक उड़ाया करते, ऐसे में भोले बाबा ने ही मुझे इस लायक बनाया कि कुछ करके दिखा सकूं....

यह कहना है मेरा भोला है भंडारी....., जय श्री राम... गीतों को अपने बोल देने वाले प्रसिद्ध गायक हंसराज रघुवंशी का। जो स्थापना दिवस समारोह में प्रस्तुति देने आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन के पहलुओं पर चर्चा की।



हंसराज रघुवंशी, गायक

### प्रधानमंत्री मोदी का मेरा भजन शेयर करना बड़ी बात

उन्होंने कहा कि मैं एक आर्टिस्ट हूं और हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मेरा भजन शेयर करना मेरे लिए बड़े तो सौभाग्य की बात है।

### स्कूल में बाल छोटे रहे, फिर बढ़ा लिए....

अपनी जटाएं रखने पर उन्होंने कहा कि बचपन में मेरी ऐसी जटाएं थी, बाद में मेरी मईया ज्वालादेवी के सामने उन्हें कटवा दी थी। स्कूल में बाल छोटे रहे, फिर बढ़ा लिया और अब ये ट्रेंड बन गया।

### पत्नी के साथ लिए दोबारा फेरे

अपनी धर्मपत्नी के साथ दोबारा फेरे लेने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मेरी पत्नी ने उस वक्त साथ दिया, जब मेरे पास कुछ नहीं था, अब कुछ है तो लगा कि दोबारा उसके साथ फेरे लूं।

# 'पड़ोसी' को दी शक न करने की सीख तो चिट्ठियों के दौर पर आधारित रहा लोकिप्रय नाटक 'चिट्ठी'

### पहल इम्प्रिट कल्चरल सोसाइटी ने किया दो प्रसिद्ध नाटकों का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पहल इम्प्रिंट कल्चरल सोसायटी द्वारा नीलबड़ स्थित स्टूडियो में जारी एकला चलो रे सोलो थिएटर फेस्ट में दो नाटकों का मंचन किया गया। जिसमें पहला नाटक पड़ोसी रहा, जिसमें लेखन व निर्देशन तानाजी का रहा तथा दूसरी नाट्य प्रस्तुति दूसरी प्रस्तुति चिठ्ठी की रही जिसे मंच पर हर्ष दौंड ने पेश किया और लेखन व निर्देशन संजय श्रीवास्तव का रहा। जहां पड़ोसी में दर्शाया एक बेरोजगार लड़के की कहानी है जिसकी पत्नी कहीं ओर काम करती है। शुभम का पड़ोसी उससे बात करना चाहता है और एक बार बार में मिल जाता है। शुभम उस पड़ोसी को समझाता है कि इस तरह अपनी पत्नी पर शक करना ठीक नहीं है, औरत अगर घर से बाहर निकल कर काम कर रही है, इसका ये मतलब बिल्कुल नहीं है।



नाटक का दृश्य।



नाटक का दृश्य।

वहीं दूसरी प्रस्तुति में दिखाया कि हम शायद वह आखिरी पीढ़ी हैं, जिसने चिट्ठियों का दौर देखा है। चिट्ठियों में शब्द नहीं जज्बात सफर किया करते थे, पूरे परिवार की कुशलता की कामना के साथ बड़ों को चरण स्पर्श और छोटों को प्यार के साथ चिट्ठियां समाप्त नहीं होती थीं।

## डरावना गेटअप...



हैलोवीन पार्टी में शामिल हुई महिलाएं।

# रंगे नारी वूमेंस क्लब ने किया हैलोवीन पार्टी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंगे नारी वूमेंस क्लब द्वारा हैलोवीन पार्टी का आयोजन किया गया। कृति शर्मा, डिंपल पाराशर, वंदना चंद द्वारा आयोजित इस पार्टी में करीब 50 महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें फन गेम्स, डांस, मस्ती का माहौल रहा, सभी महिलाएं इसमें हैलोवीन थीम पर डरावने गेट अप में आईं।



# यह केवल सजावट नहीं, बल्कि प्रकृति-मानव के गहरे आध्यात्मिक संबंध की अभिव्यक्ति की कला

### गोंड कला की जीवंत परंपरा से सजी 'मध्यावर्त' की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यावर्त की कला कल्प कार्यशाला में इस बार गोंड आर्ट पर विशेष आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने मध्य भारत की जनजातीय कला परंपरा की अनूठी झलक देखी। कार्यशाला का संचालन कलाकार अंकित ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को गोंड कला की पारंपरिक शैली, उसकी प्रतीकात्मकता और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी दी। अंकित ने बताया कि गोंड कला मध्य भारत की प्राचीन जनजातीय परंपरा से जुड़ी एक जीवंत चित्रकला शैली है, जिसमें प्रकृति, लोककथाएं और जीवन के विविध प्रेरणा हैं। पेड़, पक्षी, जानवर और प्रतीकात्मक आकृतियां बारीक बिंदुओं और रेखाओं के माध्यम से चित्रित की जाती हैं। यह कला केवल सजावट नहीं, बल्कि प्रकृति और मानव के गहरे आध्यात्मिक संबंध की अभिव्यक्ति है।



मध्यावर्त कार्यशाला के दौरान प्रस्तुति देते प्रतिभागी।



कार्यशाला की प्रतिभागी।

### सुशांत की बांसुरी वादन रही खास

कार्यशाला के दौरान संगीतकार सुशांत यादव ने बांसुरी वादन प्रस्तुत किया, जिससे वातावरण में सुर और रंगों का सुंदर संगम देखने को मिला। साथ ही हर उम्र के प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपने विचारों को रंगों के माध्यम से व्यक्त किया। इस श्रृंखला का उद्देश्य भारतीय लोक कलाओं और पारंपरिक शिल्प को पुनर्जीवित करना और नई पीढ़ी को उनके सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है।

## रवींद्र भवन में 'सचिदा नागदेव रंग स्मृति' में सजी दुर्लभ कला की झलक, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

# गुरु वाकणकर के साथ 4000 चित्रों के अध्ययन और उनकी प्रतिलिपियों से सजी प्रदर्शनी दीर्घा



रवींद्र भवन में चित्र प्रदर्शनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रवींद्र भवन की कला वीथिका में आयोजित 'सचिदा नागदेव रंग स्मृति' के नौवें वार्षिक आयोजन में कला प्रेमियों ने इतिहास की झलक देखी। इस मौके पर प्रदर्शित पचास से नब्बे के दशक के दुर्लभ चित्रों और पेंटिंग्स ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में वर्ष 1955 के वे ऐतिहासिक चित्र भी प्रदर्शित किए गए, जिनमें पुरातत्वविद् डॉ. वाकणकर अपने शिष्य सचिदा नागदेव, बटिक कला विशेषज्ञ रहीम गुट्टी और रंग कलाकार मुजफ्फर कुरैशी के साथ जंगलों में शैलचित्रों का अध्ययन करते हुए नजर आ रहे हैं। भीमबेटका की गुफाओं के खोजकर्ता गुरु वाकणकर के साथ करीब 4000 चित्रों के अध्ययन और उनकी प्रतिलिपि तैयार करने के कार्यों से जुड़ी तस्वीरों ने भी दर्शकों को अचंभित कर दिया। राजेन्द्र कोठारी, नारायण व्यास और डॉ. मनोज कुर्मी की भी प्रदर्शनी में उपस्थिति रही।



रवींद्र भवन में चित्र प्रदर्शनी।



रवींद्र भवन में चित्र प्रदर्शनी।



राजेन्द्र कोठारी



नारायण व्यास



डॉ. मनोज कुर्मी

### सचिदा नागदेव के दुर्लभ चित्र हैं खास

आयोजक स्मिता नागदेव ने बताया कि स्वर्गीय सचिदा नागदेव की 86वीं जयंती के अवसर पर उनकी बनाई गई 86 पेंटिंग्स को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही सचिदा नागदेव द्वारा खींचे गए दुर्लभ चित्रों और उनके गुरु वाकणकर की कलाकृतियों को भी प्रदर्शनी में शामिल किया गया। इन अनमोल कलाकृतियों को देखकर दर्शक इतिहास और सृजन के अद्भुत संगम से अभिभूत हो उठे। यह प्रदर्शनी न केवल कला प्रेमियों के लिए सौंदर्य का पर्व बनी, बल्कि मालवा की सांस्कृतिक विरासत को फिर से जीवंत कर गई।

## अंतरा की काव्य गोष्ठी का आयोजन



# सच कहने में आजकल, जितनी डरे ज़ुबान पर बजी तालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साहित्यिक संस्था अन्तरा की मासिक काव्य गोष्ठी साहित्यकार मनीष बादल के कोलार स्थित निवास पर रविवार को सम्पन्न हुई। अपनी अलग पहचान रखने वाली इस संस्था की काव्य गोष्ठी में केवल छन्दयुक्त काव्य सृजन करने वाले साहित्यकार ही सम्मिलित होते हैं। गोष्ठी में भोपाल के कई ख्यातिलब्ध साहित्यकार शामिल हुए। गोष्ठी की शुरुआत करते हुए मनीष बादल ने सच कहने में आजकल, जितनी डरे ज़ुबान, उससे भी ज़्यादा डरे, सच सुनने में कान... दोहा सुनाया। लक्ष्मीकान्त जावणे ने सुनाया मैं सादगी में खर्च होना चाहता, मैं आदमी का मर्म होना चाहता। वरिष्ठ ग़ज़लकार किशन तिवारी ने ग़ज़ल सुनाई मैं तेरा हूँ या तू मेरा सृजक है, कठिन प्रश्न सदियों से लेकिन रोचक है।






## मुजफ्फरपुर में गृहमंत्री शाह का महागठबंधन पर बड़ा हमला

# आरजेडी की सरकार बनी तो राज्य में खुल जाएंगे अपहरण, रंगदारी, और खून के तीन नए मंत्रालय, लोगों को जंगलराज से बचना होगा

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मुजफ्फरपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आरजेडी और लालू प्रसाद यादव पर तीखा हमला बोला। शाह ने लालू यादव के शासनकाल को जंगलराज बताते हुए मतदाताओं से बिहार को इससे बचाने के लिए मतदान करने की अपील की। शाह ने लालू प्रसाद यादव के बेटे के मुख्यमंत्री बनने की संभावना पर तंज कसते हुए कहा कि अगर आरजेडी सत्ता में आती है, तो राज्य में 3 नए मंत्रालय खुलेंगे। एक बनेगा अपहरण को चलाने वाला मंत्री। दूसरा बनेगा रंगदारी का मंत्री। तीसरा अपहरण और खून को बढ़ावा देने वाला मंत्री। उन्होंने बिहार की जनता को याद दिलाते हुए कहा कि हमने जंगलराज से आजादी दिलाई। बिहार को जंगलराज से बचाने के लिए वोट करें। बिहार में जंगलराज को आने नहीं देना है।

### न तेजस्वी सीएम बन सकते, न राहुल पीएम

**तेजस्वी पर संकेतों में कसा तंज**

लोगों से अपील की यहां एनडीए के पक्ष में ही मतदान करें


मुजफ्फरपुर। लोगों को संबोधित करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।

शाह ने लालू और सोनिया गांधी दोनों पर परिवारवाद को बढ़ावा देने और देश की चिंता न करने का आरोप लगाया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दोनों के बेटों के लिए सत्ता की सीट खाली नहीं है। लालू और सोनिया को देश की चिंता नहीं है। लालू की इच्छा है उनका बेटा सीएम बने और सोनिया चाहती हैं उनका बेटा (राहुल गांधी) पीएम बने। लेकिन न बिहार में सीट खाली है न ही दिल्ली में।

### जंगलराज वाले कपड़ा, चेहरा बदल लोगों के बीच फिर से आ रहे

शाह ने राजद के शासनकाल की याद कराते हुए उसे जंगलराज बताया। आप अपना वोट किसी को विधायक या मंत्री बनाने के लिए मत दीजिएगा, बल्कि अपना वोट बिहार को जंगलराज से बचाने के लिए दीजिएगा। उन्होंने कहा कि 'जंगलराज' वाले कपड़ा और चेहरा बदलकर लोग फिर से आ रहे हैं। कशाह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप अपना वोट किसी को विधायक या मंत्री बनाने के लिए मत दीजिएगा, बल्कि अपना वोट बिहार को जंगलराज से बचाने के लिए दीजिएगा।

#### घोषणा पत्र का भी किया जिक्र

शाह ने एनडीए के घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि हमने घोषणा पत्र में यह तय किया है कि बिहार के एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी और हर जिले में मेगा स्किल सेंटर बनाया जाएगा। पीएम किसान के तहत किसानों को मोदी सरकार से मिलने वाली 6,000 की राशि को बढ़ाकर 9,000 किया जाएगा। बिहार सरकार 3,000 रुपए और जोड़ेगी और अब किसानों को सालाना 9,000 रुपए मिलेंगे। उन्होंने कहा कि 50 लाख गरीबों के पक्के मकान बनाए जाएंगे तथा गरीब छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी।

मनोज तिवारी बोले



**आरजेडी गुंडागर्दी कर चुनाव कर रही प्रभावित**

भाजपा नेता मनोज तिवारी ने ट्वीट किया है कि जब वे डुमरांव अरियांव ब्रह्म बाबा स्थान पर प्रत्याशी राहुल सिंह के साथ रोड शो कर रहे थे, तभी आरजेडी समर्थकों ने उन पर हमला करने की कोशिश की। वे बताते हैं कि लोग उनके स्वागत के लिए वहां मौजूद थे, लेकिन अचानक आरपजेडी के नारे लगाते हुए कुछ लोग हिंसक हो गए। मनोज तिवारी ने कहा कि टकराव बढ़ने से बचाने के लिए उन्होंने अपनी टीम की गाड़ियों को तेजी से चलाकर वहां से निकलना बेहतर समझा। उनका सवाल है कि चुनाव प्रचार के दौरान आरजेडी की ये गुंडागर्दी क्यों हो रही है और यह सही नहीं है।

### बेगूसराय में बोले लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी

## अब मेड इन चाइना नहीं, मेड इन बिहार चलेगा


सभा को संबोधित करते राहुल गांधी।

बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बेगूसराय में एक बड़ी चुनावी जनसभा को संबोधित किया। यह जनसभा सदर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अमिताभ भूषण के समर्थन में आयोजित की गई थी।सभा के दौरान राहुल ने प्रधानमंत्री पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हम बिहार में विश्वविद्यालय बनाएंगे।

#### ट्रंप ने फोन किया तो उन्हें पैनिक अटैक आ गया

राहुल ने कहा कि एसआईआर बिहार में जितने वोट काटे गए, वे सभी महागठबंधन के वोट थे। राहुल के साथ वीआईपी पार्टी के सुप्रीमो मुकेश सहनी, आईआईपी पार्टी के नेता आईपी गुप्ता, वामदल, राजद और अन्य सहयोगी दलों के नेता भी मौजूद रहे। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री बड़े उद्योगपतियों अंबानी और अडाणी के रिमोट कंट्रोल से संचालित हो रहे हैं।

**आज पेपरलीक ने बिहार के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया**

राहुल ने कहा नरेंद्र मोदी कहते हैं कि भाजपा ने आपको सस्ता डेटा दिया है ताकि आप रील देखें और रील बनाएं। लेकिन जब आप इंस्टाग्राम और फेसबुक पर रील देखते हैं, तो इंटरनेट का पैसा अंबानी को मिलता है। बिहार के लोग पलायन कर दूसरे प्रदेशों में जाते हैं। वहां वे मेहनत करते हैं और उन राज्यों के विकास में योगदान देते हैं। यहां की सरकार ने सब चौपट कर दिया। पेपरलीक ने बिहार के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है।

**बिहार के लोग दुनिया भर में आगे हैं, लेकिन यहां पिछड़े**

उन्होंने कहा कि बिहार के लोग दुनिया भर में आगे हैं लेकिन यहां पिछड़े हुए हैं। यहां की सरकार नहीं चाहती है कि बिहार के लोग आगे बढ़ें। वे यहां के लोगों की मदद नहीं करते। वे चाहते हैं कि यहां के लोग मजदूरी करते रहें। उन्होंने कहा कि दुबई जैसा शहर बिहार के लोगों ने बनाया है, लेकिन वे यहां कुछ नहीं कर पाते।

**गलत जीएसटी और नोटबंदी से छोटा व्यापार बंद हो गया**

उन्होंने केंद्र सरकार पर गलत जीएसटी लागू करने और नोटबंदी करने को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि इससे छोटा व्यापार बंद हो गया। हमारी सोच है कि यहां छोटे-छोटे व्यापार शुरू हों और लोगों को रोजगार मिल सके।

**चुनाव आयोग ने महागठबंधन के वोटरों को काटा**

उन्होंने महागठबंधन की जीत का दावा करते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने महागठबंधन के वोटरों को काटकर बाहर निकाला है।

### तेजस्वी यादव का आरोप
#### भाजपा रिश्वत बांट रही और आयोग चुप क्यों?



आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बिहार चुनाव के बीच एक बड़ा बयान देते हुए भाजपा और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या चुनाव आयोग अब मर चुका है? तेजस्वी का आरोप है कि इस बार भाजपा हार के डर से लोगों को 10 हजार रुपए की रिश्वत बांट रही है, और ये पैसा किसी निजी फंड से नहीं, बल्कि गरीब बिहार के सरकारी खजाने से दिया जा रहा है। भाजपा लोगों को प्रलोभन दे रही है।

### दुलारचंद के पौत्र ने कहा- न्याय नहीं मिला
#### कोर्ट ने अनंत को 14 दिन के लिए जेल भेजा



मोकामा विधानसभा में जनसुराज के प्रत्याशी के समर्थक दुलारचंद यादव की हत्या मामले में जनता दल यूनाइटेड के प्रत्याशी अनंत सिंह की गिरफ्तार कर पटना में रखा गया है। रविवार सुबहर से दोपहर 12 बजे तक पटना एसएसपी ऑफिस के रंगदारी सेल में उनसे पूछताछ चली। कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें सेल में रखा गया है। यहां से उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। पटना पुलिस उन्हें रिमांड पर नहीं लेगी। कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## खबर संक्षेप

### नारकंडा के पास खाई में गिरा वाहन, 29 घायल

**शिमला।** नारकंडा के पास शनिवार रात एक टेंपो ट्रैवलर खाई में गिर गई। ट्रैवलर में 32 लोग



सवार थे। हादसे में 29 घायल हुए हैं, जिनमें से 17 को आईजीएमसी रेफर कर दिया है। अन्य का उपचार कुमारसैन अस्पताल में चल रहा है। घायलों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। लोग रिकांगपिओ से नेपाल जा रहे थे।

### ओडिशा एसआई भर्ती घोटाले का प्रमुख अरेस्ट

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस की सीआईडी-क्राइम ब्रांच ने सब-इंस्पेक्टर भर्ती घोटाले के मुख्य



आरोपी और कथित मास्टरमाइंड शंकर प्रुष्टि को भारत-नेपाल सीमा से गिरफ्तार कर लिया है। फरार चल रहे प्रुष्टि को उत्तराखंड पुलिस की मदद से पकड़ा गया और रविवार सुबह ट्रांजिट रिमांड पर भुवनेश्वर लाया गया।

### धारा-पोरिए गांव में पहली बार जला बल्ब, लोग खुश

**शिमला।** सैंज घाटी का दुर्गम गांव धारा-पोरिए। यहां रात का मतलब अब तक सिर्फ अंधेरा था। तीन



पीढ़ियां मोमबत्ती, लालटेन और सूरज की रोशनी के सहारे जिंदगी चलाती रहीं। बिजली न होने से पूरा गांव बच्चों की पढ़ाई से लेकर बुजुर्गों की सुरक्षा तक जूझता रहा। अब धारा-पोरिए गांव में बिजली का पहला बल्ब जला। लोग खुश दिखे।

### चंडीगढ़ के सबसे बड़े मॉल पर चला बुलडोजर

**चंडीगढ़।** यहां के सबसे बड़े मॉल में प्रशासन की तरफ से बुलडोजर एक्शन लिया गया है। रविवार सुबह



ही इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 के नेक्सस एलांते मॉल के खिलाफ कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने 35,040 स्क्वॉयर फीट एरिया में बिल्डिंग वॉयलेशन करने पर शोकॉज नोटिस जारी किया था, अब इस पर कार्रवाई की गई है।

### बिहार विधानसभा चुनाव पर कानपुर में बोले सीईसी ज्ञानेश कुमार

# हिंसा बर्दाश्त नहीं, आयोग के लिए सभी दल एक समान, पारदर्शिता का दिलाया भरोसा

देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार कार्यक्रम में पहुंचे, जिन्होंने बिहार चुनाव पर बात की। उन्होंने कहा बिहार चुनाव में, राजनीतिक दल अपने-अपने तरीके से चुनाव लड़ रहा है और मतदाताओं से अपील कर रहा है।

एजेंसी ▶▶ कानपुर

कानपुर में माथुर वैश्य समाज की ओर से आर्य नगर स्थित स्पोर्ट्स हब में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार भी पहुंचे, जिन्होंने बिहार चुनाव पर बात की। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में, हर राजनीतिक दल अपने-अपने तरीके से चुनाव लड़ रहा है और मतदाताओं से अपील कर रहा है। मैं एक बार फिर स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि चुनाव आयोग के लिए कोई सत्ता पक्ष या विपक्ष नहीं है। सभी समान हैं।छ मैं बिहार के सभी मतदाताओं से अपील करता हूं। चुनाव के इस उत्सव को हम सब मिलकर मनाएं और वोट डालने जरूर आएं।चुनाव आयोग यह स्पष्ट करना चाहता है कि हिंसा के प्रति उसकी जीरो टॉलरेंस नीति है। हिंसा की कोई भी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आम मतदाता अपनी इच्छानुसार शांतिपूर्वक और पारदर्शी तरीके से मतदान कर पाएं। चुनाव आयोग इसके लिए पूरी तरह तैयार है। बिहार के ये चुनाव न केवल पारदर्शिता, बल्कि दक्षता, सादगी और उत्सवपूर्ण माहौल का उदाहरण बनेंगे।

**हमारे लिए कोई सत्तापक्ष या विपक्ष नहीं**

माथुर वैश्य समाज की ओर से आर्य नगर स्थित स्पोर्ट्स हब में सम्मान समारोह


कानपुर। आयोजन में सीईओ ज्ञानेश कुमार ने शिरकत की।

### बिहार में चुनावी बवाल पर भड़के

बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने साफ और सशक्त संदेश दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि चुनाव आयोग किसी भी राजनीतिक दल के साथ पक्षपात नहीं करता। सभी दल उसके लिए एक समान हैं। इस अपील के जरिए आयोग ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और उत्सवपूर्ण मतदान की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा, 'बिहार चुनाव में हर राजनीतिक दल अपने-अपने अंदाज में प्रचार कर रहा है और मतदाताओं से अपील कर रहा है। मैं दोबारा साफ कर देना चाहता हूं कि चुनाव आयोग के लिए न सत्ता पक्ष है, न विपक्ष। सभी पार्टियां बराबर हैं।' यह बयान राजनीतिक दलों के बीच बढ़ती तनातनी के बीच आयोग की निष्पक्षता को रेखांकित करता है।

### मतदाताओं से की विशेष अपील
## चुनाव को उत्सव बनाएं, वोट जरूर डालें

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बिहार के सभी मतदाताओं से दिली अपील की कि वे लोकतंत्र के इस पर्व को पूरे उत्साह से मनाएं। उन्होंने कहा कि मैं बिहार के हर मतदाता से अनुरोध करता हूं। आइए, चुनाव के इस उत्सव को हम सब मिलकर सजाएं और वोट डालने जरूर पहुंचें।' कुमार को पूरा विश्वास है कि लोग बड़ी तादाद में मतदान केंद्रों पर आएंगे। उन्होंने कहा कि 'मुझे उम्मीद है कि मतदाता भारी संख्या में वोट डालेंगे।




#### हिंसा पर जीरो टॉलरेंस कोई समझौता नहीं

चुनाव आयोग ने हिंसा के खिलाफ अपनी सख्त नीति को दोहराया। ज्ञानेश कुमार ने चेतावनी दी कि आयोग की हिंसा के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति है। कोई भी हिंसक घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम मतदाता शांतिपूर्ण, पारदर्शी और अपनी मर्जी से वोट डाल सके, यही हमारा लक्ष्य है। यह कदम चुनावी सरगर्मियों के बीच सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने की दिशा में अहम है।

#### चुनाव पूरी तरह तैयारः पारदर्शिता और दक्षता का विश्व उदाहरण

ज्ञानेश ने बताया कि बिहार चुनाव न सिर्फ पारदर्शी होंगे, बल्कि दक्ष, सरल और उत्सवपूर्ण माहौल वाले भी। ये चुनाव पारदर्शिता, दक्षता, सादगी और उत्साह का मिसाल बनेंगे न सिर्फ भारत के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए। आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं ताकि मतदान प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के संपन्न हो।

**बढ़ती सरगर्मियां और आयोग की प्रतिबद्धता**

बिहार में राजनीतिक दलों के बीच मुकाबला जोरदार है। एनडीए और महागठबंधन समेत सभी पार्टियां जोर-शोर से प्रचार में जुटी हैं। ऐसे में चुनाव आयोग की यह अपील मतदान प्रतिशत बढ़ाने और हिंसा रोकने के लिए बेहद अहम है।

**बिहार एक बार फिर लोकतंत्र का शानदार उत्सव मनाएगा**

इस चुनावी मौसम में बिहार के मतदाताओं की भागीदारी ही राज्य की नई राजनीतिक दिशा तय करेगी। चुनाव आयोग की मजबूत तैयारियों और अपील से उम्मीद जगी है कि बिहार एक बार फिर लोकतंत्र का शानदार उत्सव मनाएगा।

### पूर्व सीजेआई रमना का बड़ा खुलासा
## मुझे मजबूर करने परिवार पर दर्ज कराए गए थे केस



एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

पूर्व सीजेआई एनवी रमना ने वीआईटी-एपी यूनिवर्सिटी के 5वें कॉन्वोकेशन में कहा कि आप सभी जो यहां मौजूद हैं, आप में से ज्यादातर लोग जानते हैं कि कैसे मेरे परिवार को टारगेट किया गया और उनके खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज किए गए। यह सब सिर्फ मुझे मजबूर करने के लिए किया गया था, और मैं अकेला नहीं था।

पूर्व चीफ जस्टिस ने कहा है कि उन्हें मजबूर करने के लिए उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज किए गए थे। जस्टिस रमना ने पिछली वाईएसआरसीपी सरकार का नाम लिए बिना कहा कि न्यायपालिका के वे सदस्य भी जिन्होंने संवैधानिक सिद्धांतों का पालन किया, उन्हें दबाव और जुल्म का सामना करना पड़ा। जिन जजों की कोई भूमिका नहीं थी, उनके परिवार राजनीतिक संगठनों के लिए जमानती बन गए।

**कोर्ट और कानून का राज स्टेबिलिटी का सहारा बने**

उन्होंने कहा कि ऐसे समय में, जब कई पॉलिटिकल लीडर कोई स्टैंड लेने या चुप रहने में हिचकिचा रहे थे, यह देश के जज, वकील और कोर्ट थे जो अपने कॉन्टिट्यूशनल वादे पर डटे रहे। सरकारें भले ही बदल जाएं, कोर्ट और कानून का राज स्टेबिलिटी का सहारा बने रहते हैं। और कानून का राज तभी बचता है जब लोग पब्लिक में अपना भरोसा दिखाते हैं, सुविधा के लिए अपनी ईमानदारी छोड़ने से मना करते हैं। अमरावती से अपने जुड़ाव को याद करते हुए कहा कि मैं अमरावती के किसानों के जज्बे को सलाम करता हूं, जिन्होंने हिम्मत से सरकारी सिस्टम की ताकतों का सामना किया। मुझे किसानों के संघर्ष से बहुत प्रेरणा मिलती है। मैं उन्हें ज्यूडिशियल सिस्टम और डेमोक्रेटिक प्रोसेस पर भरोसा दिखाने के लिए भी धन्यवाद देता हूं। आंध्र प्रदेश

#### किसानों के मुद्दों पर डराया गया

मैं अकेला नहीं था। उस मुश्किल दौर में, किसानों के मुद्दे से हमदर्दी रखने वाले सभी लोगों को डराया-धमकाया गया और जबरदस्ती का सामना करना पड़ा। जस्टिस रमना उस समय की वाईएस जगन मोहन रेड्डी सरकार के खिलाफ किसानों के आंदोलन का जिक्र कर रहे थे, जिसमें आंध्र प्रदेश की अकेली राजधानी अमरावती को खत्म करके '3 राजधानियों' का फ्रॉर्मूला अपनाया गया था, जिसमें विशाखापत्तनम एडमिनिस्ट्रेटिव राजधानी, अमरावती-लेजिस्लेटिव राजधानी और कुरनूल-ज्यूडिशियल राजधानी होगी।

### पीएम-सीएम से पॉल्यूशन पर बोलीं प्रियंका
## राजनीतिक मजबूरियों से ऊपर उठकर एकजुट हों 'माननीय'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने प्रदूषण को लेकर चिंता जताई है।



प्रियंका ने कहा कि पहले वायनाड और फिर बिहार के बछवाड़ा से दिल्ली की हवा में लौटना वाकई परेशान करने वाला है। इस शहर को प्रदूषण ने मानो उस पर एक धुएं और ग्रे रंग का चादर डाल दिया हो। आगे उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम सब अपनी राजनीतिक मजबूरियों की परवाह किए बिना एकजुट होकर प्रदूषण के बारे में कुछ कदम उठाएं।

प्रियंका ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। इस भयावह स्थिति को कम करने के लिए वे जो भी कदम उठाएंगे, हम सब उनका समर्थन और सहयोग करेंगे। साल दर साल दिल्ली के नागरिक इस ज़हरीलेपन का शिकार होते हैं। इस गंदी धुंध को दूर करने के लिए तुरंत काम करने की जरूरत है। प्रियंका ने इस मामले पर तुरंत कदम उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीएम रेखा गुप्ता से अपील की है।

### वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के संस्थापक ने दी सफाई
# इतने लोग एक साथ आ जाएंगे तो क्या करूं?

एजेंसी ▶▶ श्रीकाकुलम

आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगदड़ में 10 श्रद्धालुओं की मौत के बाद मंदिर के संस्थापक मुकुंद पांडा ने कहा कि इस हादसे के लिए वह जिम्मेदार नहीं हैं। उनका कहना है कि श्रद्धालु अपने आप ही एक साथ आगे बढ़ गए, जिससे यह घटना हुई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर एक निजी संस्था है और बिना आवश्यक मंजूरियों के संचालित हो रहा था। आयोजक सुरक्षा नियमों का पालन करने में विफल रहे। इस मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

#### आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में भगदड़ का मामला

**भगदड़ में 10 लोगों की गई थी जान**


श्रीकाकुलम में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भीड़ का दृश्य।

मंदिर के संस्थापक ने बताया कि उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी थी, क्योंकि उन्हें लगा कि सब कुछ सामान्य रहेगा और किसी भी दूसरे दिन की तरह ही पूजा होगी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इतनी बड़ी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। शनिवार को श्रीकाकुलम जिले के इस मंदिर में भगदड़ की घटना हुई, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई। जिनमें आठ महिलाएं और एक बच्चा शामिल है, जबकि कई अन्य घायल हुए।

**बहुत भीड़ थी मुझे नहीं पता क्या हुआ?**

यह हादसा उस दिन हुआ, जब एकादशी और कार्तिक महीने का त्योहार एक साथ पड़ा, इसलिए बहुत सारे लोग दर्शन करने मंदिर आ गए थे। मंदिर के पुजारी मुकुंद पांडा ने कहा, इतने लोग एक साथ आ जाएं तो मैं क्या करूं? मैं आमतौर पर सभी को लाइन में भेजता हूं, लेकिन कल बहुत भीड़ थी। मुझे नहीं पता क्या हुआ, मैंने पुलिस को कोई सूचना नहीं दी।


वेंकटेश्वर मंदिर।

#### ऐसी स्थिति बन गई जो समझ के बाहर थी

उन्होंने कहा कि मैंने पुलिस को नहीं बताया। मुझे हिम्मत थी, मैंने सभी से कहा कि वे कतार में जाएं। लोग दर्शन के लिए आए थे। अगर वे अचानक दौड़ पड़े और स्थिति ऐसी बन गई, तो मैं क्या कर सकता हूं? पांडा ने बताया कि वह दोपहर तीन बजे तक वहीं मौजूद थे और बिना खाना खाए भीड़ को संभालने की कोशिश कर रहे थे, बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।



तेज गति से बढ़ा लक्ष्य की ओर

अब दुश्मनों के लिए खड़ी होंगी तमाम चुनौतियां

# अंतरिक्ष में भारतीय सेना की नई ताकत, इसरो ने बाहुबली रॉकेट से लॉन्च किया नौसेना का सैटेलाइट

एजेंसी ▶▶ श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भारतीय नौसेना के लिए सीएमएस-03 (जीएसएटी-7आर) कम्युनिकेशन सैटेलाइट सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। ये सैटेलाइट नौसेना का अब तक का सबसे एडवांस्ड (उन्नत) सैटेलाइट है। इससे नौसेना की स्पेस-बेस्ड कम्युनिकेशन (अंतरिक्ष से संचार) और समुद्री इलाके की निगरानी (मैरिटाइम डोमेन अवेयरनेस) की क्षमता मजबूत हो जाएगी।



सैटेलाइट के लॉन्च होने से पहले कुछ इस तरह का दृश्य था।

## सीएमएस-03 (जीएसएटी-7आर) क्या है ये सैटेलाइट

जीएसएटी-7आर एक कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, यानी ये संचार का माध्यम बनेगा। ये पूरी तरह से भारत में ही डिजाइन और बनाया गया है। ये सैटेलाइट नौसेना के जहाजों, हवाई जहाजों, पनडुब्बियों और समुद्री ऑपरेशंस सेंटर्स के बीच तेज और सुरक्षित संचार करेगा। सबसे खास बात ये है कि ये भारत का अब तक का सबसे भारी कम्युनिकेशन सैटेलाइट है। इसका वजन लगभग 4400 किलोग्राम है। इसमें कई देसी तकनीक वाले पार्ट्स लगे हैं, जो खास तौर पर नौसेना की जरूरतों के लिए बनाए गए हैं। ये आत्मनिर्भर भारत का एक बड़ा उदाहरण है, जहां हम अपनी ही तकनीक से मजबूत हो रहे हैं। आने वाले समय में इसके बेहद सार्थक परिणाम आएंगे।

### शाम 5.26 बजे लॉन्च

ये सैटेलाइट 2 नवंबर 2025 को सतीश धवन स्पेस सेंटर (एसडीएससी-एसएचएआर) श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) के दूसरे लॉन्च पैड से शाम 5:26 मिनट पर लॉन्च होगा। इसरो का ये सेंटर रॉकेट लॉन्च करने के लिए मशहूर है। इसरो के वैज्ञानिकों ने इसे महीनों की मेहनत से तैयार किया है।

## सैटेलाइट की तकनीकी खासियतें

### वजन और आकार

- 4400 किलोग्राम वजन वाला ये सैटेलाइट भारत का सबसे भारी कम्युनिकेशन सैटेलाइट है. इससे पहले के सैटेलाइट इससे हल्के थे।

### मिलेगा नेटवर्क

- इस सैटेलाइट के अंदर के संचार उपकरण हैं। ये आवाज (वॉइस), डेटा और वीडियो लिंक को कई तरह के बैंड्स (फ्रीक्वेंसी रेंज) पर सपोर्ट करेंगे। मतलब, नौसेना के लोग जहाज पर हो या हवा में, आसानी से बातचीत कर सकेंगे।

### कवरेज एरिया

- ये भारतीय महासागर क्षेत्र में मजबूत टेलीकम्युनिकेशन कवरेज देगा। यानी, हिंद महासागर के बड़े हिस्से में सिग्नल मजबूत रहेगा।

### डेटा करेगा ट्रांसफर

- ये सैटेलाइट ज्यादा डेटा ट्रांसफर करेगा। इससे जहाजों, विमानों, पनडुब्बियों और कंट्रोल सेंटर्स के बीच सुरक्षित और बिना रुकावट वाला कनेक्शन बनेगा। इन सबके कारण नौसेना को समुद्र में अपनी मौजूदगी और मजबूत होगी। अगर कोई खतरा आए, तो तुरंत जानकारी मिल जाएगी।

## आगे की क्या है योजना

जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर आर्बिट (जीटीओ) में स्थापित उपग्रह में लगा इंजन इसे जियोस्टेशनरी आर्बिट में ले जाएगा। ये आर्बिट भूमध्य रेखा से 35,786 किलोमीटर ऊपर स्थित है। यहां उपग्रह एक ही जगह स्थिर होता है और धरती के साथ-साथ घूमता है। इससे ये 24 घंटे की कवरेज दे सकता है। माना जा रहा है कि ये उपग्रह अगले 15 वर्षों तक सेवा में रह सकता है।

### आत्मनिर्भरता

ये सैटेलाइट 100% भारतीय तकनीक से बना है। इससे हम विदेशी सैटेलाइट्स पर निर्भर नहीं रहेंगे।



कड़ी मेहनत से तैयार हुआ था सैटेलाइट।

## डॉ. जितेंद्र सिंह ने इसरो की सराहना की

*जटिल होती सुरक्षा चुनौतियों के इस युग में जीसैट-7आर आत्मनिर्भरता के मार्ग पर चलते हुए उन्नत प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग कर राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने के भारतीय नौसेना के अटूट संकल्प का प्रतीक है।इसरो ने अपने मिशन के बारे में एक अपडेट में कहा, सीएमएस-03 सफलतापूर्वक लॉन्च हुआ। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ. जितेंद्र सिंह ने इसरो की इस नवीनतम उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "इसरो टीम को बधाई। भारत का बाहुबली एलवीएम3-एम5 मिशन के सफल प्रक्षेपण के साथ आसमान में उड़ान भर रहा है। 'बाहुबली,' जैसा कि इसे लोकप्रिय रूप से जाना जाता है, एलवीएम3-एम5 रॉकेट सीएमए-03 संचार उपग्रह को ले जा रहा है, जो भारतीय धरती से भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में प्रक्षेपित किया गया अब तक का सबसे भारी उपग्रह है। इसरो एक के बाद एक सफलताएं लिख रहा है। सरकार के अटूट समर्थन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद।*







रेडी टू मूव के लिए तैयार सेटेलाइट।

## पहले भी इसरो ने रचा है इतिहास

*इससे पहले नासा इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार यानी निसार को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया। निसार सिर्फ एक पृथ्वी की कक्षा में स्थापित एक और ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट नहीं है और बल्कि यह टेक्नोलॉजी का एक ऐसा चमत्कार है जिसे आज से पहले दुनिया ने कभी नहीं देखा था। ऐसे समय में जब धरती क्लाइमेट चेंज से गुजर रही है तो निसार कई तरह की जानकारियां मुहैया करा रहा है। वैज्ञानिकों, क्लाइमेट रिसर्चर्स और डिजास्टर मैनेजर्स के लिए यह एकदम किसी सपने के सच होने जैसा है। इसरो ने आदित्य एल 1 मिशन को लॉन्च किया था, जो सूर्य और सौर गतिविधियों का अध्ययन करने वाला भारत का पहला सौर मिशन है। इन सफलताओं ने भारत को पृथ्वी और अंतरिक्ष के पर्यावरणीय अध्ययन में एक अग्रणी भूमिका में ला खड़ा किया है, और निसार जैसे अंतरराष्ट्रीय सहयोगी मिशन के लिए मजबूत आधार तैयार किया। इसरो ने दो उपग्रहों को अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक डॉक कराकर भारत को दुनिया का चौथा देश बना दिया । इससे पहले 2017 में इसरो ने एक ही मिशन में 104 उपग्रहों को लॉन्च करके विश्व रिकॉर्ड बनाया था।*

## भारतीय नौसेना के लिए महत्वपूर्ण

*आज के समय में समुद्री सुरक्षा की चुनौतियां बहुत बढ़ गई हैं। चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों की वजह से हिंद महासागर में तनाव रहता है। जीएसएटी-7आर नौसेना को अंतरिक्ष से नजर रखने और तुरंत कार्रवाई करने की ताकत देगा। नौसेना के चीफ ने कहा है कि ये सैटेलाइट राष्ट्र की समुद्री हितों की रक्षा के लिए एक बड़ा कदम है।*

### संचार मजबूत

*पहले सैटेलाइट्स से कम्युनिकेशन सीमित था। अब ये ज्यादा तेज और सुरक्षित होगा।*

### निगरानी बढ़ेगी

*समुद्री इलाके में दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखना आसान हो जाएगा।*

### अंतरिक्ष में अपनी जगह और मजबूत कर रहा है भारत

*भारत ने बीते कुछ वर्षों में अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग से लेकर आदित्य-एल1 मिशन तक, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने वैश्विक मंच पर अपनी वैज्ञानिक क्षमता का लोहा मनवाया है। अब भारत न केवल पृथ्वी की कक्षा में उपग्रह भेजने में माहिर है, बल्कि गहरे अंतरिक्ष अभियानों में भी अपनी महारत हासिल करने में लगा है। प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी, अंतरिक्ष स्टार्टअप्स का उभार और वैश्विक सहयोग ने भारत को एक उभरती हुई अंतरिक्ष महाशक्ति के रूप में स्थापित किया है।*

## खबर संक्षेप

### सऊदी सरकार का वीजा सिस्टम में बड़ा बदलाव

**रियाद।** सऊदी अरब सरकार ने अपने वीजा सिस्टम में अहम बदलाव किया है। रियाद ने तेज, सरल और अधिक समावेशी डिजिटल वीजा प्रणाली शुरू की है, जिसे सऊदी अरब की यात्रा को पहले से कहीं अधिक आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। सऊदी अरब ने अपने आधिकारिक केएसए वीजा प्लेटफॉर्म का नया पायलट संस्करण जारी किया है।



### 7 हजार से ज्यादा की मौत, ट्रंप ने दी चेतावनी

**वॉशिंगटन।** नाइजीरिया में जनवरी से 10 अगस्त तक धार्मिक हिंसा बढ़ने के कारण 7,000 से अधिक ईसाइयों की हत्या कर दी गई है। इन हत्याओं के बीच बोको हरम और फुलानी एक्सट्रीमिस्ट जैसे आतंकी संगठन जिम्मेदार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा कि जरूरत पड़ी, तो गन के साथ नाइजीरिया में कार्रवाई होगी।



## यूक्रेन ने रूस पर किया बड़ा ड्रोन हमला

# तुआप्से बंदरगाह पर हुए हमले से रूस को हुआ भारी नुकसान,चौतरफा आग

एजेंसी ▶▶ कीव/मॉस्को

यूक्रेन ने रविवार रात को रूस पर बड़ा ड्रोन हमला किया है। यूक्रेन ने रूस के काला सागर में स्थित तुआप्से बंदरगाह और तेल टैंकर को निशाना बनाया है। रात भर चले यूक्रेनी ड्रोन हमलों में बंदरगाह जल गया है। यूक्रेन का यह हमला हाल में किए गए बड़े हमलों में से एक माना जा रहा है।

- ***28 लाख टन डीजल और 16 लाख टन गैसोलीन की आपूर्ति करता है प्लांट***
- ***पहले तेल पाइप लाइन को बनाया था निशाना***



बंदरगाह पर आग ही आग दिखाती एआई द्वारा बनाई गई तस्वीर।

### यूक्रेन ने लिया रूस से बदला

यूक्रेन का यह हमला हाल ही में उसके पूर्वी क्षेत्र में सैन्य उपकरणों की सप्लाई मार्ग वाले पुल को उड़ाये जाने के बाद किया गया है। कहा जा रहा है कि यह हमला यूक्रेन की सशस्त्र सेनाओं द्वारा किया गया था, जो रूस के क्रास्नोदार क्राय क्षेत्र में एक बड़े पैमाने पर चलाए गए ड्रोन अभियान का हिस्सा था। हाल के महीनों में कीव ने अपने हमलों की तीव्रता बढ़ा दी है, ताकि रूस की ईंधन आपूर्ति और सैन्य रसद तंत्र को बाधित किया जा सके।

### आसमान में हुए भीषण विस्फोट

इस भयानक ड्रोन हमले के चलते रूस के आसमान में चमकते विस्फोटों की झिलमिलाहट ने समुद्र के शांत पानी को भी लाल कर दिया। बंदरगाह के जो मजदूर कुछ देर पहले तक अपने रात्रि शिफ्ट के काम में व्यस्त थे, अचानक धुएं और आग की लपटों के बीच जीवन संघर्ष की दौड़ में शामिल हो गए।

### रूस ने पानी में उतार दिया सबसे खतरनाक हथियार

यूक्रेन के साथ जारी जंग के बीच ही रूस ने पिछले दिनों पोसाइडन और ब्यूरवेस्टनिक को लॉन्च किया था। अब उसने एक खतरनाक हथियार को पानी में उतार दिया है।



तैनात पनडुब्बी

### यूक्रेन को मिलेंगे आधुनिक विमान

रूस ने जब फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमला किया था, उस वक्त राष्ट्रपति जेलेंस्की के देश के पास नाम मात्र की ही वायुसेना थी। यूक्रेन के पास सिर्फ 98 लड़ाकू विमान थे, जिनमें से आधे ही ऑपरेशनल थे। लाइटग्लोबल की विश्व वायु सेना 2022 रिपोर्ट के मुताबिक, कीव के पास कोई पश्चिमी लड़ाकू विमान नहीं थे।

### आपातकाल घोषित

स्थानीय प्रशासन ने तुरंत आपातकाल घोषित कर दिया। फायर ब्रिगेड की दर्जनों गाड़ियां घटनास्थल की ओर दौड़ीं, लेकिन हर नई लपट उनके प्रयासों को चुनौती देती रही। हवा में तेल और जलते धातु की तीखी गंध भर गई थी। इस हमले ने न सिर्फ रूस की ऊर्जा व्यवस्था को झटका दिया, बल्कि तुआप्से के निवासियों के दिलों में डर और अनिश्चितता भी भर दी। सालों से इस तट पर काम कर रहे बूढ़े नाविक इवान जलते गोदामों को देखते हुए बोले- "समुद्र तो हमेशा से आग को बुझाता आया है।

## रेड क्रॉस ने चलाया बचाव अभियान

# मेक्सिको के सुपरमार्केट में आग, बच्चों समेत 23 की मौत





मार्केट के बाहर का दृश्य।

एजेंसी ▶▶ हर्मोसिलो

मेक्सिको के सोनारा राज्य में भीषण आग ने त्योहारी खुशी को मातम में बदल दिया। जब हर्मोसिलो शहर के एक डिस्काउंट स्टोर में लगी आग से कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई। जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब देश भर में 'डे ऑफ द डेड' उत्सव मनाया जा रहा था।

एक ऐसा पारंपरिक पर्व जिसमें परिवार अपने दिवंगत प्रियजनों को याद करते हैं। रंग-बिरंगे जुलूस और मोमबत्तियों के बीच यह हादसा उत्सव को त्रासदी में बदल गया।

### 40 सदस्य और 10 एंबुलेंस बचाव कार्य में जुटे

यह बेहद दुखद घटना है, खासकर क्योंकि मृतकों में छोटे बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। सोनारा रेड क्रॉस के अनुसार, उनकी टीम के 40 सदस्य और 10 एम्बुलेंस बचाव कार्य में जुटे रहे। छह बार अस्पताल तक घायलों को पहुंचाया गया। दमकल विभाग ने कहा कि आग पर अब काबू पा लिया गया है, लेकिन मलबे में फंसे लोगों की तलाश अभी जारी है।

## आतंकी हमले के बाद रुका प्रोजेक्ट हुआ शुरू

# एनआईए की हरी झंडी के बाद बायसरन में बढ़ेगी चहल-पहल, दिखेगी केबल कार

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर सरकार को पहलगाम के बायसरन इलाके में प्रस्तावित केबल कार परियोजना शुरू करने की मंजूरी दे दी है। यह वही इलाका है जहां 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे।

अधिकारियों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने एनआईए से इस परियोजना पर अपनी राय मांगी थी, क्योंकि एजेंसी उसी आतंकी हमले की जांच कर रही है। एनआईए के एक अधिकारी ने बताया, हमें परियोजना को लेकर हमारी राय पूछी गई थी और हमने यह स्पष्ट किया है कि जांच के दृष्टिकोण से हमें कोई आपत्ति नहीं है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में 27 अक्टूबर को पहलगाम के विधायक अल्ताफ अहमद वानी के एक सवाल के जवाब में सरकार ने बताया था कि परियोजना का काम एक कंपनी को सौंपा जा चुका है।



सांकेतिक तस्वीर।

### करीब डेढ़ किमी लंबी होगी दूरी

जम्मू-कश्मीर केबल कार कॉरपोरेशन ने 1.4 किलोमीटर लंबी इस परियोजना की रूपरेखा तैयार की है। इसका निचला स्टेशन यात्री निवास के पास और ऊपरी स्टेशन बायसरन में होगा। परियोजना के लिए कुल 9.13 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता होगी, जो वन विभाग की है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जो पर्यटन विभाग का भी कार्यभार संभाल रहे हैं।

## नोएडा के अस्पताल में ऑक्सीजन पाइप लाइन फटने से धमाका

जरा भी लापरवाही ले सकती थी कई की जान समय रहते हुई कार्रवाई

# वार्ड में धुआं फैलने से मची अफरा तफरी, सप्लाई रुकने से 8 मरीजों की हालत बिगड़ी, शिफ्ट किया

*नोएडा के निजी अस्पातल में ऑक्सीजन लाइन फटने के चलते सप्लाई रुक गई। ऐसे में अस्पताल के आईसीयू में भर्ती आठ मरीजों की हालत बिगड़ गई। आनन-फानन मरीजों को दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट किया गया।*

एजेंसी ▶▶ नोएडा

नोएडा के सेक्टर 66 स्थित निजी अस्पताल में रविवार दोपहर करीब 12 बजे के आसपास अचानक ऑक्सीजन पाइप फटने से अफरा-तफरी मच गई। लाइन फटने से हुई तेज आवाज और धुआं होने से सभी मरीज बाहर की ओर भागने लगे। वहीं, दूसरी ओर लाइन फटने से गंभीर मरीजों को दी जा रही ऑक्सीजन सप्लाई भी बाधित हो गई, इससे कुछ देर के लिए मरीजों को ऑक्सीजन न मिलने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, इस मामले को लेकर मौके पर फेस 3 थाने की पुलिस पहुंची। अस्पताल प्रबंधन ने मौके पर आइसीयू में भर्ती मरीजों को पास के अस्पताल में एंबुलेंस के सहारे शिफ्ट किया गया। आनन-फानन पांच मरीजों को शिफ्ट किया गया।

### गनीमत रही समय रहते स्थिति पर काबू पा लिया



अस्पताल के बाहर का दृश्य।

### मरीजों को शिफ्ट किया

गंभीर मरीजों को भी दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया गया। इतनी देर में सभी मरीजों के परिजनों को भी जानकारी दी गई। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार करीब आईसीयू में भर्ती आठ मरीजों को शिफ्ट किया गया।

### तत्काल पहुंची दमकल टीम

आज फायर स्टेशन फेस-3 पर ममूरा स्थित निजी अस्पताल में ब्लास्ट होने की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए फायर सर्विस यूनिट मौके पर पहुंची तो ज्ञात हुआ कि ऑक्सीजन लाइन में लीकेज होने के कारण माइनर ब्लास्ट हुआ था जिस कारण मरीजों को तत्काल एक वार्ड से दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया गया था। कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ है न ही किसी प्रकार की कोई आगजनी हुई है। मौके पर शांति व्यवस्था स्थापित है।



# जावेद अख्तर को मिलेगा शिक्षा अनुसंधान साहित्य सम्मान

**मुंबई।** पटकथा लेखक और गीतकार जावेद अख्तर को भारतीय सिनेमा और साहित्य में योगदान के लिए साल 2025 का शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान मिलने वाला है। 29 नवंबर को यह सम्मान उन्हें दिया जाएगा। 29 नवंबर को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान जावेद अख्तर को दो दिवसीय साहित्य महोत्सव के उद्घाटन पर दिया जाएगा। इस पुरस्कार में 7 लाख रुपये की नकद राशि, एक प्रशस्ति पत्र, देवी सरस्वती की एक रजत प्रतिमा और एक शॉल भी बॉलीवुड के नामी गीतकार को प्रदान की जाएगी। दो दिवसीय शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य महोत्सव की निदेशक गायत्रीबाला पांडा ने सम्मान से जुड़ी जानकारी साझा की।

लाइफ Style



# कियारा


## ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कियारा आडवाणी को मां बने 3.5 महीने हो चुके हैं। अपने मदरहुड को एंजॉय करते हुए एक्ट्रेस ने अपनी एक बड़ी फिल्म साइन की है, जिसकी डील पक्की हो चुके हैं। इस फिल्म में कियारा एक बड़ा रोल प्ले करने वाली हैं, जो उनके फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज होगा।

पिछले साल सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने 'कमाल और मीना' नाम की बायोपिक का ऐलान किया था। तभी से फैंस के बीच ये चर्चा थी कि आखिर इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल कौन निभाएगा। लंबे समय तक इस रोल के लिए कई नाम सुर्खियों में आए। खासकर कृति सेनन और कियारा आडवाणी को लेकर लोगों के बीच कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन तब किसी भी एक्ट्रेस का नाम सामने नहीं आया था। हर कोई ये जानना चाहता था कि इस जमाने की मीना कुमारी का रोल कौन प्ले कर सकती है। अब आखिरकार इस सवाल का जवाब मिल गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कियारा आडवाणी को इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल निभाने के लिए फाइनल कर लिया गया है। यानी कियारा अब पर्दे पर ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती नजर आएंगी। रिपोर्ट में बताया गया कि कियारा में निर्देशक को वो खूबी दिखी है, जो मीना कुमारी के किरदार को जिंदा कर सकती है। उनके अंदर वो इमोशन्स की गहराई और विंटेज चार्म है, जो इस किरदार को खास बनाएगा. फैंस भी इस खबर से काफी खुश हैं। फिल्म से जुड़े एक सोर्स ने बताया, 'महीनों से इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही थी। अब जाकर सब कुछ तय हो गया है।

## हॉलीवुड मसाला



# 350 ऑडिशन के बाद मिली थी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश ब्रोलिन अपने दमदार अभिनय के लिए लोकप्रिय हैं। उन्होंने 'एवेंजर्सः एंडगेम', 'नो कंट्री फॉर ओल्ड मेन' और 'ड्यूनः पार्ट टू' जैसी फिल्मों में काम किया है। जोश का कहना है कि स्टारडम के शिखर तक पहुंचने का उनका सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। ऑस्कर-नॉमिनेटेड एक्टर का कहना है कि डेब्यू फिल्म झोली में आने से पहले उन्होंने 350 ऑडिशन दिए थे। जोश ब्रोलिन ने साल 1985 की कल्ट क्लासिक फिल्म 'द गूनीज' से डेब्यू किया था। इससे पहले उन्हें करीब 350 ऑडिशन से गुजरना पड़ा। दिलचस्प बात यह है कि जोश के पिता जेम्स ब्रोलिन इंडस्ट्री के नामी अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं।




# वेक्ना और इलेवन के बीच होगी आखिरी लड़ाई

**लॉस एंजिल्स।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस सीरीज का फैंस को लंबे समय से इंतजार था। इस बार सीरीज में एक्शन, ड्रामा और डर का ट्रिपल डोज मिलने वाला है। ट्रेलर के साथ ही सीरीज की रिलीज डेट भी शेयर की गई है। ट्रेलर की शुरुआत पिछले सीजन की घटनाओं के बाद हॉकिन्स के क्वारंटाइन होने के बाद से होती है। साथ ही इलेवन भी खुद को बचाने की कोशिश कर रही है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, सभी लोग खूंखार वेक्ना के खिलाफ एकजुट हो जाते हैं। लेकिन, वेक्ना इस बार दोगुनी ताकत के साथ सामने है। ट्रेलर में आगे नैन्सी, जॉयस, माइक, डस्टिन और लुकास के किरदार नजर आते हैं। सीरीज के ट्रेलर में काफी एक्शन सीन्स हैं। सीरीज में नैन्सी का किरदार कहता है, 'वह (वेक्ना) हमारी दुनिया को खत्म करने की प्लानिंग में है।



# डीसी के टीजर में दिखा जुनूनी आशिक

**मुंबई।** रजनीकांत की फिल्म 'कुली' के निर्देशक लोकेश कनगराज अब एक्टर बन चुके हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'डीसी'का टाइटल टीजर रिलीज हो चुका है। इसमें वामिका गब्बी उनके साथ नजर आ रही हैं। डायरेक्टर के तौर पर लोकेश कनगराज ने साउथ सिनेमा में कई हिट फिल्में बनाई हैं। कैथी, विक्रम और कुली जैसी फिल्मों में उन्होंने कार्थी, कमल हासन और रजनीकांत जैसे एक्टर के साथ काम किया। अब लोकेश एक्टिंग की दुनिया में एंट्री ले चुके हैं। अपकमिंग फिल्म डीसी का टाइटल टीजर सामने आया। इसमें लोकेश का अलग ही अंदाज दिखा। फिल्म डीसी के टाइटल टीजर में लोकेश की एंट्री दमदार तरीके से होती है, उनका किरदार खून से लथपथ नजर आता है। लोकेश ने एक्सप्रेशन भी इंटेंस दिए हैं। आगे टीजर में वामिका गब्बी दिखाई देती हैं।



# जटाधरा का नया गाना शिव स्त्रोतम रिलीज

**मुंबई।** एक्टर सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा की मचअवेटेड फिल्म जटाधरा का नया गाना 'शिव स्त्रोतम' मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'शिव स्त्रोतम' में सुधीर बाबू का लुक काफी जबरदस्त है। उन्हें देखकर लगता है कि स्वयं भगवान अवतरित हो गए हों। फिल्म के गाने 'शिव स्त्रोतम' जबरदस्त के ग्राफिक्स को बहुत ही बेहतरीन तरह से पेश किया है। मेकर्स ने इस गाने को रिलीज करते हुए इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, 'वह समय है। वह सत्य है। वह तूफान भी है और शांति भी यही है। शिवस्तोत्रम 'जटाधरा' से.' 'शिव स्त्रोतम' को आधुनिक बीट्स से मिलाकर नए अंदाज में पेश किया गया है, जिससे आज के युवा को कुछ नया देखने को मिले. 'शिव स्त्रोतम' सभी म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। फैंस को गाना काफी पसंद आ रहा है।

## टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ्स 3 में इन सात जोड़ियों ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन पर जबरदस्त हिट रहा कॉमेडी-कुकिंग रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स' अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। अपनी मजेदार किचन कुकिंग और मस्ती भरे सेलिब्रिटी मोमेंट्स के लिए मशहूर इस शो की मेजबानी हमेशा की तरह भारती सिंह करेंगी और जज शेफ हरपाल सिंह सोखी हैं। इसका नया प्रोमो आ चुका है और इसमें कंटेस्टेंट्स के साथ रिलीज डेट भी कंफर्म हो गई है। फैंस को हंसाने और और गुदगुदाने वाले दो सफल सीजन के बाद, 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' को लेकर उत्साह पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है। अपने दूसरे बच्चे के साथ प्रेग्नेंट होने के बावजूद भारती अपनी खास एनर्जी लेकर वापस आ गई हैं। शो का प्रोमो आते ही दिख गया कि इसमें कौन से कंटेस्टेंट्स होंगे। सबसे पहले तो कृष्णा अभिषेक और अली गोनी हवा में लटके हुए दिखते हैं। फिर एल्विश और करण की एंट्री होती है। समर्थ और अभिषेक भी इस सीजन में लौट चुके हैं। फिर जन्नत जुबैर आती हैं। इसके बाद विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी की डांस करते हुए एंट्री होती है। वहीं, तीन लड़कियां तेजस्वी, ईशा सिंह और ईशा मालवीय आती हैं। अंत में देबिना की भी झलक दिखाई देती है। फिर कश्मीरा शाह हरपाल सिंह के साथ बाइक पर बैठकर आती हैं। यह शो 'पति पत्नी और पंगा' की जगह लेगा और 22 नवंबर, 2025 को प्रीमियर होगा, जो हर वीकेंड रात 9 से 9:30 बजे कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा। इसके एपिसोड जियो हॉटस्टार पर भी स्ट्रीम किए जाएंगे। तमिल हिट 'कुकू विद कोमाली' से प्रेरित यह शो खाना पकाने की चुनौतियों के साथ ह्यूमर के लिए जाना जाता है।

## पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में दिखे जिमी और सिद्धार्थ

**नई दिल्ली।** जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ की अदाकारी वाली सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। 2 नवंबर



को सेखों भारतीय वायुसेना मैराथन उद्घाटन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी किया है। वीडियो जारी करते हुए पोस्ट में लिखा 'इतिहास में दुनिया का सबसे बड़ा हवाई ऑपरेशन। सबसे बड़ा सम्मान। नेटफ्लिक्स पर जल्द आ रही है ऑपरेशन सफेद सागर सीरीज।' 'ऑपरेशन सफेद सागर' के पहले लुक में दिखाया गया है कि जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ के साथ कई दूसरे एक्टर्स पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हैं।




# किंग का टाइटल रिवील

## शाहरुख का फर्स्ट लुक है खतरनाक

**मुंबई।** शाहरुख खान के जन्मदिन पर फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। दरअसल, उनके बर्थडे पर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने उनकी मच अवेटेड फिल्म 'किंग'का टाइटल रिवील वीडियो जारी किया। इस टीजर वीडियो में एसआरके का लुक दिखाया गया है और रिलीज डेट के बारे में भी हिंट दिया है। बता दें सिद्धार्थ आनंद और शाहरुख खान पहले 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर में साथ काम कर चुके हैं। रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'किंग' साल 2026 में रिलीज़ होगी। यह फिल्म दर्शकों को शाहरुख खान का ऐसा रूप दिखाने वाली है जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा। एक बार फिर रोमांस के बादशाह फुल एक्शन मोड में दिखेंगे, जैसा कि मेकर्स ने किंग टाइटल रिवील में साबित कर दिया है। यह फिल्म एक स्टाइलिश और जबरदस्त एक्शन एंटरटेनर है, जो स्टाइल, करिश्मा और थ्रिल को नए तरीके से पेश करेगी। सिद्धार्थ आनंद की यह अब तक की सबसे बड़ी और मसालेदार फिल्म मानी जा रही है, जो उनके एक्शन स्टोरीटेलिंग को एक नए लेवल पर ले जाएगी। किंग का टाइटल रिवील शाहरुख खान के बर्थडे पर रिलीज किया गया, जहां हम देखते हैं उस इंसान को जिसे सब किंग खान कहते हैं, अब वो उसी नाम के रोल में दिख रहे हैं और वो भी दमदार और जोश से भरे हुए अंदाज में।

# बॉलीवुड के 'बैड बॉयज' का रियूनियन एक साथ आए सभी खूंखार खलनायक

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में खलनायकों का भी एक दौर था, जिनकी झलक से भी दर्शकों की सांसें थम जाती थीं। इन्ही में रंजीत, रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी शामिल थे। भले ही ये अब सिल्वर स्क्रीन पर कम नजर आते हैं, लेकिन एक समय था, जब सिल्वर स्क्रीन पर इनका खूब बोल-बाला था। फिल्मों में इन खलनायकों का हीरो से भी ज्यादा दबदबा था। इसी बीच दर्शकों को पुराने दौर के विलेन की याद दिलाने के लिए अभिनेता रजा मुराद ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें पोस्ट कीं। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीर पोस्ट की, उसमें रजा मुराद के साथ किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी नजर आ रहे है। अभिनेता ने पोस्ट कर मजाकिया अंदाज में कैप्शन लिखा, 'भारत के चार सबसे शरीफ, सीधे-सादे मासूम भोले-भाले महापुरुष।'



### पर्दे पर था विलेन्स का दबदबा

बता दें कि हिंदी सिनेमा में एक खलनायकी का दौर था, जब कुछ चुनिंदा चेहरे विलेन का दमदार रोल निभाते थे। इन्हीं में से थे रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर। इन्होंने खलनायक बनकर काफी नाम कमाया। जहां रंजीत खतरनाक विलेन के तौर पर जाने जाते थे, तो रजा मुराद की दमदार आवाज ही दर्शकों को चुप करा देती थी। ऐसे ही किरण कुमार की उपस्थिति ही काफी होती थी और गुलशन ग्रोवर एक 'बैड मैन' थे, जिन्होंने विलेन के किरदार इतनी शिद्दत से निभाए कि अपनी खलनायक की छवि को नहीं तोड़ पाए। उनकी 'बैडमैन'इमेज अपने आप में एक ब्रांड भी बन गई। हालांकि, चारों को एक साथ किसी भी फिल्म में साथ में नहीं देखा गया है, लेकिन रजा, गुलशन और रंजीत साल 1997 की एक्शन फिल्म 'शपथ'में साथ नजर आ चुके है। फिल्म का निर्देशन राजीव बब्बर ने किया था, जिसमें मिथुन चक्रवर्ती, जैकी श्रॉफ, रम्या कृष्णा और शक्ति कपूर मुख्य भूमिका में थे। 12 दिसंबर 1997 को रिलीज हुई 'शपथ'बॉक्स ऑफिस पर सेमी-हिट साबित हुई। इसमें खलनायकों ने शानदार काम किया था।

## ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी

# 1 फिल्म में समाए 72 गाने, 93 साल बाद भी कोई नहीं तोड़ पाया रिकॉर्ड

***नई दिल्ली।** इंडियन फिल्मों में गानों का खूब क्रेज रहता है। आज से नहीं, बल्कि दशकों पहले से ऐसा होता आ रहा है। मुगल-ए-आजम को ही ले लीजिए। इसके गीत जब प्यार किया तो डरना क्या को उस जमाने में लाखों रुपए खर्च करके बनाया गया था। वो दौर, जब चंद लाख में फिल्में बन जाया करती थी। ठीक आज भी करण जौहर से लेकर यश चोपड़ा के बैनर तले बनने वाली फिल्मों को ही देख लीजिए। ये एक एक गानों को एक उत्सव की तरह सेलिब्रेट करते हैं। दुनिया की सबसे खूबसूरत वादियों पर गानों को शूट करते हैं। लाखों-करोड़ों रुपये बहाते हैं और बेस्ट ट्रैक तैयार करते मगर क्या आप जानते हैं उस फिल्म के बारे में जिसमें सबसे ज्यादा गाने थे। अगर आपके जहन में हम आपके हैं कौन, रॉकस्टार, डीडीएलजे, ताल, मोहब्बतें जैसी किसी फिल्म का नाम आ रहा है तो ठहर जाइए. क्योंकि जिस फिल्म के नाम सबसे ज्यादा गाने का रिकॉर्ड है वो आई थी साल 1932 में. जिसमें 72 गाने थे।*

### जहानारा और मास्टर निसार ने लीड रोल किए थे प्ले

इस फिल्म को जेएफ मदन ने बनाया और जहानारा कज्जन और मास्टर निसार ने लीड रोल प्ले किए थे। जहानारा का जन्म मशहूर तवायफ सुग्गन बेगम के घर हुआ। जो बेहतरीन सिंगर थीं और इंद्रसभा फिल्म से छा गई थीं। इस फिल्म का नाम है 'इंद्र सभा'। साल 1932 में आई फिल्म 'इंद्र सभा' में शुरुआत में 72 गाने थे। जबकि कुछ रिपोर्ट्स का दावा है 69 तो कुछ का कहना है 71 गाने। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने 'इंद्र सभा' फिल्म का नाम सबसे ज्यादा गाने वाली फिल्म के रूप में दर्ज किया। ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी।




### पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था 'इंद्र सभा'

इंद्र सभा प्ले की बात करें तो ये एक उर्दू प्ले था। जो पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था। इसे पहला कंप्लीट उर्दू मंच नाटक माना जाता है। जिसे जर्मन में भी ट्रांसलेट किया गया था। अगर बीते कुछ सालों की फिल्मों के गानों की बात करें तो सूरज बड़जात्या की म्यूजिकल फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में 14 गाने तो सुभाष घई की 'ताल' में 12 गाने थे। वहीं, आज के जमाने की रॉकस्टार में 14 गाने थे। इस हिसाब से आज तक कोई इस फिल्म का 93 साल बाद भी रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाया है।

### मणिलाल ने किया था डायरेक्ट

'इंद्र सभा' को मणिलाल जोशी ने डायरेक्ट किया था। उस जमाने की ये एक विशाल फिल्म थी जिसकी समय अवधि 211 मिनट थी। फिल्म की लंबाई की वजह थी इसके अंदर के गान। ये फिल्म आगा हसन अमानत के नाटक पर आधारित थी, जिसमें केरेक्टर का इंट्रोडक्शन भी म्यूजिकल अंदाज में दिया गया था। जैसे पहले नाटक में हुआ करता था। द कैम्ब्रिज गाइड टू एशियन थिएटर में, जेम्स आर ब्रैंडन ने कहा गया कि प्ले में 31 गजल, 9 ठुमरी, 4 होली, 15 गाने, दो चौबोले और पांच छंद शामिल थे। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी बताया गया है कि फिल्म में हर केरेक्टर के लिए 1 स्पेशल गाना था।

# भारत बना विश्व विजेता तो हर मन खुश
# 52 रन से खत्म हुआ 52 साल का सूखा

एजेंसी ▶▶ नवी मुंबई

महिला टीम इंडिया ने 52 साल बाद पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बना। भारत ने साउथ अफ्रीका को वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में हराकर पहली बार ठीक उसी तरह खिताब हासिल किया, जैसे 1983 में मेंस क्रिकेट का पहला वर्ल्ड कप कपिल देव ने जिताया था। हरमनप्रीत की कप्तानी वाली महिला टीम इंडिया ने मैदान में हार नहीं मानी और तमाम बाधाओं को पार करते हुए भारतीय महिला क्रिकेट के इतिहास को पूरी तरह से बदल दिया। महिला टीम इंडिया पहले बल्लेबाजी करने उतरी तो शेफाली वर्मा ने 87 रन और 58 रन दीप्ति शर्मा ने बनाए। इससे साउथ अफ्रीका को 299 का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका की कप्तान लॉरा वूलवार्ट ने 101 रन की पारी खेली लेकिन अपनी टीम को पहला वर्ल्ड कप नहीं जिता सकीं। दीप्ति ने बल्ले के बाद गेंदबाजी में भी कमाल किया और पांच विकेट हॉल लेकर 52 साल बाद भारत को 52 रन से वर्ल्ड कप जिताया।

शेफाली वर्मा (78 गेंद में 87 रन) और दीप्ति शर्मा (58 रन) के अर्धशतक की बदौलत सात विकेट पर 298 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम दीप्ति शर्मा के पांच झटकों के सामने कप्तान लौरा वोलवार्ट (101 रन) के शतक के बावजूद 45.3 ओवर में 246 रन पर सिमट गई। दीप्ति ने 39 रन देकर पांच विकेट झटके। शेफाली वर्मा ने भी दो विकेट और श्री चरणी ने एक विकेट हासिल किया। दीप्ति ने 58 गेंद में तीन चौके और एक छक्का जड़ा। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 45 रन और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने 34 रन का योगदान दिया।

## लॉरा ने महिला वर्ल्ड कप में बनाए 500 प्लस रन

दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम की कप्तान लॉरा वूलवार्ट ने शानदार शतकीय पारी खेली। ये उनके वनडे करियर का 11वां शतक रहा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ इस खिलाड़ी ने दूसरा शतक लगाया। सेमीफाइनल मैच में भी लॉरा वूलवार्ट ने 169 रन की शानदार पारी खेली थी। पारी के दौरान वह एक विश्व कप संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज भी बनीं। लॉरा ने महिला विश्व कप 2025 में 509 से ज्यादा रन बनाए। वह इस टूर्नामेंट के एक संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज बन गईं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की एलिसा हीली का रिकॉर्ड तोड़ा। हीली ने 2022 के विश्व कप में 9 पारियों में 56.55 की औसत के साथ 509 रन बनाए थे। वहीं 2022 के संस्करण में ही राचेल हेन्स ने 9 पारियों में 62.12 की औसत से 497 रन बनाए थे।





## शेफाली को मिला मौका,कर दिया कमाल

शेफाली वर्मा ने 87 रन की पारी खेलकर इतिहास रच दिया और महिला वनडे वर्ल्ड कप में वो भारत की तरफ से सबसे बड़ी पारी खेलने वाली महिला प्लेयर बन गईं। भारत की तरफ से महिला वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड पूनम राउत के नाम पर दर्ज था, जिन्होंने साल 2017 में फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 86 रन की पारी खेली थी, लेकिन अब शेफाली ने उन्हें पीछे छोड़ दिया और नंबर 1 बन गईं। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हरमनप्रीत कौर हैं, जिन्होंने साल 2017 के फाइनल में 51 रन की पारी खेली थी।

## मंधाना ने रिकॉर्ड किया अपने नाम

मंधाना अब एक विश्व कप संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय महिला बल्लेबाज बन गई हैं। उनके अब 9 पारियों में 434 रन हो गए हैं। उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 2017 में 9 पारियों में 409 रन बनाए थे। सूची में पूनम राउत (381 रन, 2017) तीसरे नंबर पर हैं। पारी का 21 रन बनाते ही वह एक विश्व कप संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय महिला बल्लेबाज बन गईं।

## दीप्ति ने जड़ा 18वां अर्धशतक

दीप्ति ने मैच में 58 गेंदों का सामना किया और 58 रन बनाए। उनके बल्ले से 3 चौके और 1 छक्का निकला। उनकी स्ट्राइक रेट 100 की रही। ये दीप्ति के वनडे करियर का 18वां अर्धशतक रहा। उन्होंने 53 गेंदों का सामना करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दीप्ति के बल्ले से निकला यह छठा अर्धशतक है। उन्होंने अब तक 121 वनडे खेले हैं और 37.01 की औसत से 2,739 रन बनाने में सफल रहीं हैं।

## शेफाली ने सचिन तेंदुलकर की स्टाइल में लगाया छक्का

वर्ल्ड कप फाइनल में शेफाली वर्मा के लगाए 2 छक्कों में एक 73 मीटर का था। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के स्टाइल में बैट को पूरा घुमाए बिना लॉन्ग स्टेट में स्ट्रेट स्क्रीन पर छक्का मारा। ये शॉट उन्होंने नादिने डि क्लार्क के डाले 15वें ओवर में लगाया, इस शॉट से पूरा स्टेडियम शोर से गूंज उठा। शेफाली ने 78 गेंदों में 87 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें उन्होंने 2 छक्के और 7 चौके जड़े। वह अपने शतक से चूक गई, उन्हें 28वें ओवर में अयाबोंगा खाका ने आउट किया।

## भारतीय महिला टीम पर पैसों की बारिश

चैंपियन बनने वाली भारतीय महिला टीम पर पैसों की बारिश हुई। महिला वनडे वर्ल्ड कप के 13वें संस्करण की विजेता बनी भारतीय टीम को 4.48 मिलियन डॉलर (लगभग 40 करोड़ रुपए) की इनामी राशि मिली है। यह राशि साल 2022 के वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को मिली 1.32 मिलियन डॉलर से 239 प्रतिशत ज्यादा रही। वहीं रनर अप (उपविजेता) रही साउथ अफ्रीकी टीम को भी अच्छी खासी रकम मिली है। लॉरा वोलवार्ट की अगुवाई वाली साउथ अफ्रीका को 2.24 मिलियन डॉलर (लगभग 20 करोड़ रुपए) मिले है।

## कब कौन बना महिला वनडे वर्ल्ड कप का विजेता

- 1973: इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को अंकों के आधार पर हराकर पहला महिला वर्ल्ड कप जीता।
- 1978: ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को अंकों के आधार पर हराकर खिताब जीता।
- 1982: ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 3 विकेट से हराया (क्राइस्टचर्च)।
- 1988: ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 8 विकेट से हराया (मेलबर्न)।
- 1993: इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 67 रन से हराकर ट्रॉफी जीती (लॉर्ड्स)।
- 1997: ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हराकर वर्ल्ड कप जीता (कोलकाता)।
- 2000: न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 4 रन से हराकर पहली बार खिताब जीता (लिंकन, न्यूजीलैंड)।
- 2005: ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 98 रन से हराया (सुपरस्पोर्ट पार्क, साउथ अफ्रीका)।
- 2009: इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया (नॉर्थ सिडनी)।
- 2013: ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 114 रन से हराया (ब्रेबॉर्न, मुंबई)।
- 2017: इंग्लैंड ने भारत को 9 रन से हराया (लॉर्ड्स)।
- 2022: ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 71 रन से हराया (क्राइस्टचर्च)।
- 2025: भारत ने साउथ अफ्रीका को 52 से हराय (नवी मुंबई)।

## स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| स्मृति मंधाना का जापता बो ट्रायोन | 45 | 5 | 8 | 0 |
| शेफाली वर्मा का लुस बो खाका | 87 | 78 | 7 | 2 |
| जेमिमा का वोल्वार्ड बो खाका | 24 | 37 | 1 | 0 |
| हरमनप्रीत कौर बो म्लाबा | 20 | 29 | 2 | 0 |
| दीप्ति शर्मा रन आउट | 58 | 58 | 3 | 1 |
| अमनजोत का एवं बो डि क्लार्क | 12 | 14 | 1 | 0 |
| रिचा का डर्कसेन बो खाका | 34 | 24 | 3 | 2 |
| राधा यादव नाबाद | 03 | 3 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 12
कुल योग: 50 ओवर में सात विकेट पर 298 रन
गेंदबाजी: काप 10-1-59-0, खाका 9-0-58-3, म्लाबा 10-0-47-1, डि क्लार्क 9-0-52-1, लुस 5-0-34-0, ट्रायोन 7-0-46-1

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| लौरा का अमनजोत बो दीप्ति | 101 | 98 | 11 | 1 |
| ताजमिन ब्रिट्स रन आउट | 23 | 35 | 2 | 1 |
| एनेक बॉश पगबाधा श्री चरणी | 00 | 6 | 0 | 0 |
| सुने लुस का एवं बो शेफाली | 25 | 31 | 4 | 0 |
| काप का घोष बो शेफाली | 04 | 5 | 0 | 0 |
| जाप्ता का राधा बो दीप्ति | 16 | 29 | 1 | 0 |
| एनेरी डर्कसन बो दीप्ति | 35 | 37 | 1 | 2 |
| ट्रायोन पगबाधा दीप्ति | 09 | 8 | 1 | 0 |
| डि क्लार्क का हरमनप्रीत बो दीप्ति | 18 | 19 | 3 | 0 |
| आयोबोंगा खाका रन आउट | 01 | 7 | 0 | 0 |
| नोनकुलुलेको म्लाबा नाबाद | 00 | 0 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 14
कुल योग: 45.3 ओवर में सभी आउट 246 रन
गेंदबाजी: रेणुका 8-0-28-0, क्रांति 3-0-16-0, अमनजोत 4-0-34-0, दीप्ति 9.3-0-39-5, श्रीचरणी 9-0-48-1, राधा 5-0-45-0, शेफाली 7-0-36-2

# वाशिंगटन-अर्शदीप के दम पर भारत की होबार्ट में जीत



एजेंसी ▶▶ होबार्ट

भारत ने होबार्ट टी20 इंटरनेशनल मैच पांच विकेट से जीत लिया। वाशिंगटन सुंदर की शानदार बैटिंग और अर्शदीप सिंह की कमाल की बॉलिंग के दम पर टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया पर तीसरे मुकाबले में जीत मिली। उसके सामने 187 रन का लक्ष्य था और जिसे नौ गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। सुंदर 49 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी पारी में तीन चौके और चार छक्के शामिल रहे। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टिम डेविड के 74 और मार्कस स्टोइनिस के 64 रन के दम पर छह विकेट पर 186 का स्कोर बनाया। उनके अलावा बाकी बल्लेबाज नहीं टिक पाए। अर्शदीप सिंह ने अपनी शानदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। उन्होंने 3 अहम विकेट चटकाए।

## ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज अर्शदीप

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 सीरीज का तीसरे मैच में अर्शदीप सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट निकाले। इसके साथ ही वह ऑस्ट्रेलिया में टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर आर अश्विन का रिकॉर्ड तोड़ा है। उन्होंने वहां अब तक 7 पारियों में 13 विकेट चटकाए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर रविचंद्रन आश्विन का नाम है। अश्विन ने 11 पारियों में 11 विकेट हासिल किए थे। हार्दिक पांड्या ने भी ऑस्ट्रेलिया में टी-20 इंटरनेशनल में 9 पारियों में 11 विकेट निकाले हैं। जसप्रीत बुमराह की बात करें तो वह 8 पारियों में 10 विकेट लेने में कामयाब रहे हैं। तीसरे टी-20 में 3 विकेट लेकर अर्शदीप सिंह अब टॉप पर पहुंच गए हैं।

## ऑस्ट्रेलिया का टॉप ऑर्डर अर्शदीप के सामने ढहा

पहले बैटिंग करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड (6) को पहले ही ओवर में गंवा दिया। अर्शदीप ने उनका विकेट लिया। जॉश इंग्लिस एक रन बना सके और अर्शदीप के दूसरे शिकार बने। इसके बाद कप्तान मिचेल मार्श (11) और डेविड ने मिलकर पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी की और इसमें ज्यादातर रन डेविड के थे. मार्श 11 रन बनाने के बाद वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर तिलक वर्मा को कैच दे बैठे। अगली गेंद पर मिचेल ऑवन बोल्ड हो गए. इससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 74 रन हो गया।

## सुंदर और जितेश शर्मा ने छठे विकेट के लिए की 43 रन की साझेदारी

सुंदर और जितेश शर्मा ने मिलकर टीम की नैया पार लगा दी। दोनों ने छठे विकेट के लिए 43 रन की अटूट साझेदारी की। जितेश ने विजयी चौका लगाया। वे 13 गेंद में 22 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एलिस 36 रन पर तीन विकेट लेकर सबसे सफल रहे। बार्टलेट और स्टोइनिस को एक-एक सफलता मिली।

## स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा का इंग्लिस बो एलिस | 25 | 16 | 2 | 2 |
| गिल पगबाधा बो इंग्लिस | 15 | 12 | 1 | 0 |
| सूर्यकुमार का एलिस बो स्टोइनिस | 24 | 11 | 1 | 2 |
| तिलक का इंग्लिस बो बार्टलेट | 29 | 26 | 1 | 1 |
| अक्षर का बार्टलेट बो एलिस | 17 | 12 | 1 | 0 |
| वाशिंगटन नाबाद | 49 | 23 | 3 | 4 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 22 | 13 | 3 | 0 |

अतिरिक्त: 07
कुल:18.3 ओवर में पांच विकेट पर: 188 रन
गेंदबाजी: बार्टलेट 4-0-30-1, एबट 3.3-0-56-0, एलिस 4-0-36-3, कुहनेमन 4-0-31-0, स्टोइनिस 2-0-22-1, शॉर्ट 1-0-13-0

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हेड का सूर्यकुमार बो अर्शदीप | 06 | 4 | 1 | 0 |
| मार्श का वर्मा बो चक्रवर्ती | 11 | 14 | 1 | 0 |
| इंग्लिस का अक्षर बो अर्शदीप | 01 | 7 | 0 | 0 |
| डेविड का वर्मा बो दुबे | 74 | 38 | 8 | 5 |
| ओवेन बो चक्रवर्ती | 00 | 1 | 0 | 0 |
| स्टोइनिस का स्थानापन्न बो अर्शदीप | 64 | 39 | 8 | 2 |
| मैथ्यू शॉर्ट नाबाद | 26 | 15 | 2 | 1 |
| जेवियर बार्टलेट नाबाद | 03 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 01
कुल: 20 ओवर में छह विकेट पर: 186 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-35-3 , बुमराह 4-0-26-0, चक्रवर्ती 4-0-33-2, अक्षर 4-0-35-0, शिवम 3-0-43-1, अभिषेक 1-0-13-0

## खबर संक्षेप



### हाइलो ओपन से उन्नति बाहर भारत की चुनौती समाप्त

**सारब्रेकेन।** उभरती बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा को 475,000 डॉलर इनामी हाइलो ओपन के महिला एकल सेमीफाइनल में इंडोनेशिया की शीर्ष वरीय पुत्री कुसुमा वर्दानी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा, जिससे इस टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। रोहतक की 18 वर्षीय खिलाड़ी उन्नति ने इस सप्ताह प्रभावशाली प्रदर्शन किया, लेकिन वह वर्दानी की गति और सटीकता की बराबरी नहीं कर सकी और 35 मिनट तक चले मुकाबले में 7-21, 13-21 से हार गई। उन्नति उस भारतीय टीम का हिस्सा थीं, जिसने पिछले महीने गुवाहाटी में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में अपना पहला पदक (कांस्य) जीता था।

### नॉर्थ कोस्ट ओपन सेमीफाइनल में हारीं रतिका



**नई दिल्ली।** भारत की रतिका सुथांथिरा सीलान ऑस्ट्रेलिया के कॉफ्स हार्बर में चल रही 6 हजार डॉलर इनामी पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता नॉर्थ कोस्ट ओपन स्क्वाश के महिला एकल के सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त लोजयन गोहारी से हार गईं। तमिलनाडु की रहने वाली सातवीं

डब्ल्यूटीए फाइनल्स

# स्वियातेक ने सीधे सेटों में कीज को आसानी से हराया



**रियाद।** इगा स्वियातेक ने शानदार खेल का नजारा पेश करते हुए डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन मैडिसन कीज को आसानी से सीधे सेटों में हरा दिया। विंबलडन चैंपियन स्वियातेक को विश्व की शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे सत्र के इस अंतिम टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता कीज को 6-1, 6-2 से हराने में एक घंटे से थोड़ा अधिक का समय लगा। कीज इस टूर्नामेंट में सेरेना विलियम्स ग्रुप में हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए अमांडा अनिसिमोवा और एलेना रयबाकिना को हर हाल में हराना होगा। रयबाकिना ने ग्रुप के एक अन्य मैच में अनिसिमोवा को 6-3, 6-1 से हराया। स्टेफी ग्राफ ग्रुप में आर्यना सबालेंका, गत चैंपियन कोको गॉफ, जेसिका पेगुला और जैस्मीन पाओलिनी हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। विजेता के लिए पुरस्कार राशि 52 लाख 35 हजार डॉलर है।


### पेरिस मास्टर्स : सिनर पहुंचे फाइनल में, अब अलियासिमे से खिताबी मुकाबला

पेरिस। विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को आसानी से 6-0, 6-1 से हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया और फिर से नंबर एक रैंकिंग हासिल करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर यदि फाइनल में नौवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को हरा देते हैं तो वह छह बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन कार्लोस अल्काराज की जगह फिर से दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगे। ऑगर अलियासिमे ने इससे पहले ला डिफेंस एरिना में सेमीफाइनल में अलेक्जेंडर बुब्लिक को 7-6 (3), 6-4 से हराया। सिनर ने इनडोर टूर्नामेंट में अपने जीत के सिलसिले को 25 मैचों तक बढ़ा दिया है। उन्होंने गत विजेता ज्वेरेव को लगातार चौथी बार हराकर उन पर 5-4 की बढ़त बना ली है।

# झारखंड के 8 विकेट पर 510 रन मोहन ने लगाया दोहरा शतक

एजेंसी ▶▶ रांची

सलामी बल्लेबाज शिखर मोहन (207 रन) के शानदार दोहरे शतक और विराट सिंह (105 रन) के शतक की मदद से झारखंड ने एलीट ग्रुप ए रणजी ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन नगालैंड के खिलाफ आठ विकेट पर 510 रन का मजबूत स्कोर बनाया। झारखंड ने सुबह दो विकेट पर 91 रन से आगे खेलना शुरू किया। शिखर ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए दोहरी शतकीय पारी के दौरान 21 चौके और तीन छक्के लगाए। साथ ही 20 साल के इस खिलाड़ी ने विराट सिंह (105) के साथ तीसरे विकेट के लिए 251 रन की साझेदारी करके झारखंड को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। विराट के 77वें ओवर में आउट होने के बाद शिखर ने कुमार कुशाग्र (58) के साथ मिलकर 109 रन और जोड़कर नगालैंड के लिए मुश्किलें और बढ़ा दीं। विराट को जोनाथन आर ने आउट किया जबकि शिखर को आखिरकार 95वें ओवर में तहमीन रहमान ने आउट किया। स्टंप तक रॉबिन मिंज (75) और सुशांत मिश्रा (4) क्रीज पर थे।



# पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका से जीती सीरीज, बाबर ने लगाया अर्धशतक

एजेंसी ▶▶ लाहौर

बाबर आजम ने अपने करियर का 37वां अर्धशतक जमाया, जिसकी मदद से पाकिस्तान ने तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को चार विकेट से हराकर श्रृंखला अपने नाम की। पाकिस्तान ने बाबर के 46 गेंदों पर 68 रन की बदौलत 19 ओवर में छह विकेट पर 140 रन बनाकर जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद नौ विकेट पर 139 रन ही बना सका था। दक्षिण अफ्रीका ने रावलपिंडी में पहला मैच 55 रन से जीता था, जिसके बाद पाकिस्तान ने लाहौर में लगातार दो मैचों में जीत के साथ श्रृंखला पर 2-1 से कब्जा किया।

- पाकिस्तान ने अंतिम टी20 में दक्षिण अफ्रीका को 4 विकेट से हराया



## पाकिस्तान ने 14 रन के अंदर गंवाए चार विकेट

बाबर ने अपनी पारी में नौ चौके लगाए। उन्होंने कप्तान सलमान अली आगा (33) के साथ दूसरी विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की, जिससे पाकिस्तान आखिरी ओवरों में 14 रन के अंदर चार विकेट गंवाने के बावजूद जीत हासिल करने में सफल रहा। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की तरफ से रीजा हेंड्रिक्स ने सर्वाधिक 34 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से शाहीन शाह अफरीदी ने तीन जबकि उस्मान तारिक और फहीम अशरफ ने दो दो विकेट लिए। अब इन दोनों टीम के बीच तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी, जिसका पहला मैच मंगलवार को फैसलाबाद में होगा।

टीम इंडिया के नाम जुड़ा यह अनचाहा रिकॉर्ड

# फाइनल में हरमनप्रीत की तकदीर ने नहीं दिया साथ

एजेंसी ▶▶ नवी मुंबई

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच महिला विश्व कप 2025 का फाइनल मुकाबला नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में उतरते ही भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को किस्मत का साथ नहीं मिला है। भारतीय टीम एक बार फिर से इस टूर्नामेंट में टॉस हारी और साउथ अफ्रीका ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। इसी के साथ टीम इंडिया के नाम अब अनचाहा रिकॉर्ड जुड़ गया। महिला वर्ल्ड कप में 43 साल पहले इंग्लैंड की टीम ने एक टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा टॉस गंवाए थे।



## महिला वर्ल्ड कप के एक सीजन में सबसे ज्यादा टॉस हारने वाली टीमें

*इंग्लैंड- 13 में से 9 टॉस हारे, 1982*
*भारत- 9 में से 8 टॉस हारे, 2025*
*भारत- 12 में से 8 टॉस हारे, 1982*
*श्रीलंका- 7 में से सभी 7 टॉस हारे, 2000*
*साउथ अफ्रीका- 9 में से 7 टॉस हारे, 2025*

## 11 वनडे मैचों में से सिर्फ एक में ही जीती हरमन टॉस

अगर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर की बात करें तो उन्होंने पिछले 11 महिला वनडे मैचों में से सिर्फ एक में ही टॉस जीता है। वो मैच इसी टूर्नामेंट में बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी लीग मैच था, जिसमें नतीजा नहीं निकल पाया था और मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था। जबकि टीम इंडिया ने मौजूदा महिला विश्व कप में 9 में से आठ टॉस गंवाए हैं।

# राजस्थान के फलोदी जिले के मतोड़ा क्षेत्र में भीषण हादसा

# ट्रक से टकराई टैंपो ट्रैवलर 15 श्रद्धालुओं की हुई मौत

## पीएम मोदी ने जताया दुख, आर्थिक मदद की घोषणा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**सभी लोग कोलायत मंदिर से दर्शन कर जोधपुर लौट रहे थे**

राजस्थान के फलोदी जिले के मतोड़ा क्षेत्र में रविवार शाम दर्दनाक सड़क हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई। एक टैंपो ट्रैवलर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में पांच ज्यादा गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

हादसे में मारे गए सभी लोग कोलायत मंदिर से दर्शन कर जोधपुर लौट रहे थे। सभी जोधपुर के सूरसागर इलाके के निवासी बताए जा रहे हैं। फलोदी के पुलिस अधीक्षक कुंदन कांवरिया ने हादसे की पुष्टि की है। मरने वालों में 10 महिलाएं चार बच्चे और एक चालक शामिल हैं। वहीं घायलों को मतोड़ा से जोधपुर के एमडीएम अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में एक महिला का नाम फूलवंती बताया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए आर्थिक मदद का ऐलान किया है। मृतकों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए आर्थिक मदद का एलान किया गया है।


ट्रैवलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त


हादसे के बाद भीड़ ने फंसे लोगों को निकाला

प्रधानमंत्री ने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। फलोदी के मतोडा क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों को सभी घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार राजस्थान के फलोदी जिले के मतोड़ा थाना क्षेत्र में ये बड़ी दुर्घटना हुई है। यहां एक टेंपो ट्रैवलर सड़क पर खड़े ट्रक में घुस गया। इस हादसे में लगभग 15 लोगों की मौत हो गई है।

ये सभी लोग कोलायत मंदिर से दर्शन करके जोधपुर लौट रहे थे। बताया जाता है कि सभी मृतक जोधपुर के सूरसागर के रहने वाले थे। इस घटना की खबर मिलते ही जोधपुर पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश मथुरादास माथुर एमडीएम अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित के साथ घायलों के इलाज की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

पुलिस ने मामले में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### प्रदेश में आए दिन हो रहे हादसे

*राजस्थान में जैसे हादसों का प्रदेश बन गया है। एक दिन पहले भी जोधपुर जिले के फलोदी के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 11 पर शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ था। इस हादसे में भी चार लोगों की मौत हो गई थी। भादू रेस्टोरेंट के पास खड़ी मजदूरों से भरी लोडिंग टैक्सी को पीछे से आ रहे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छह महिलाओं और तीन बच्चों सहित 12 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। ग्रामीणों की मदद से घायलों को फलोदी के जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद तीन गंभीर घायलों को जोधपुर रेफर किया गया था।*

# खौलते पानी की बाल्टी में गिरने से ढाई साल के मासूम की मौत

**एटा (उप्र)।** एटा जिले में कोतवाली देहात क्षेत्र के बिजौली गांव में ढाई वर्षीय मासूम बच्चे की खौलते पानी की बाल्टी में गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात जितेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि बच्चा घर के अंदर बिस्तर पर खेल रहा था, तभी पास में रखी गर्म पानी की बाल्टी में जा गिरा। उन्होंने बताया कि परिजनों ने तुरंत बच्चे को एटा के वीरांगना अवंतीबाई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की पहचान मुकेश के आयुष के रूप में हुई है। बच्चे की मां कपड़े धोने के लिए पानी गर्म कर बाल्टी बिस्तर के पास रखी हुई थी। खेलते समय आयुष अचानक उसमें गिर गया।




**कार्तिक पूर्णिमा पर रिकॉर्ड बनने की उम्मीद**

### अयोध्या राम मंदिर में भक्त दर्शन के लिए

# 5 दिनों में सात लाख श्रद्धालुओं ने कर लिए रामलला के दर्शन

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

कार्तिक मेले में रामलला के दर्शन की ललक दिख रही है। पांच दिनों में सात लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए और हर दर्शनार्थी की आंखों में एक ही भाव झलकता रहा, धन्य हुआ जीवन, पा लिए प्रभु के दर्शन।

सुबह से ही राम जन्मभूमि परिसर में दर्शनार्थियों की लंबी कतारें लग जाती हैं। घंटियों की गूंज और जयकारों के स्वर से पूरी नगरी भक्तिरस में सराबोर है। श्रद्धालुओं का उत्साह ऐसा कि देर रात तक दर्शन के लिए जनसैलाब बना रहता है। रामलला के दरबार में जैसे ही श्रद्धालु प्रवेश करते हैं, भक्ति का भाव स्वतः मुखर हो उठता है। क रविवार को भी रामलला के दरबार में श्रद्धालुओं की लंबी कतार रही। राजा राम की दिव्य छवि का दर्शन कर श्रद्धालु निहाल हो रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र के अनुसार, मेले के शुरुआती दिनों में प्रतिदिन लगभग एक से डेढ़ लाख भक्तों ने रामलला के दर्शन किए।


दर्शन करते श्रद्धालु

### घर लौटते वक्त हुआ हादसा

# कोटा में ट्रेन से गिरकर नेशनल तीरंदाज अर्जुन सोनवाले की मौत

एजेंसी ▶▶ कोटा

राजस्थान के कोटा में महाराष्ट्र के रहने वाले राष्ट्रीय स्तर के एक तीरंदाज की कथित तौर पर गिरने के कारण मौत हो गई, यह हादसा कोटा जंक्शन पर हुआ है। पुलिस के अनुसार, नासिक निवासी अर्जुन सोनवाले (20) पंजाब के बठिंडा में एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद अपने साथियों और कोच के साथ घर लौट रहे थे। जीआरपी ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ शकूर बस्ती-मुंबई सेंट्रल एसी स्पेशल ट्रेन से महाराष्ट्र जा रहे थे। रात करीब साढ़े आठ बजे कोटा जंक्शन पर ठहराव के लिए जब ट्रेन की गति धीमी हो रही थी, अर्जुन कुछ अन्य लोगों के साथ खाना खाने के लिए दूसरे डिब्बे में जाने के वास्ते बी4 डिब्बे के गेट पर खड़े थे, तभी वह गलती से फिसल गए और प्लेटफॉर्म के बीच के अंतराल में गिर गए।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचित महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930